सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 09.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-218 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 30 जनवरी 2025
29 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



महाकुंभ

## मौनी अमावस्या पर दूसरा शाही स्नान

# छह करोड़ से अधिक लोगों ने किया संगम स्नान



- अखाड़ों के साधु, संतों, नागाओं और श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई
- श्रद्धालुओं ने भी जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए
- भगदड़ के कारण तय समय से दस घंटे बाद पहुंचे संगम

**प्रयागराज।** सावन-भादों की बाढ़ में उफनाती नदियों की लहरें जैसे समुद्र में मिलने के लिए आतुर हों, उसी तरह बुधवार की पौ फटने से पहले संगम जाने वाले हर मार्गों पर आस्था का जन सागर उफनाने लगा। शाम चार बजे तक छह करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। रात 12 बजे के बाद मौनी अमावस्या की डुबकी लगनी शुरू हो गई थी।

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान बुधवार को नए शिखर पर पहुंच गया। मौनी अमावस्या को शाम 4 बजे तक करीब 5.71 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इसके साथ ही, महाकुम्भ में अब तक करीब 20 करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया है। महाकुम्भ 2025 के दूसरे अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर बुधवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे अखाड़ों के साधु, संतों, नागाओं और श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भी जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए।



वहीं देर रात हुई भगदड़ के कारण तय समय से करीब दस घंटे बाद नागा साधुओं का जत्था संगम पर पहुंचा है। सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़ा के साधु संतों और नागा साधुओं का दल स्नान करने संगम पहुंचा है। स्नान के दौरान हेलीकाप्टर से फूलो की बारिश भी कराई गई। भगदड़ के कारण सुबह अमृत स्नान को रद्द करने की घोषणा अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र गिरि ने की थी। लेकिन सीएम योगी से बातचीत और व्यवस्थाओं के ठीक होने पर अमृत स्नान करने का फैसला हुआ। इसके बाद प्रशासन से मिले शेड्यूल के अनुसार अखाड़ों का जत्था स्नान के लिए पहुंच रहा है। नागा साधुओं के अमृत स्नान की यात्रा के दौरान हमेशा बड़ी संख्या में श्रद्धालु दोनों तरफ दिखाई देते थे। इस बार भगदड़ के कारण वह दृश्य देखने को नहीं मिल रहा है। दोनों तरफ केवल पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान दिखाई दे रहे हैं। पहले अखाड़ों का स्नान भोर में पांच बजे से शुरू होना था। इससे कुछ घंटे पहले मची भगदड़ और उसमें हुई मौतों के कारण स्नान टल गया। पहले तो इसे रद्द करने की ही घोषणा हो गई थी। इसके बाद मेला अधिकारी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत के बाद अखाड़ों ने स्नान का ऐलान कर दिया।

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़, 30 श्रद्धालुओं की मौत

- बैरिकेड्स टूटने की वजह से हुई भगदड़
- 60 लोग घायल
- मेला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर
- 29 जनवरी को नहीं था कोई वीआईपी मूवमेंट





**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में भगदड़ को लेकर महाकुंभ नगर मेला क्षेत्र प्रशासन ने आधिकारिक आंकड़े जारी किए हैं। जिसमें बताया गया है कि मंगलवार की रात को मची भगदड़ में 30 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। साथ ही 60 लोग घायल हुए हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बैरिकेड्स टूटने की वजह से भगदड़ हुई। प्रशासन इसे ही अहम वजह बता रहा है।

डीआईजी ने बताया कि महाकुंभ में कल रात 1 से 2 बजे के बीच भगदड़ हुई। जिसमें घायल हुए 90 लोगों को अस्पताल लगाया गया। इनमें से 30 लोगों ने दम तोड़ दिया। जिसमें से 25 लोगों की शिनाख्त हो गई है। हादसे में जान गंवाने वालों में कर्नाटक के चार, गुजरात के एक, असम के एक श्रद्धालु की मौत हुई है। शेष की पहचान की जानी बाकी है। 60 लोग घायल हैं। कुछ घायलों को परिवार वाले लेकर चले गए। इसके अलावा 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। भगदड़ के बाद राहत और बचाव कार्य करते हुए ग्रीन कोरिडोर बनाया गया था। डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ के समय संगम पर जो लोग लेटे हुए थे, उनके ऊपर भीड़ चढ़ गई। आज 29 जनवरी को शासन से सख्त निर्देश थे कि कोई वीआईपी मूवमेंट नहीं रहेगा। जो भी मुख्य स्नान पर्व हैं उस पर कोई वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। भगदड़ से जुड़ी जानकारी साझा कर रहे डीआईजी वैभव कृष्ण ने मीडिया के सवालों के उत्तर नहीं दिए और उन्होंने कहा कि हमें लोगों को उनके घरों तक पहुंचाना, हाथ जोड़कर निवेदन है कि हमारा सहयोग कीजिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है, जिससे कोई व्यक्ति अगर गायब है तो उसके संबंध में जानकारी की जा सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि इस समय स्थिति सामान्य है। मुख्यमंत्री द्वारा सभी पूज्यनीय महामंडलेश्वर, संतों और अखाड़ों से वार्ता कर आग्रह किया गया कि अमृत स्नान थोड़ी देर से किया जाए। सभी संतों ने इस बात को माना और आज अमृत स्नान थोड़ी देर से हुआ। जोकि सकुशल संपन्न हुआ है।

## हादसे की होगी न्यायिक जांच



- तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर सौंपेगी रिपोर्ट
- 25 लाख रुपये का मिलेगा मुआवजा

**लखनऊ।** महाकुंभ में बीती रात हुए 30 श्रद्धालुओं की मौत की घटना की जांच न्यायिक आयोग करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग से जांच कराने का आदेश दिया है। साथ ही, मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया कराने का निर्देश भी दिया है। इस दौरान सीएम योगी भावुक भी हो गए। वहीं तमाम व्यवस्था के बावजूद घटना होने की वजह से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार को बृहस्पतिवार को प्रयागराज जाने का निर्देश दिया गया है। दोनों अधिकारी घटना के कारणों की समीक्षा करेंगे और अपनी रिपोर्ट सीएम को सौंपेंगे। वहीं घटना के बारे में सीएम ने कहा कि यह दुखद और मर्माहत करने वाली है। उन सभी परिजनों के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। हम लोग रात से ही लगातार मेला प्राधिकरण, प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के संपर्क में हैं। फिर भी अन्य जितनी भी व्यवस्थाएं हो सकती थीं, उन सबको वहां तैनात किया गया था।

## अफवाहों पर ध्यान न दें : मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** महाकुंभ में हुई भगदड़ के बाद मुख्यमंत्री योगी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह संगम नोज जाने के बजाय निकट के घाट पर स्नान कर लें। सीएम योगी ने कहा है कि स्नान के लिए कई घाट बनाए गए हैं। लोग वहां स्नान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रशासन के नियमों का ध्यान रखें और किसी प्रकार की अफवाह में न आएं। मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ और भगदड़ की घटना के चलते सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान न करने का एलान किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि श्रद्धालुगण मां गंगा के जिस भी घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। स्नानार्थियों के लिए कई घाट बनाए गये हैं, जहां सुविधाजनक रूप से स्नान किया जा सकता है। उन्होंने सभी से मेला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। सीएम योगी ने सभी से अपील की है कि वह किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें।

## नौ भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी सऊदी अरब के जीजान में एक सड़क दुर्घटना में नौ भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। दूतावास ने कहा कि वह पूरी सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों तथा पीड़ित परिवारों के संपर्क में है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि वह दुर्घटना और जानमाल के नुकसान के बारे में जानकर दुखी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत से बात की, जो संबंधित परिवारों के संपर्क में हैं। वह इस दुखद स्थिति में पूरा समर्थन दे रहे हैं। दूतावास ने एक्स पर कहा हम सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में जीजान के पास एक सड़क दुर्घटना में नौ भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं। जेद्दा स्थित भारतीय का महावाणिज्य दूतावास पूरी सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों तथा परिवारों के संपर्क में है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र से 2019 के मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम का उल्लंघन कर पत्नी को 'तीन बार तलाक' कह कर संबंध विच्छेद करने के मामले में पुरुषों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों और आरोपपत्रों की संख्या के बारे में जानकारी देने को कहा। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 12 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र और अन्य पक्षों से याचिकाओं पर अपने लिखित अभ्यावेदन दाखिल करने को भी कहा। पीठ ने याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 17 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में निर्धारित की। कोझिकोड स्थित मुस्लिम संगठन 'समस्त केरल जमीयत उल उलेमा' इस मामले में मुख्य याचिकाकर्ता है।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया एलान

# 16,300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को मंजूरी

मोदी कैबिनेट

- इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 1.69 रुपये बढ़ाने की मिली सहमति
- कैबिनेट के फैसले से पहले चीनी कंपनियों के शेयरों में दिखा एक्शन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रीमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसका एलान किया। इसके साथ ही कैबिनेट ने सी श्रेणी के भारी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 56.28 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को भी मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से निर्धारित इथेनॉल की कीमतें 2022-23 इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (नवंबर-अक्तूबर) के बाद से नहीं बढ़ाई गई थी। गन्ने के रस, बी-हैवी गुड़ और सी-हैवी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की वर्तमान दरें क्रमशः 65.61 रुपये, 60.73 रुपये और 56.28 रुपये प्रति लीटर हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इस वर्ष 31 अक्तूबर को समाप्त होने वाली 2024-25 अवधि के लिए इथेनॉल की कीमतों का एलान किया। सी श्रेणी के भारी गुड़ से प्राप्त इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 1.69 रुपये बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को मंजूरी दी गई। बी श्रेणी के भारी गुड़ और गन्ना रस/चीनी/चीनी सिरप से उत्पादित इथेनॉल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। इनकी कीमतें क्रमशः 60.73 रुपये प्रति लीटर और 65.61 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रखी गई। इथेनॉल की कीमतें बढ़ाने का फैसला आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने ली। इसकी जानकारी देते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2024-25 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को मंजूरी दी गई है। सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य भी 2030 से घटाकर इथेनॉल वर्ष 2025-26 कर दिया है।

## वक्फ विधेयक : जेपीसी ने स्वीकारा संशोधित विधेयक और मसौदा रिपोर्ट

- सांसदों को असहमति दर्ज कराने के लिए दिया वक्त

**नई दिल्ली।** संसद की संयुक्त समिति ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक की रिपोर्ट और प्रस्तावित कानून के संशोधित संस्करण को बहुमत से पारित कर दिया। इस विधेयक को 15-11 मतों से मंजूरी मिली। मंजूरी मिलने के बाद विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक की आलोचना की है और इसे असंवैधानिक बताया। उनका कहना है कि यह विधेयक सरकार को मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार देता है, जिससे वक्फ बोर्ड का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। हालांकि समिति ने सांसदों को अपनी असहमति दर्ज कराने के लिए शाम 4 बजे तक का समय दिया गया है। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि विधेयक में किए गए कई संशोधनों ने विपक्ष की चिंताओं का समाधान किया है। उनका कहना था कि जब यह विधेयक पारित होगा, तो वक्फ बोर्ड को अपने काम को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से करने में मदद मिलेगी।

## सीएम सैनी ने यमुना नदी का पानी पिया

**नई दिल्ली।** यमुना में बढ़े अमोनिया को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली से सटे पल्ला गांव में यमुना नदी से पानी को पिया। इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि अपने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए अरविंद केजरीवाल ने विवादित बयान दिया। आज मैं यहां यमुना नदी के तट पर आया हूं और यमुना से पानी का एक घूंट पिया है।















अवधनामा



# कलेक्ट्रेट में हुई आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका विषयक कार्यशाला

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट में ''आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका'' विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई, जिसका नारी सशक्तिकरण के फील्ड में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त थारू जनजाति की आरती राना व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि देश, प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में आपदा के वक्त महिला को फ्रंट रनर माना गया है। समूह की महिलाए प्रशिक्षित होने पर विपदा से निपटने, निजात पाने और उसकी क्षति को न्यूनतम करने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने में सक्षम



साबित होगी। प्रशिक्षण पाने के उपरांत मास्टर ट्रेनर बनकर यह महिलाएं कम से कम 50-50 महिलाओं को आपदा से बचाव के लिए ट्रैंड करेंगी डीएम ने कहा कि आपदा जोखिम प्रबंधन हेतु महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व को प्रोत्साहित करना जरूरी है। किसी भी आपदा के दौरान बच्चे, वृद्ध व अस्वस्थ व्यक्ति तथा महिलाएं सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। महिलाओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण देकर समुदाय के सर्वाधिक संवेदनशील समूह को जागरूक, सुरक्षित बनाया जा सकता है।विभिन्न सत्रों के जरिए जो कुछ सिखाया, बताया जा रहा है, उसको अपने जीवन में उतारे तभी इस कार्यशाला का उद्देश्य पूरा होगा एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न आपदाओं के प्रकार, कारण तथा संवेदनशीलता से स्वयं सहायता समूहों को अवगत कराना है। समुदाय की अंतिम इकाई तक आपदाओं के संबंध में जागरूकता फैलाना है। आपदाओं की रोकथाम, शमन की तैयारी तथा आपदा के समय ''क्या करें व क्या न करें'' के संबंध में महिलाओं को जानकारी प्रदान करना है। आपदा पूर्व तैयारी, आपदा के दौरान किए जाने वाले कार्य तथा आपदा के पश्चात पुनर्वास में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को रेखांकित करना इत्यादि है आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रशिक्षक राज नारायण वर्मा ने महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को आग, भूकंप, बाढ़ और दूसरी आपदा के दौरान बचाव करने के तरीके सिखाए। आपदा में घायल हुए लोगों को प्राथमिक उपचार करने की ट्रेनिंग भी दी।कार्यशाला की शुरुआत में एसडीएम अमिता यादव ने कार्यशाला की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताई। आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों, गतिविधियों के कुशल संचालन में महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में प्रशिक्षित करते हुए सम्पूर्ण समुदाय को जागरूक व प्रशिक्षित कर विभिन्न आपदाओं से होने वाली जन-धन एवं पर्यावरण की हानियों को न्यूनतम किया जा सकता है कार्यशाला में प्रशिक्षण के उपरांत हुए असेसमेंट में प्रश्नोत्तरी में सही जवाब और बेहतरीन परफॉर्मेंस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एडीएम संजय कुमार सिंह ने रमियाबेहड से आकांक्षी स्वयं सहायता समूह की बीनू कुमारी, कुम्भी से सरस्वती स्वयं सहायता समूह की प्रेमवती, बाकेगंज से जय मा वैणो देवी प्रेरणा समूह की सीमा देवी, मोहम्मदी से अली प्रेरणा की रंगोली, महक प्रेरणा की बुशरा, मितौली से कल्पना प्रेरणा की कल्पना देवी, पलिया से सीता प्रेरणा की मोनिका, बेहजम से जिन्दबाबा समूह की फरजाना बानो, रमियाबेहड से सानवी प्रेरणा की सरस्वती कुमारी और फूलबेहड़ से विजय प्रेरणा समूह की श्रीमती सूफी को 01-01 हजार की चेक प्रदान किए।

# गैस टैंकर की श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से आमने-सामने की हुई टक्कर, एक बुजुर्ग श्रद्धालु की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी मार्ग पर भीकमपुर नहर पुल के निकट तेज रफ्तार इंडेन गैस टैंकर की श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे टैंकर पलट गया, जबकि ट्रैक्टर ट्रॉली पलटते हुए गहरी खंदक में जा गिरी। हादसे में एक बुजुर्गश्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। एक गंभीर घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर भीखमपुर पुलिस पिकेट के सिपाही पहुंच गए। घायलों को निजी वाहन से भेजा गया। बाद में पहुंचे मितौली और हैदराबाद पुलिस बल ने मौजूद भीड़ को टैंकर के पास से हटाया भीखमपुर क्षेत्र के ग्राम पचपेड़वा से तमाम श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली से मौनी अमावस्या पर टेढ़ेनाथ धाम जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदी की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार गैस टैंकर सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया, जिससे ट्रैक्टर का कुंडा टूट गया। ट्रैक्टर ट्रॉली आठ फीट गहरे खंदक में जा गिरा। ट्रैक्टर पर बैठे पचपेड़वा निवासी कैलाश मिश्रा महात्मा 60 वर्ष की मौत हो गई। सौरभ वाजपेयी 28 वर्ष निवासी लखीमपुर गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा रामहेत 35 वर्ष, रोहिणी देवी 22 वर्ष, सुभाषिनी देवी 50 वर्ष, अंजलि देवी 17 वर्ष, गायत्री देवी 35 वर्ष, रिंकी देवी 32 वर्ष, डुग्गू 5 वर्ष, सार्थक 5 वर्ष, शिवांगी देवी 18, मोना देवी 20 वर्ष, दिव्यांशी देवी 22 वर्ष व नितिन 22 वर्ष भी घायल हुए हैं। मौके पर एंबुलेंस के नहीं पहुंच पाने के कारण सभी को निजी वाहन से मितौली भेजा गया, जबकि गंभीर घायल सौरभ वाजपेयी को 112 से जिला अस्पताल भेजा गया पचपेड़वा से मौके पर पहुंचे मृतक कैलाश के भतीजे विपिन कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक उनके सगे चाचा थे। हादसे के बाद मौके पर मितौली, हैदराबाद और नीमगांव के थानाध्यक्ष पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। गैस रिसाव न हो इसलिए मौजूद भीड़ को टैंकर से 500 मीटर दूर कर दिया। टैंकर को हटाने के लिए क्रेन बुलाई गई है हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। टैंकर को हटाने के प्रयास शुरू कर दिए। ग्रामीणों की मदद से ट्रॉली के नीचे दबे कुछ श्रद्धालुओं को बाहर निकाला गया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस द्वारा अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र शिवकरन नि0 ग्राम जम्हौरा थाना नीमगांव जनपद खीरी को 01 चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 26/25 धारा 317(2) ब्न्हस् पजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मौनी अमावस्या पर जिले की नदियों के घाटों पर बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु

**लखीमपुर-खीरी।** मौनी अमावस्या पर खीरी जिले की नदियों के घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। बुधवार सुबह छह बजे से ही लोग घाटों पर पहुंचने लगे थे। उन्होंने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया। मैगलगंज क्षेत्र के पौराणिक तीर्थ स्थल मढ़िया घाट के गोमती नदी के तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। भक्तों ने गोमती नदी में स्नान करने के बाद पौराणिक मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा पलिया और धौरहरा क्षेत्र में शारदा व घाघरा नदियों में भी श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। रमियाबेहड़ इलाके के रामनगर बगहा में सरयू नदी के घाट पर हजारों की संख्या में लोगों ने स्नान किया। साथ ही पूजा-अर्चना करके दान-पुण्य किया। मौनी अमावस्या के अवसर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर में भी भोलेनाथ के दर्शन-पूजन को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हुए सात फेरे बाद दुल्हन पक्ष का दुल्हन को दूल्हे के साथ भेजने से इंकार

**आगरा।** कहने को तो शादी सात जन्मों का बंधन है परन्तु आज कल कुछ शादियां सात दिन भी नहीं चल रही। ऐसे ही एक मामले में पुलिस भी हैरान रह गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में सात फेरे लेने के बाद भी दूल्हे को अपनी दुल्हन नहीं मिल पाई है। दूल्हा जब पुलिस के पास पहुंचा है और शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी अनुसार मामला थाना खंदौली क्षेत्र का है। यहां मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में एक शादी हुई। थाना ट्रांस यमुना कॉलोनी के वीरापुरम में रहने वाले लोकेश और लक्ष्मी की शादी 24 जनवरी को हुई थी। दोनों परिवारों ने इसके बाद 26 जनवरी को घर पर भी विवाह करने का फैसला किया था। लेकिन जब दूल्हा बारात लेकर दूल्हन के गांव लेका गांव सराय दाय रूपा पहुंचा तो दूल्हन पक्ष के लोगों ने दोबारा शादी से मना कर दिया बल्कि ये भी कहा कि अब वो दुल्हन को उसके साथ विदा नहीं करेंगे। ये सुनकर बारातियों के होश उड़ गए। जहां लड़की के चाचा का आरोप है कि वर पक्ष ने उनसे अपनी जाति छुपाई है तो वही वहीं दूल्हे की मां ने इस आरोप को झूठा बताया है और लड़की पक्ष के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

## विभिन्न मांगों को लेकर व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर उनका समाधान कराये जाने की मांग की।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी जिलाध्यक्ष जयवीर राणा के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां जिला अध्यक्ष जयवीर राणा ने 60 साल से ऊपर के व्यापारियों के लिए 3000 प्रति माह पेंशन योजना लागू करने, प्रदेश में व्यापारी के स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर करने, कामर्शियल विद्युत दरों को घरेलू विद्युत दरों के बराबर करने, व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर दिए जाने, व्यापारी कांस्टीट्यूएंसी का सृजन करने, विधान परिषद में व्यापारियों का स्थान आरक्षित करने तथा विधान परिषद में कम से कम 5 सीट व्यापारियों के लिए आरक्षित करने और किसान भवन की भांति व्यापार भवन लखनऊ के अंदर बनाने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री राजकुमार अरोड़ा, जिला महामंत्री सुशील काम्बोज, जिला कोषाध्यक्ष अमित मदान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज मदनूकी, युवा जिला अध्यक्ष जोली प्रजापति, युवा जिला महामंत्री दिव्य लोक त्यागी, पंकज शर्मा, राहुल शर्मा, अतुल शर्मा, राजू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## भारतीय जाली मुद्रा चलाने के मामले में इनामी अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने भारतीय जाली मुद्रा प्रयोग करने के मामले में दस हजार रूपये के ईनामी वांछित बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी की निशानदेही पर 7 हजार रूपये की भारतीय जाली मुद्रा बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह, निरीक्षक कंवर पाल सिंह व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान भारतीय जाली मुद्रा प्रयोग के मामले में एक वांछित व दस हजार रूपये के ईनामी बदमाश अजय कुमार पुत्र रमेश चन्द्र निवासी कमला नगर निकट रविदास आश्रम कस्बा व थाना फरूकपुर हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से सात हजार रूपये की भारतीय जाली मुद्रा बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी एचएन सिंह ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी अजय ने बताया कि उसे व उसके भाई को एक महिला पंजाब से नकली नोट लाकर देती थी, जिसका नाम, पता वह नहीं जानता है। महिला से नकली नोट लेकर सहारनपुर में अपने साथी के साथ मिलकर सप्लाई करते थे।

## पशु चोरी के आरोप में अभियुक्त को भेजा जेल

**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने पशु चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। कोतवाली रामपुर मनिहारान प्रभारी संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 9 नवंबर को वादी अमित पुत्र श्याम थाना रामपुर मनिहारान की तहरीर पर सन्नी पुत्र दौलत राम निवासी खुर्द जनता रोड जनकपुरी व नितिन पुत्र राजेश कुमार निवासी जगरौली थाना रामपुर मनिहारान व एक अन्य अभियुक्त के खिलाफ वादी की गाय चोरी कर ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व महिला उपनिरीक्षक दीक्षा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव जगरौली से एक नामजद आरोपी विशाल पुत्र राजेश कुमार निवासी जगरौली थाना रामपुर मनिहारान को गिरफ्तार कर लिया।

# हत्या की घटना का खुलासा कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना देवबन्द कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचकर हत्या की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारो से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् दिवस वादी असलम पुत्र जहूर अहमद निवासी ग्राम लबकरी थाना देवबन्द की तहरीर पर अरशद पुत्र शरीफ, अलीशान पुत्र अरशद निवासीगण ग्राम लबकरी थाना देवबन्द व तलहार उर्फ तल्हा पुत्र शहजाद निवासी ग्राम छुटमलपुर थाना फ्तेहपुर के खिलाफ वादी के पुत्र अनस की बाईक का पहिया अरशद को लगने पर देख लेने की धमकी तथा वादी के घर में घुसकर गाली गलौच करते हुए वादी व वादी के पुत्र अनस पर जान से मारने की नियत से चाकुओं से वार करने तथा बीच बचाव करने आये वादी के भतीजे मोहसिन के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट करने तथा वादी के लड़के अनस की उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय मौत हो जाने की सूचना पर वांछित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज देवबंद कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर, उपनिरीक्षक रविन्द्र कसाना, अमित कुमार, केपी सिंह ने भायला रोड पर स्थित नये रेलवे अंडर पास के समीप से तीनों वांछित आरोपियों अरशद, अलीशान, तलहार उर्फ तल्हा को दबोचकर उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सील्ड गोदाम का किया निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सील्ड मासिक निरीक्षण के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में बने गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सील्ड गोदाम सुव्यस्थित पाये गये।

अवगत कराना है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के तहत ईवीएम एवं वीवीपेट के रखाव के दृष्टिगत सील्ड गोदाम का मासिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी रजनीश कुमार मिश्र समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड से राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनने का किया



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पायस एजुकेशनल ग्रुप द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान में स्काउट एंड गाइड के तीन दिवसीय शिविर में स्काउट गाइड से राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनने का आह्वान किया गया। गागलहेड़ी स्थित पीजी पॉयल इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर का शुभारंभ थाना अध्यक्ष सुरेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित एवं स्काउट एंड गाइड के ध्वज को फहरा कर किया। उन्होंने शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ ही राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनको संकट के समय संयम से काम लेने की सीख दी। प्रबंधक पंकज गर्ग ने प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को स्काउट एवं गाइड के संबंध में बताते हुए कहा कि स्काउट एंड गाइड से जुड़ाव हमारे व्यक्तित्व को निखारने के साथ ही मानवता अनुशासन और देश सेवा की भावना को जागृत करने का काम करता है। प्रशिक्षण शिविर में उत्तर प्रदेश से आये राज्य सचिव मनोज सिंधी ने बच्चों को स्काउट एंड गाइड के नियम ध्वज फहराना, शिष्टाचार, सिटी संकेत, खोज आदि गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया। शिविर का संचालन प्रधानाचार्य मनोज यादव ने किया। शिविर में प्रशिक्षक गौरव कुमार, अक्षय, तुकाराम, पाटील, राजकुमार चक्रे, जगदीश भंडारे ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर पारुल सचदेवा, छवि, नेहा, रुचि, ईशानी, डोली, मीनाक्षी, बबली यादव, कुलदीप कुमार, मनीष, समद व शोभित आदि उपस्थित रहे।

## नवागत मण्डलायुक्त अटल राय का किया स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल से जुडे व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा व प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता के नेतृत्व में नवनियुक्त मंडलायुक्त अटल कुमार राय से मुलाकात कर व्यापारी समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका समाधान कराने की मांग की।

पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल से जुडे व्यापारी प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा व प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता के नेतृत्व में मण्डलायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मण्डलायुक्त को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। मण्डलायुक्त ने व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर व्यापारियों ने नवनियुक्त मंडलायुक्त श्री राय को अंग वस्त्र पहनाकर व बुकें देकर अभिनंदन किया। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, युवा महानगर अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, हाजी शमशेर, प्रवीण जग्गा, वीरेंद्र गुप्ता, राहुल कुमार, सुनील कश्यप, सुनील काम्बोज, अजय कुमार, विनोद वर्मा, सरदार गोविंद सिंह, राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## फर्जी दस्तावेज और फर्जी मालिक, हो गया करोड़ों की जमीन का सौदा, 4 गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** हाथरस के एक प्रॉपर्टी डीलर ने आगरा की भोले बाबा डेयरी के मालिक की जमीन को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया। शिकायत पर हरीपर्वत थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि भोले बाबा डेयरी के मालिक हरिशंकर द्वारा हरीपर्वत थाने में शिकायत की गई थी कि वह नेहरू नगर में रहते हैं। उनकी जमीन मथुरा जिले की फरह तहसील में है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए में है। उनके नाम से फर्जी दस्तावेज बनाकर उनकी यह जमीन बेच दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की और अब हरिशंकर निवासी हाथरस, सचिन, ओम प्रकाश और आशीष निवासी हाथरस को गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में सामने आया है कि सचिन पूरा फर्जीवाड़ा कर रहा था। उसने मजदूरी करने वाले हरिशंकर को तीन से पांच करोड़ रुपये देने का लालच दिया था। सचिन ने ही मजदूर हरिशंकर को फर्जी तरीके से जमीन का मालिक बना दिया। इस फर्जीवाड़े के लिए लिए उसका आधार कार्ड, फर्जी दस्तावेज के माध्यम से आधार सेवा केंद्र के कर्मचारी आशीष की मदद से अपडेट करा दिया। इसके बाद पैन कार्ड बनवाकर जमीन का एग्रीमेंट सचिन के नाम तैयार कर दिया।

इस समूचे फर्जीवाड़े में हाथरस का शिक्षक ओमप्रकाश गिरोह की रुपयों से मदद कर रहा था। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर हरीपर्वत आलोक कुमार सिंह, एसआई योगेश कुमार, हरेंद्र कुमार, शत्रुघ्न सिंह आदि शामिल हैं। डीसीपी सिटी के द्वारा टीम को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की गई है।

## आगरा में कार से लौट रहे मां-बेटे को बदमाशों ने लूटा, 1 लूटेरे को लोगों ने पकड़ा, 2 फरार

**आगरा।** थाना बाह क्षेत्र के अंतर्गत छदामीमठ गोपाल जी ईट भट्ठे के पास गाड़ी में सवार होकर घर लौटते मां-बेटे को पल्सर सवार तीन बदमाशों ने सरेराह और दिनदहाड़े लूट लिया। बदमाश सोने की चेन और झुमकी लूट ले गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने एक बदमाश को दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई है। चौरंगाहार गांव निवासी पारस पुत्र बदन सिंह ने ने बाह स्थित केनरा बैंक शाखा में अपने जेवरात (सोने की जंजीर और झुमकी) गिरवी रखकर 65 हजार का कर्ज लिया था। बुधवार को दोपहर बदन सिंह केनरा बैंक में पहुंचे और बैंक का लोन अदा कर गिरवी रखे अपने जेवरात छुड़ा लिए। सोने की चेन और झुमकी को अपनी ईको गाड़ी के डैस बोर्ड में रखा और घर के लिए रवाना हो गए। बदन सिंह की मां भी उनके साथ थीं। रास्ते में छदामी मठ गोपाल जी ईट भट्ठे के पास पीछे आई काली पल्सर पर सवार तीन बदमाशों ने ईको गाड़ी को रोक लिया। गाड़ी चला रहे युवक से मारपीट करते हुए गाड़ी के डैश बोर्ड में रखे जेवरात (सोने की जंजीर और झुमकी) लूट ली। इधर मां-बेटे के शोरगुल को सुनकर राहगीर रुक गए और मोके से भागते भागते बदमाशों में से एक को दबोच लिया। दो अन्य बदमाश लूटे गए जेवरात के साथ पल्सर पर सवार भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पकड़े गए बदमाश को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ कर पुलिस दोनों अन्य लुटेरों की तलाश करने में जुट गई है। माना जा रहा है कि बदमाश बैंक से ही मां-बेटे के पीछे लग गए थे। शायद उन्हें मालूम था कि ईको गाड़ी में जेवरात रखे हुए हैं।

# सपाईयों ने महाकुंभ हादसे के मृतकों को दी भावभीनी श्रंद्धाजलि राज्य सरकार से मृतक आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा एवं घायलों को उचित उपचार दिलाये जाने की मांग की तथा मोमबत्तियां जलाकर मृतको को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्थानीय अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में समाजवादी पार्टी महानगर विधानसभा प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा और समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर विजेश कुमार शर्मा ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अच्छी व्यवस्था न किए जाने के कारण पहले आगजनी हुई और इस बार मौनी अमावस्या पर्व के स्नान पर भगदड़ मच गई जिसमें कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और कई घायल हो गए। जो सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बड़े-बड़े दावे कर रहे थे कि इस बार महाकुंभ ऐतिहासिक होगा, लेकिन उनके दावे पूरी तरह खोखले साबित हुए है। प्रदेश कार्यकारी सदस्य फैसल सलमानी व विशेष आमंत्रित सदस्य रतन सिंह यादव ने कहा कि सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने व्यवस्था को लेकर सरकार को चेताया था, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने एक बार भी उसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि घटना के लिए सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। घटना में मृतकों के आश्रितों उचित मुआवजा मिले तथा घायलों को समुचित उपचार दिलाया जाये।




इस दौरान महानगर महासचिव राजीव अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष काशिफ अल्वी ने घटना पर दुख जताया। इस अवसर पर मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहजाद माजरा, वेदपाल पटनी, हसीन कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# देश के अमर शहीदों की याद में कवि सम्मेलन और मुशायरा अतुलनीय : रीतेश मिश्रा

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** अवधनामा के तत्वावधान में आयोजित कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन अस्करगंज में आयोजित हुआ। मौका था देश के अमर शहीदों की याद में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में कवियों और शायरों के

**अवधनामा के कवि सम्मेलन व मुशायरा में देशभक्ति से ओत-प्रोत अशआर पर गोता लगाते रहे लोग**

एक-एक अशआर ने लोगों को वाह-वाह करने पर मजबूर कर दिया। इस कवि सम्मेलन व मुशायरा में शहर की मायनाज शख्सियतों के अलावा गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित टीम को आमंत्रित किया गया था। गोता लगाते रहे। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रीतेश मिश्रा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रिंस पांडेय, पुस्तकालय मंत्री विनय सिंह एवं कार्यकारणी सदस्य राजीव पाण्डेय शामिल होकर कार्यक्रम को स्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्रा ने कहा कि देश के अमर शहीदों की याद में कवि सम्मेलन और मुशायरा कराना अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि अवधनामा के इस प्रयास की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक मनव्वर अब्बास रिजवी ने सभी शायरों, कवियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम सभी के आशीर्वाद और स्नेह से सम्पन्न होता है। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों को अंग वस्त्र, माल्यार्पण व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उस्ताद शायर बेताब हल्लौरी, दरगाह मुबारक खां शहीद दरगाह के अध्यक्ष इकरार अहमद, पार्षद जियाउल इस्लाम, सैयद शहाब अहमद, हाजी कलीम अहमद फरजंद, मुर्तजा हुसैन रहमानी, कंचन त्रिपाठी, शिवानी भूषण, हसन रिजवी, फैयाज अहमद, पार्षद गुफरान समद, कवि महेश श्रीवास्तव, निर्भय निनाद, मृत्युंजय उपाध्याय, सरिता सिंह, निखिल पाण्डेय, अब्दुल्लाह जामी, इरफान सिद्दीकी, सुभाष गुप्ता, दुर्गेश यादव, महेंद्र तिवारी, फिरोज खान, अहमद मुमताज, नेहाल, याकूब, शारिक, साजू, अनस चौधरी, शेखू नवाब, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक हेतु स्वास्थ्य विभाग ने भरे सैंपल

**उरई (जालौन)।** मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्थानो पर छापामारी कर खाद्य पदार्थो के नमूने लिए गए। जिलाधिकारी जालौन के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेत्वृत में जनपद की तहसीलों में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कर निम्नलिखित कार्यवाही करते हुये दूध, दुग्ध पदार्थो एवं अन्य खाद्य पदार्थो के नमूनें संग्रहीत किये गये। गगन डेयरी मदनेपुर कुठौन्द के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के 02 नमूनें व भोलेबाबा डेयरी कुठौन्द के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के 02 नमूनें एवं राधे डेयरी मदनेपुर कुठौन्द के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का सैंपल भरा गया। माधौगढ़ स्थित माँ जालौन देवी के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ धनिया पाउडर का नमूना संग्रहित किया गया।

## डीएम ने नुमाइश की तैयारियों को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी ने 2 फरवरी से प्रस्तावित अलीगढ़ की राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को नुमाइश मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम कृष्णांजलि नाट्यशाला का निरीक्षण कर उसकी साज-सज्जा, लाइट एवं साउण्ड व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधूरी तैयारियां पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी कार्य समय से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने दरबार हॉल में लगाए जाने वाले पुस्तक मेले को और अधिक भव्य एवं सार्थक बनाने के लिए बीएसए को निर्देशित किया कि नए लेखकों एवं ज्ञानवर्धक साहित्य को इसमें प्राथमिकता दी जाए। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण नुमाइश परिसर के भ्रमण के उपरांत कोहिनूर मंच का रूख किया, वहां पर रंगाई-पुताई एवं अन्य कार्य होते हुए मिले। जिस उन्होंने प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी एवं एडीएम सिटी को निर्देशित किया कि सभी मंचों को साज-सज्जा एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा ली जाएं। उन्होंने कृषि कक्ष की तैयारियों के संबंध में उप कृषि निदेशक यशराज सिंह एवं उद्योग कक्ष के संबंध में प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बृजेश यादव से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि कृषि से संबंधित विभागों से समन्वय कर सभी स्टॉल्स एवं दुकानों को समय से लगाना सुनिश्चित करें।

## केवी ग्रुप के डायरेक्टर अनुराग मिश्रा ने बुके देकर नवागंतुक जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत चनदुइया के प्रधानपति व प्रबंधक शास्त्री इंटर कॉलेज चन्दुइया व प्रबंधक महासभा के जिला सचिव एवं के0वी0 ग्रुप के डायरेक्टर ईट भट्ठो के व्यवसाई प्रमुख समाजसेवी अनुराग मिश्रा ने नवागंतुक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को बुके देकर शिष्यचर भेंट की इस मौके पर पूर्व प्रधान किसान ईट भट्ठा स्वामी राजीव सिंह यादव मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर ने दारापुर एवं कटिया में पीडीए की संपन्न हुई पंचायत को संबोधित किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद की सुरक्षित192-कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में पीडीए जगरूकता चौपाल का आयोजन बिराहिमपुर जागीर सेक्टर के ग्राम दारापुर मे अनेग सिंह के प्रबंधन मे संपन्न हुआ इसके अलावा ग्राम पंचायत कटिया सेक्टर में डॉ कृपाल सिंह जाटव, धर्मेन्द्र जाटव के प्रबंधन में पीडीए पंचायत हुई। दोनों सभाओं को सपा के पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव एवं सपा के पूर्व राज्यमंत्री सर्वेश अम्बेडकर प्रभारी कायमगंज विधानसभा ने सम्बोधित कर पीडीए समाज को मजबूत करने पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर अशोक अंबेडकर अनेक से डॉक्टर कृपाल सिंह यादव धर्मेंद्र सिंह जाटव के अलावा भारी तादाद में लोग उपस्थित रहे।

## आधार कार्ड बनाने के नाम पर चल रही अवैध वसूली

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आधार कार्ड में संशोधन के नाम पर फतेहगढ़




डॉक घर में अवैध वसूली चल रही है आवेदकों ने मामले में शिकायत की पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आधार कार्ड संशोधन का फॉर्म सौ रुपये में बेचा जा रहा है जबकि सरकार द्वारा फार्म में कोई शुल्क नहीं देने का आदेश दिया गया था। वहीं दूसरी तरफ आधार संशोधन की फीस पचास रुपए रखी गई थी मगर फतेहगढ़ डाक घर में पांच सौ रूपये तक वसूले जा रहे हैं नया आधार कार्ड बनवाने के लिए कोई फीस नहीं रखी गई है। उसपर पांच सौ रूपये की वसूली की जा रही है मामले में विभाग के अधिकारी में शामिल होने की चर्चाएं है कुछ आवेदकों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि फतेहगढ़ डॉक घर में आधार कार्ड बनवाने के नाम से जो वसूली होती है उसका शाम को बंटवारा किया जाता है जो आवेदक रुपये देने में असमर्थ होते हैं उनके आधार संशोधन को लम्बे समय तक लटका कर रखा जाता है।

**कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या**

**शुद्धि पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या के पत्रांक :- 856/ज0क0वि0न0नि0 अयो0/ ई-निविदा/2024-25 दिनाक :- 25/01/2025 में द्वितीय ई-निविदा सूचना पत्र के कालम नं. 05 जमानत धनराशि 82,900.00 की जगह त्रुटिवश 182,900.00 रूपये छप गया है। अतः जमानत धनराशि 82,900.00 रूपये समझा जाए।

**महाप्रबन्धक (जल)**
**नगर निगम अयोध्या**

**अपर नगर आयुक्त**
**नगर निगम अयोध्या**

**कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज जनपद- अयोध्या**

पत्रांक- 520/न0पं0गो0/2023-2024 दिनांक 29.0.1.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत गोशाईगंज में पी0एम0 स्वानिधि योजना के अन्तर्गत सामाजिक आर्थिक रूप रेखा (Socio Economic Profiling of PM SVANidhi Beneficaries) की प्रोफाइलिंग कार्य हेतु कार्य में दक्ष संस्था/फर्मो से ऑफ लाईन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदायें दिनांक 07/02/2025 को इस कार्यालय में समय 3:00 बजे आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिकारी द्वारा नगर पंचायत गोशाईगंज में खोली जायेगी एवं निविदा प्रपत्र सूचना प्रकाशन के 06/02/2025 तक से नगर पंचायत गोशाईगंज में निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य सामग्री का विवरण | धनराशि जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क जी.एस.टी. सहित | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत गोशाईगंज के अन्तर्गत पी0एम0 स्वानिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, अवास अन्य सम्पत्ति स्वास्थ्य योजनाओं से आच्छादन विकलांगता की स्थिति, शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचनाओं 430000.00 का सर्वे कार्य- IEC Activities like installatation of hordings banners etc. Moblizatation of vendors. Imparting of Training to data Collectors Payment to data Collectors Local Transport. Any other E&penditure related to the programme.etc. | 430000.00 | 8600.00 | 531.00 | 1 माह |

**निविदा हेतु शर्ते :-**

1 - सशर्त/कटिंग/ओवरराइटिंग निविदा मान्य नही होगी और स्वतः निरस्त समझी जायेगी। 2-रू0 10 के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निविदादाताओं का न तो कोई आपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है। 3- उपरोक्त कार्य को कराये जाने हेतु दक्ष संस्था को अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। 4- स्वीकृत निविदादाता को अनुबंध के समय उपरोक्त कार्य हेतु 08 प्रतिशत धरोहर धनराशि, एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गोशाईगंज के पदनाम से बन्धक करनी अनिवार्य होगी। 5- अनुबन्धं हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर पर करना अनिवार्य होगा। 6- सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समक्ष अधिकारी नगर पंचायत गोशाईगंज के पास सुरक्षित होगा। 7- भविष्य में न्यायालय के आदेशों के क्रम में अतिरिक्तं स्टाम्प पेपर फर्म/ठेकेदार द्वारा देय होगा। 8-भुगतान हेतु प्रेषित बिल से नियमानुसार करो की कटौरियों के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। 9-शासन/निदेशालय द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

## महाकुंभ में हुई मौतें दुःखद कांग्रेस ने की प्रार्थना सभा

**बस्ती।** महाकुंभ में मची भगदड़ से हुई मौतों से आहत कांग्रेसियों ने कुआनो नदी के अमहट घाट पर प्रार्थना सभा की। मृतकों व घायलों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कहा महाकुंभ की घटना हृदयविदारक है। अनके परिवारों ने स्वजनों को खोया है। ईश्वर उन्हे दुख की इस घड़ी में साहस प्रदान करें जिससे वे अवसाद से बाहर आ पायें। उन्होने महाकुंभ की घटना को अव्यवस्था का परिणाम बताया। इसके लिये शासन प्रशासन जिम्मेदार है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा यह राजनीति का विषय नही है। लेकिन जब भी चर्चा होगी ये सामने आयेगा कि महाकुंभ के आयोजन में शुरू से ही वीआईपी की जी हुजरी की जा रही है। आम जन की बुनियादी जरूरतों का ध्यान नही रखा गया। जनता के पैसे से इतना बड़ा आयोजन किया गया और जनता के लिये शौचालय, यूरिनल, टेंट और सुरक्षा के इंतजाम नही किये गये।

# माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में भाषण, क्विज तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी फर्रुखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में दिनांक 29 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत विभिन्न जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएँ आयोजित करायी गयी।

तीनों प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए जनपद के विभिन्न विद्यालयों से छात्र, छात्राएं जिनका चयन विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार हेतु चयन किया गया था ने प्रतिभाग किया। जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के भाषण प्रतियोगिता में क्विज 24, क्विज प्रतियोगिता में 23 तथा पोस्टर प्रतियोगिता में 34 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रुखाबाद नरेंद्र पाल सिंह के आदेशानुसार म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट के गिरिजाशंकर को माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय भाषण, क्विज तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन कराये जाने हेतु जनपदीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। प्रतियोगिता का उद्घाटन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। भाषण हेतु निर्णायक की भूमिका आर पी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह ने तथा प्रवक्ता सोनी कटियार ने निभायी। क्विज प्रतियोगिता हेतु निर्णायक आदेश गंगवार, प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ तथा सरिता त्रिवेदी रहे जबकि पोस्टर प्रतियोगिता हेतु निर्णायक संतोष कुमार सरोज, कला अध्यापक मोहनलाल शुक्ला इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद,व निरुक्त मिश्रा कला अध्यापक एम आई सी फतेहगढ़ रहे।

## पत्रकार महेश वर्मा के पुत्र अमन वर्मा को यूट्यूब द्वारा गोल्डन बटन दिए जाने पर परिजनों में खुशी की लहर

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ से प्रकाशित लोहिया भूमि हिंदी



दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार महेश वर्मा के पुत्र अमन वर्मा को यूट्यूब द्वारा सोमवार को गोल्डन बटन मिला। इस पर परिजनों मैं खुशी की लहर दौड़ गई। शुभचिंतकों, ईष्ट मित्रों, मेहमानों एवं क्षेत्रीय जनता में परिजनों द्वारा मिष्ठान वितरित किया गया तथा लोगों द्वारा पत्रकार के पुत्र को बधाई देने वालों का उनके आवास पर तांता लगा हुआ है। शमशाबाद कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला दलमीरखा निवासी पत्रकार महेश वर्मा के पुत्र पवन वर्मा को यूट्यूब द्वारा सोमवार को गोल्डन बटन मिला। इस पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों द्वारा ईस्ट मित्रों, मेहमानों, शुभचिंतकों, एवं क्षेत्रीय जनता में वितरित किया गया। लोगों द्वारा पत्रकार के पुत्र को गोल्डन बटन मिलने की खुशी में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अमन वर्मा ने यूट्यूब पर अपना चैनल बनाया जिस पर वीडियो डालकर काफी मेहनत की आखिर उसकी मेहनत रंग लाई। और यूट्यूब द्वारा उन्हें गोल्डन बटन पुरस्कार के रूप मे नवाजा गया। यह पुरस्कार 10 लाख सब्सक्राइब होने पर मिलता है। उनके चैनल की लोकप्रियता बढ़ाने की जानकारी जब उनके पिता को हुई तो उन्हें खुशी का ठिकाना ना रहा। क्षेत्र में यह खबर आज की तरह फैल गई।

## मलिहाबाद में समाजवादी पीडीए जन चर्चा चौपाल में उमड़ा जन सैलाब



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भाजपा की संविधान विरोधी सोच के खिलाफ एवं पीडीए के हक और अधिकारों की रक्षा हेतु प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा पीडीए चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को विधानसभा क्षेत्र मलिहाबाद के सेक्टर महमूदनगर ढाल के प्रभारी रिजवान खान व कार्यक्रम की प्रभारी विजयश्री गौतम के द्वारा महमूदनगर ढाल गांव में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत व संचालन विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य व महासचिव पन्नालाल रावत ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश सचिव रूप नारायण यादव, पूर्व मंत्री इंसराम अली, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान,विधानसभा अध्यक्ष सरोजनीनगर चंद्रशेखर यादव,जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, निवर्तमान प्रत्याशी सोनू कनौजिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख खुदादाद खान, पूर्व प्रत्याशी राजबाला रावत, राज्जनलाल यादव, राम नारायण रावत, दशरथ यादव, सांसद प्रतिनिधि बचान यादव, शायन अख्तर अल्वी, मोहम्मद इब्राहिम मंसूरी, लाला रमीज खान,असर्फी लाल गौतम, मेहनाज खान, मुईन खान, अरशद हुसैन, चांद खान, इशाक गाजी, सहकारी संघ लिमिटेड काकोरी सभापति केशरी राव धारा सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

न्याय मा.सिविल जज सीडि सहारनपुर (प्रकीर्ण वाद सं 267 /2024) मुकेश कुमार शर्मा एड. पुत्र स्व.कैप्टन ओमप्रकाश शर्मा नि.ग्राम रणदेवा.नकुड ज़ि.सहारनपुर आवेदक.. बनाम..1.श्रीमती प्रकाशी देवी पत्नि स्व. कैप्टन ओमप्रकाश शर्मा 2.संजय कुमार शर्मा पुत्र स्व.कैप्टन ओमप्रकाश शर्मा नि.ग्राम रणदेवा तह.नकुड, सहारनपुर। 3.श्रीमती मीना शर्मा पत्नि श्री अनिल शर्मा पुत्री स्व. कैप्टन ओमप्रकाश शर्मा नि.म.नं. 672. टाईप ,2 बी.एच.ई.एल.रानीपुर, हरिद्वार 4.श्रीमती सुषमा पत्नि संजय कुमार शर्मा नि.702, बडा गाँव,करनाल ज़ि.करनाल 5.आम जनता हरगाह मुसम्मा मुकेश कुमार ने हुसूल सर्टीफिकेट वसूल जर रू0... किफायत द्वारा दरख्वास्त मुतावफफा कैप्टन ओमप्रकाश शर्मा ने अपने वसूजिब ऐक्ट 7 सन 1889 बकैद रू..... हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है दि.14 .2 .25 वास्ते समात मुकर्रर हुई है यदि किसी को कोई उज़र हो असालतन या वकालतन 10 बजे दिन न्याय.में हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे दरसूरत इंकजाए तारीख उज़र किसी का ना सुना जाएगा हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर**

**सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री शिव शक्ति सेवा समिति, ग्राम घिरपड़ी पोस्ट जडौदा पाण्डा तह.रामपुर मनिहारान, जि.सहारनपुर के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है समिति प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है:-1. सतीश अध्यक्ष 2.सुभाष उपाध्यक्ष 3.मोहित कुमार सचिव 4. अमित कुमार उपसचिव 5. सुरेन्द्र पाल त्यागी कोषाध्यक्ष 6. सुनील सदस्य 7. राजीव सदस्य 8.अभिषेक त्यागी सदस्य 9. प्रभात कुमार सदस्य 10. श्री मांगेराम सदस्य 11. श्री जोगिन्द्र कुमार सदस्य 12.ब्रिज मोहन सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है।यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीश के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की गई।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय) सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स,**

**सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है उमर मस्जिद समिति, ग्राम शंकलापुरी तहसील व जिला-सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/ सदस्य है:-1. श्री आलिम अध्यक्ष 2. श्री खुर्शीद उपाध्यक्ष 3. श्री महमूद सचिव 4. श्री गुलबहार उपसचिव 5. श्री शारूख कोषाध्यक्ष 6. श्री सलमान सदस्य 7. श्री इस्लाम सदस्य 8. श्री मासूक सदस्य 9. श्री शेर अली सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मस्जिद के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मस्जिद के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की गई।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय) सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, सहास्तपुर।**

**कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

पत्रांक : 518/न0पं0गो0/वर्ष-2024-25 दिनांक : 29.01.2025

नगर पंचायत गोशाईगंज में नामान्तरण के लिये निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्रम सं. | भवन संख्या एवं वर्ष | पूर्व में दर्ज भूमि/भवन स्वामी का खारिज होने वाला नाम | दर्ज होने वाला नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | **मोहल्ला कटरा** | | |
| 1 | भवन सं0 95-2024 | श्रीमती चम्पा देवी पत्नी राम बरन गुप्ता | श्री जगदम्बा प्रसाद, पुत्र व स्व0 राम बरन | वरासत |
| 2 | 317 -2024 | श्री भगौती प्रसाद पुत्र राम लाल | श्री दिलीप कुमार व ममता गुप्ता पुत्र व पुत्री स्व0 भगौती प्रसाद | वसीयत |
| 3 | गाटा सं0. 1292 | श्री शंकर सुमन सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह | श्रीमती राज कुमारी पत्नी श्री राम प्रकाश | बैनामा (नया भवन) |
| 4 | गाटा सं0 1289 व 1290 | श्री शंकर सुमन सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह | श्री शंकर सुमन सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह | नक्सा स्वीकृति |
| 5 | गाटा सं0 1156 | श्री पंकज सिंह पुत्र सरदार सिंह | श्री अशरफ अली पुत्र नबाव अली | नक्सा स्वीकृति |
| 6 | गाटा सं0 1156 | श्रीमती बबिता जायसवाल पत्नी श्री दिनेश कुमार जायसवाल | श्री अशरफ अली पुत्र अख्तर अली | नक्सा स्वीकृति |
| | | **मोहल्ला गोशाईगंज** | | |
| 7 | भवन सं0 656 -2024 | श्रीमती चन्द्रावती जायसवाल पत्नी राम अचल | श्री राम तीरथ आदि पुत्रगण स्व0 राम | वरासत |
| 8 | भवन सं0 536-2024 | श्री दीप चन्द्र पुत्र राम कृष्ण | श्री दीप चन्द्र पुत्र राम कृष्ण | नक्सा स्वीकृति |
| 9 | गाटा सं0 1225 | अराविद अली उर्फ श्री आविद अली पुत्र सिददीक | श्रीमती अनीशा खातुन पत्नी श्री कुन्नू | नक्सा स्वीकृति |
| | | **मोहल्ला तेलियागढ** | | |
| 10 | गाटा सं0 1249 | श्री त्रिभुवन प्रसाद पुत्र सच्चिदानन्द | श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 त्रिभुवन प्रसाद | वरासत (नया भवन) |
| 11 | गाटा सं0 1245/3 | श्री आशाराम पुत्र दरगाही | श्री आशाराम पुत्र दरगाही | नक्सा स्वीकृति |
| 12 | भवन सं0 383-2024 | श्री मो0 यासीन पुत्र स्व0 अब्दुल हक | श्रीमती मेहरून निशां पत्नी श्री आबिद अली | बैनामा |
| 13 | भवन सं0 401-2024 | श्री राम अचल पुत्र राम पियारे | श्री राम तीरथ आदि पुत्रगण स्व0 राम अचल | वरासत |
| 14 | भवन सं0 149-2024 | श्री सुरेश माली पुत्र राम भरोस | श्रीमती चम्पा देवी पत्नी स्व0 सुरेश आदि | वरासत |
| 15 | भवन सं0 595 - 2024 | श्री मो0 जलील पुत्र मो0 युसूफ | श्री मो0 रजा पुत्र स्व0 मो0 जलील | वरासत |
| 16 | भवन सं0 73 व 84-2024 | श्री साधू राम पुत्र राम खेलावन | श्री भोलानाथ व नन्द कुमार पुत्र स्व0 साधूराम | वरासत |

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

## बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला शिक्षको का प्रतिनिधि मंडल, बताई समस्याएं

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्र एवम जिला मंत्री नरेश निरजन के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला और जिले के शिक्षको की समस्यायो के बारे में अवगत कराते हुए अबिलम्ब हल करने के लिए कहा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि ऑनलाइन कार्य की शुरुआत होने के बाद कुछ विषयों पर पोर्टल नही चल रहा है। जिसके कारण चयन बेतन मान, प्रतिकूल प्रविष्टि जीपीएफ फंड बेतन अबरुद्ध बहाली नही हो रही है, बेतन कटौती भी ऑनलाइन मानव सम्पदा पर प्रदर्शित नही हो रही है, जिससे शिक्षको में असंतोष ब्याप्त है। बीच सत्र में कुछ विद्यालय में छात्र संख्या कम होने के कारण रसोइया हटाने के निर्देश दिए जा रहे है।जिससे प्रधान अध्यापक समस्यायो से जूझ रहा है।

इस समस्याओ का हल किया जाए। अध्यापिकाओं के द्वारा सीसीएल में खंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा अग्रसारित होने के बाद जिला स्तर पर निरस्त किया जा रहा है। जिससे जनपद की शिक्षकाये परेशान है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव में घर-घर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे है, सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहनीः सुदर्शन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहा कि अयोध्या मिल्कीपुर उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन व भारी मतों से विजय बनाने के लिए अम्बेडकर वाहनी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी घर घर जाकर मिल्कीपुर की जनता से गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटा रहे है श्री सुदर्शन ने कहाकि मिल्कीपुर उपचुनाव में गठबंधन उम्मीदवार को जनता भारी मतों से जिताने जा रही है,सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के कार्यकर्ता दिनरात बाबा साहब के संविधान और उनके विचारो को जनता तक लेकर पहुंच रहे है। इस बार भी मिल्कीपुर की जनता उपचुनाव में गठबंधन उम्मीदवार अजीत प्रसाद का समर्थन करते हुए भारी बहुमत से चुनाव जीता रही है।

## व्यापारियों ने कोतवाल को किया सम्मानित

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** व्यापारियों ने कोतवाल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल के नेतृत्व में जलालपुर कोतवाली पहुंचकर व्यापारियों ने कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक योगेन्द्र विक्रम सिंह,सिपाही रोहित सिंह को चित्र भेंट कर अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। व्यापारी सप्रिय गोयल ने बताया कि बीते दिवस चौबीस जनवरी को मेरे दुकान गोयल साड़ी सेंटर जलालपुर नगर से चोरी हुई थी। इसकी सूचना कोतवाली जलालपुर में दी थी। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने तत्परता दिखाते हुए अपनी टीम के साथ में चोरी की रकम बरामद कर दी। चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया।

**सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मॉ शाकुम्बरी देवी व श्री गोगावीर म्हाड़ी सेवा समिति, ग्राम व पोस्ट राजूपुर तहसील-देवबन्द, जिला-सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है:-1. ईश्वर पाल अध्यक्ष 2. ओम प्रकाश उपाध्यक्ष 3. प्रमोद कुमार सचिव 4. प्रेमचंद उपसचिव 5.अखिलेश कुमार कोषाध्यक्ष 6. सोनल कुमार ऑडिटर 7. इलमचन्द सदस्य 8. मंगल सैन सदस्य 9. रमेश सदस्य 10. श्री सुन्दर सदस्य 11. धर्मेन्द्र कुमार सदस्य 12. बबलू कुमार सदस्य के रूप में दर्शाए गये है यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीश के विरूद्ध किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की गई।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय) सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, सहारनपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम नाज़िश जबीं (NAZISH JABIN) पत्नी जमशेद अहमद पोस्टजगनपुर फैजाबाद जिला अयोध्या की निवासी है पासपोर्ट में गलती वस नाज़िश ज़बीं हो गया है। भविष्य में मुझे नाज़िश जबी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम मो. उमर था जिसको बदलकर उमर खान रख लिया है अब मेरे पुत्र को उमर खान के नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

**कौसर फातिमा पत्नी मो0 हन्ज़ला खान 387 मिल्लत नगर, अराजी बाग पोस्ट - सदर थाना - कोतवाली जिला - आजमगढ़।**

# मौनी अमावस्या पर अयोध्या में दिखा आस्था का महासागर

## 72 घंटे में अयोध्या पहुंचे लाखों श्रद्धालु



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मौनी अमावस्या पर अयोध्या में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा। मौन रहकर भोर में ही श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान किया। इसके बाद श्रीराम के जयकारों से अयोध्या धाम गुंजायमान हो गया। देर शाम तक अयोध्या श्रद्धालुओं से पटी नजर आई। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी के बाहर देर रात तक। श्रद्धालु कतारबद्ध दिखे। जानकारों का कहना है कि पिछले 72 घन्टे में 50 लाख से भी अधिक श्रद्धालु राम नगरी पहुंच चुके हैं। आने वाली वसंत पंचमी तक श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी रहेगा।

प्रयागराज के महाकुम्भ की भीड़ का रेला अब अयोध्या की तरफ बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले से ही ऐसी संभावना जताते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया था, जिसके बाद सभी विभागों के प्रमुख सचिवों ने जिले के अधिकारियों के साथ भीड़ प्रबंधन को लेकर तमाम बंदोबस्त कर लिए थे। नतीजा यह रहा कि बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु दर्शन-पूजन करने के बाद लौट जा रहे हैं। सीएम योगी ग्राउंड जीरो से अयोध्या पर नजर बनाए हुए हैं।

**राम मंदिर और हनुमानगढ़ी पर सर्वाधिक भीड़**

मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू के घाटों पर डुबकी लगाई। वहीं चौधरी चरण सिंह घाट पर स्नान करते दिखे श्रद्धालु। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सीधे मंन्दिरों का रुख किया। श्रद्धालु सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंच रहे हैं। इसके बाद रामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए श्रृंगार हाट से लेकर मंदिर परिसर तक भारी भीड़ जमा है। यही हाल राम मंदिर का भी है।

**व्यापार में इजाफा, कारोबारियों को मुनाफा**

अयोध्या धाम में भीड़ बढ़ने के बाद व्यापार में जबरदस्त इजाफा हुआ है। लड्डू प्रसाद कारोबारियों से लेकर होटल कारोबारियों को मुनाफा भी हो रहा है। होम स्टे संचालकों को भी निकल पड़ी है।

**सुरक्षा व सेहत के पुख्ता इंतजाम, मार्ग किये परिवर्तित**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेहत का ख्याल रखने के लिए विशेष इंतजाम किये गए हैं। अयोध्या धाम में पहुंची भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग भी मुस्तैद हो गया है। वसंत पंचमी तक के लिए सभी चिकित्सकों की छुट्टियां रद कर 24 घन्टे आकस्मिक सेवाओं को चालू रखने का निर्देश दिया गया है। सीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि 13 जगहों पर आस्थायी स्वास्थ्य शिविर का संचालन 26 फरवरी तक जारी रहेगा। वहीं आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि भीड़ को देखते हुए यातायात डायवर्ट किया गया है। हाईवे पर बड़े वाहनों को रोका गया है।

**अब 30 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के इंतजाम**

भारी भीड़ को देखते हुए अयोध्या धाम के आश्रय स्थलों में ठहरने वालों की संख्या बढ़ा दी गई है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने का इंतजाम किया गया है।

**एडीजी जोन ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर भी बुधवार को तैयारियों के मद्देनजर अयोध्या पहुंच गए। स्नान के दौरान पहुंच रहे श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ डीआईजी देवी पाटन मंडल अमित पाठक भी मौजूद रहे। वहीं मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार ने कंट्रोल रूम से प्रमुख स्थलों का जायजा लिया।

**दिन के बाद रात में भी अफसर कर रहे भ्रमण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जिले के अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के लिए दिन रात एक कर दिया है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर व नगर आयुक्त संतोष शर्मा दिन के अलावा रात में भी मेला क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं।

## दर्शनार्थियों ने कहा: थैंक्यू अयोध्या पुलिस

**अयोध्या।** महाराष्ट्र के नागपुर से आए श्रद्धालु विवेक राखे अपने परिवार के साथ 27 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन के लिए पहुंचे। दर्शन के बाद जब वे अपने रुकने के स्थान पर वापस लौटने लगे, तो उन्हें अपने गेस्ट हाउस का नाम और स्थान याद नहीं रहा। उनके पास वहां का कोई मोबाइल नंबर भी नहीं था।कई घंटे की खोजबीन के बाद रात लगभग 11 बजे वे अयोध्या के लक्ष्मण घाट पुलिस चौकी पहुंचे, जहां सिपाही नीतेश कुमार ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने तुरंत चौकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने विवेक राखे और उनके परिवार से पूरी जानकारी ली, लेकिन वे गेस्ट हाउस का नाम बताने में असमर्थ थे। परिवार के पास गेस्ट हाउस में रखा एक मोबाइल नंबर था, जिसे पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से ट्रैक किया। प्राप्त लोकेशन के आधार पर चौकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी ने एक व्यक्ति को अपनी बाइक पर बैठाया और बताए गए स्थान की ओर रवाना हुए।

# अयोध्या को जल्द मिलेगा रामायण विश्वविद्यालय, निर्माण कार्य में तेज़ी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामायण के आदर्शों और भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों को एक आधुनिक शिक्षा प्रणाली में पिरोने का महत्वाकांक्षी परियोजना अब अपने अंतिम चरण में है। महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, और इसके 2025 में शैक्षणिक सत्र शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक धरोहर और प्राचीन शिक्षा पद्धतियों को एक आधुनिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करना है। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर में कई भवन बन चुके हैं और कुछ का फिनिशिंग कार्य अभी चल रहा है। विश्वविद्यालय के भवनों को रामायण के प्रमुख पात्रों के नाम पर रखा जाएगा, ताकि यह परिसर अपनी सांस्कृतिक और पौराणिक पहचान को और प्रगाढ़ कर सके।यह विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति, वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग और धर्मशास्त्र के विषयों के अलावा आधुनिक विषयों का भी समावेश करेगा। यहां क्क स्स्क्क क्रस्., क्रष्टश्वद्ग., रूष्टश्वद्ग. जैसे पारंपरिक और आधुनिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ तकनीकी और गैर-तकनीकी पाठ्यक्रमों का अध्ययन भी होगा। यह छात्रों को एक व्यापक शिक्षा का अवसर प्रदान करेगा, जिसमें वे भारतीय और पश्चिमी ज्ञान परंपराओं का समग्र अध्ययन कर सकेंगे। महर्षि संस्थान के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य को गति दी जा रही है, और यह विश्वास जताया जा रहा है कि यह परियोजना अयोध्या के विकास को और नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।

## आयुर्वेद जड़ से दूर करता है बीमारी : डॉ0 विजय आनंद



**अहमदपुर, बाराबंकी।** आयुष आपके द्वार के तहत जनपद बाराबंकी के तहसील रामसनेही घाट अंतर्गत ग्राम पंचायत छंदवल के ग्राम ककरहा में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों को संबंधित बीमारियों की औषधियां वितरित की गई। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 वीनम यादव के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय उद्धौली द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में चिकित्सा प्रभारी आयुर्वेदिक चिकित्सालय उधौली डॉ0 विजय आनंद कनौजिया ने बताया सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष आपके द्वार व पोषण माह सितंबर के तहत लोगों को उनकी बीमारियों के अनुसार निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की जाती है व उन्हें योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ रहने के मंत्र बताए जाते है। प्राचीन काल से ही आयुर्वेद से तमाम बड़े रोगों को ठीक किया जाता रहा है व इससे बीमारियां जड़ से समाप्त हो जाती है। इस मौके पर समाजसेवी राजकुमार यादव ने सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि गांव के लोगों तक निशुल्क आयुर्वेद दवाईयां व बीमारियों के बारे में बताया जा रहा है जो कि बहुत सराहनीय है। इससे महिलाओं और बुजुर्गों को बेहतर सुविधा मिल रही है। शिविर में लगभग 60 रोगियों को औषधियां वितरित की गई जिसमें मुख्य रूप से पेट संबंधी, घुटनों में दर्द, दाद खाज, जुकाम, बुखार की औषधियां दी गई। इस अवसर पर शिविर में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय उधौली स्टाफ उमाशंकर दीक्षित (लालजी), प्रकाश यादव, सचिन, विश्वनाथ रावत, रक्तमित्र आशीष सिंह व राकेश कुमार सहित तमाम ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# महाकुंभ के भगदड़ में मृतक श्रद्धालुओं को हिन्दू महासभा ने श्रद्धांजलि अर्पित की

## हिन्दू महासभा का शिष्ट मंडल अब 12 फरवरी को महाकुंभ में अमृत स्नान करेगा : राकेश दत्त मिश्र

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 28 और 29 जनवरी की मध्यरात्रि संगम तट पर मची भगदड़ में अनेक श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि बहुत से श्रद्धालु घायल हो गए हैं। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने मृतक श्रद्धालुओं की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए सभी मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्माओं की कामना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने महाकुंभ में प्रवास कर रहे राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा से फोन पर संपूर्ण घटना की जानकारी प्राप्त की।हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह दुर्घटना दुखद है। उन्होंने मृतक श्रद्धालुओं के परिजनों को सांत्वना देते हुए ईश्वर से उन्हें यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। हिन्दू महासभा अयोध्या के जिलाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी ने भी मृतक श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सभी मृतक श्रद्धालुओं के निकटतम परिजनों को पचास पचास लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि दुर्घटना का मूल कारण अर्धरात्रि में संगम तट पर अधिक भीड़ का एकत्र होना है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु संगम तट पर अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने की लालसा लिए महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से संगम के अतिरिक्त निर्मित अन्य घाट पर स्नान कर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अन्य घाटों पर भी अमृत स्नान से संगम घाट पर अमृत स्नान के समान है एवं पुण्य अर्जित होता है.राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसी दुर्घटना की पुनरावृति को रोकने के लिए मौनी अमावस्या स्नान और श्रद्धालुओं के प्रयागराज में प्रवेश को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुपालन में हिन्दू महासभा का एक फरवरी को प्रयागराज के लिए प्रस्थान करने वाले शिष्टमंडल का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

अब हिन्दू महासभा का शिष्ट मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में 11 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ के लिए प्रस्थान करेगा और 12 फरवरी को त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान कर हिन्दू राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेगा।12 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचने वाले शिष्टमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री सत्येंद्र झा, राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता, दिल्ली के पूर्व महामंत्री संजय भदौरिया, हिन्दू महिला सभा की सीमा गुप्ता, सुशीला द्विवेदी सहित अनेक पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं।

## रेलवे की जमीन से खोदी जा रही मिट्टी, अधिकारी अनजान

**रामनगर बाराबंकी।** तीसरी रेल लाइन बनवाने के लिए रेल ठेकेदार नदी किनारे ही रेलवे विभाग की मिट्टी खुदवा रहा है जिससे रेलवे बाँध को बाढ़ के समय खतरा हो सकता है।मिट्टी रेलवे बाँध व रेल लाइन के बीच खोदी जा रही है जो नियम कानून के लिहाज से गलत मानी जा रही है।

केसरीपुर से घाघरा पुल तक रेल लाइन के किनारे तीसरी लाइन बन रही है जिसके लिए मिट्टी रेलवे की जमीन से खुद कर आ रही है।मिट्टी ऐसी जगह खोदी जा रही है जंहा पूर्वी उत्तरी सिरे पर रेलवे का बाँध बना है व दक्षिणी सिरे पर रेल लाइन निकली है। यह बाँध गणेशपुर से होकर बाहर बाहर लोहटी जई के किनारे होते घाघरा पुल तक आया है । मिट्टी खनन वाले स्थान पर सरयू नदी जब बढ़ती है तो घूम कर पानी यंहा आकर इस बाँध में ठोकर मारता है।2023 में इसमें रिसाव हुआ था तो बाढ़ कार्य खंड बाराबंकी ने आनन फानन सही कराया था। यंहा मिट्टी गहरी खुदवाना सुरक्षा के लिहाज से सही नहीं माना जा रहा मगर हजारों डमफर मिट्टी यंहा से खुद चुकी है और लगातार खुदना जारी है ।यंही कुछ दूर नदी पर तीसरा पुल बन रहा है जंहा गाटर डाले जा रहे।कोठियों तक जाने के लिए नदी के अंदर खनन कर रास्ता बनाया जा रहा जब कि मिट्टी बाहर से लानी चाहिए। नदी में इधर उधर खनन बाढ़ के समय क्षति पंहुचा कर नदी के बहाव की दिशा बदल देता जिससे कटान बढ़ती है ।इस पर रेलवे इंजीनियर भी ध्यान नहीं दे रहे।एन जी टी से लेकर मिट्टी खनन के नियमों की अवहेलना कर ठेकेदार अपना हित साध रहे हैं और रेल विभाग चुप्पी साधे है। निर्माण कार्य से जुड़े जिम्मेदारान अफसर की भी मिली भगत लग रही हैं। कई जगह गोंडा से बुढ़वल रेल लाइन किनारे की ही मिट्टी खोद कर तीसरी लाइन के लिए पाटी गई है।इस संबंध में पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम लखनऊ से जब जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उनकी जानकारी में नहीं है ।पता कर जाँच की जाएगी।

## आईपीएल ने किया 43.11 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** आईपीएल चीनी मिल सिसवा ने वर्तमान सत्र का अब तक 43.11 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। मिल के यूनिट हेड संदीप पंवार, गन्ना प्रबंधक धीरज सिंह व उपप्रबंधक विकेंद्र राणा ने संयुक्त रूप से बताया कि मिल द्वारा सत्र 2024-25 में 09 जनवरी से 18 जनवरी तक खरीदे गए 2 लाख 15 हजार कुंतल गन्ने का मूल्य 7 करोड़ 95 लाख 31 हज़ार रुपए सहित कुल मूल्य 43 करोड़ 11 लाख 66 हज़ार रुपए का भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया गया है। अधिकारियों ने किसानों से आग्रह किया है कि चीनी मिल को साफ-सुथरा, जड़ रहित व ताजा गन्ना सप्लाई करें।

## विधवा महिलाओं को कंबल वितरित किया गया



**महराजगंज।** जनपद महराजगंज के तहसील नौतनवा ब्लाक रतनपुर के ग्राम सभा सोनपिपरी में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की तरफ से विकलांग और विधवा महिलाओं को ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज मणि त्रिपाठी, मण्डल प्रभारी सगीर खान नौतनवा तहसील के उपाध्यक्ष गुड्डू सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं सैकड़ों ग्रामीण के साथ साथ उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ नौतनवा मौजूद रहे।

# ठूंठीबारी कोतवाली पुलिस ने दो के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में किया कार्रवाई

## डीएम के अनुमोदन पर दर्ज हुआ केस

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज )।** डीएम महाराजगंज के अनुमोदन के बाद कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी में संलिप्त दो अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई किया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ बाइक चोरी के विभिन्न मुकदमें दर्ज हैं।

प्रभारी प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि जितेन्द्र साहनी पुत्र तुफानी उर्फ लाठी निवासी ग्राम चैनपुर थाना कोठीभार और कृष्णा उर्फ छोटू कुशवाहा पुत्र मान कुशवाहा ग्राम शेषपुर थाना कोठीभार के विरुद्ध गिरोहबंद अपराध करने के मुकदमें दर्ज है।इनका एक सुसंगठित आपराधिक गिरोह है जिसका जितेन्द्र साहनी गैंग लीडर है। दोनो का गैंग चार्ट तैयार कर अनुमोदन के लिए डीएम को भेजा गया था। इस क्रम में दोनों अपराधियों द्वारा पूर्व में किए गए अपराध की पुष्टि भी की गई है। दोनों अपराधी बाइक चोरी जैसे गंभीर अपराध भिन्न-भिन्न समय पर घुम फिर कर किया जाता रहा है। ये लोग चोरी की बाइक नेपाल में बेचते भी हैं। प्रभारी कोतवाल ने बताया कि इन मुकदमों की विवेचना में दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र

न्यायालय में भेजा जा चुका हैं। दोनो के क्रिया कलाप से आम जनमानस में काफी आक्रोश व भय व्याप्त है। इनका कार्य समाज विरोधी क्रियाकलाप के अन्तर्गत आता है।

इनका समाज में स्वच्छन्द विचरण करना हितकारी नहीं है। इनका यह कृत्य धारा 3 (1) 30प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। सभी तथ्यों के संज्ञान में आने पर इस आपराधिक गिरोह के विरुद्ध गैंग चार्ट तैयार कर उचित माध्यम से प्रेषित किया गया। जिसको डीएम द्वारा अनुमोदन मिलने के बाद गैंग लीडर जितेन्द्र साहनी व इनके सदस्य कृष्णा उर्फ छोटू कुशवाहा उपरोक्त के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है।

# क्रिकेट में सराहनीय योगदान के लिए मुहम्मद मुजीब हुये सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिले के उमरा तिराहा स्थित यूपीएसआईडीसी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित बाराबंकी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 में सराहनीय योगदान के लिए मुहम्मद मुजीव को कांग्रेस पार्टी की अल्पसंख्यक विंग के प्रदेश महासचिव शमसुल हसन उमरा (नेता) ने सम्मानित किया। प्रदेश महासचिव शमसुल हसन उमरा (नेता) ने कहा कि खेल के दौरान खिलाड़ी मैदान में भले ही प्रतिद्वंदी रहते हैं, लेकिन खेल को खेल के भावना से खेल कर मिशाल भी प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर के साथ बुद्धि की भी बृद्धि होती है। खेल अनिश्चितताओं का खेल है। खेल प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि युवाओं में खेलों के माध्यम से सामुदायिक भावना का विकास होता है, इस तरह का खेल अच्छी पहल है। खेल से न केवल शरीर स्वस्थ्य होता है, बल्कि मष्तिष्क भी स्वस्थ्य होता है। खेल सर्वांगीण विकास का शसक्त माध्यम है।

प्रदेश महासचिव शमसुल हसन उमरा (नेता) ने कहा की क्रिकेट के दुनिया में मो. मुजीब का योगदान अतुलनीय है. जनपद के कई लोगों ने उनसे क्रिकेट सीखा है आज बड़े पैमाने पर क्रिकेट खेल रहे हैं । मुजीब ने क्रिकेट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया. ऐसे युवा क्रिकेट खिलाडियों के लिए प्रेणादायक हैं. इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी धाम में आस्था की डुबकी लगाई



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** मौनी अमावस्या पर्व पर प्रसिद्ध त्रिवेणी धाम संगम में लाखों श्रद्धालु भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान लोगों ने चावल, दाल,घी, तील, जौ, गुड़ ,चना ,गौदान कर विश्व मानव समाज के उन्नति और सुख संपति की कामना की। बिनई गांव पालिका त्रिवेणी के अध्यक्ष नरेंद्र शाह ने बताया कि करीब तीन से चार लाख श्रद्धालुओं की उपस्तिथि होने की उम्मीद है। मेले की सुरक्षा के लिए नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स, नेपाल प्रहरी व सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात निगरानी कर रहे है। मेले में बच्चो के मनोरंजन के लिए सर्कस, झूला, काला जादू, चरखी नौटंकी सहित तमाम आकर्षक वस्तुए लगाई गई है। इस मेले मुख्य रूप से बिहार के चंपारण, छपरा, बगहा, यूपी के गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, गोंडा, बलरामपुर,संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, महाराजगंज व नेपाल के भैरहवा, दांग, नवलपरासी, महेशपुर, वर्द घाट, कृष्णा नगर, घोराई, सोनवल, रूपांदेही, बुटवल, नारायण घाट, चितवन सहित तमाम दूर दराज के लोग त्रिवेणी संगम में शिरकत करने के लिए आते है।

**भारतीय सीमा में प्रवेश के लिए लंबी कतार**

नेपाल के त्रिवेणी धाम संगम स्नान करने के बाद भारतीय श्रद्धालुओं की वापसी पर एसएसबी चेकपोष्ट पर वाहनों की लंबी कतार दिखाई दी। जहां ड्यूटी पर तैनात जवानों ने भारतीय सीमा में प्रवेश करने पर उनका आधार कार्ड देखने बाद प्रवेश करने की इजाजत दी। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। बीओपी इंचार्ज इंस्पेक्टर जयंता घोष ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरी है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने से श्रद्धालु भक्तों को किसी भी प्रकार को असुविधा नहीं हुई।

## अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को एक अदत नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया जिसके विरुद्ध जैदपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

जानकारी के अनुसार कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सहयोगी पुलिस के जवान गुफरान खान, जयनरायण यादव के साथ देखभाल क्षेत्र रोकथाम जुर्म जरायम रात्रि गस्त में मामूर होकर बाईपास तिराहा होकर पानी के टंकी की तरफ जा रहे थे कि ताज होटल से पहले इब्राहिम ट्रेडर्स बन्द पड़ी दुकान के पास एक व्यक्ति दिखाई दिया शक होने पर पकड़े गये व्यक्ति का नाम पूंछा गया तो उसने अपना नाम मो0 तुफैल पुत्र मो0 सगीरं उम्र 35 वर्ष मोहल्ला पचदरी थाना जैदपुर बाराबंकी बताया तलाशी लेने पर उसके पास नाजायज एक अदद चाकू बरामद होने पर जैदपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

# अकीदत के साथ निकला इमाम हुसैन का सफ़रे जुलूस, अंजुमनों ने पढ़ा नोहा

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** रसूले खुदा स.व.स के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ. की मदीने से कर्बला के सफर करने की याद मे आज जिले के कदीमी कस्बा जैदपुर मे 28 रजब का सफरे इमामे हुसैन अ. का जुलूस पूरी अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया।जुलूस की शुरूआत सुबह 9 बजे पचदरी मस्जिद मे मजलिसे अजा से की गयी। इस दौरान चेयरमैन रियाज अहमद द्वारा सुबह से ही सबील का बेहतरीन इंतिजाम किया गया। मजलिस को मौलाना सैय्यद हसनैन बाकिरी खिताब फरमाया। मजलिस के फौरन बाद अंजुमन दस्त ए हैदरी के तत्वावधान मे जुलूस बरामद हुआ।जुलूस मे शबीहे जुलजनाह,अमारी,झूला हजरत अली असगर,अलम मुबारकबाद आदि मौजूद रहे।जुलूस के दौरान अंजुमन नजराने अकीदत पेश की गयी। इसके अतिरिक्त बैरूनी अंजुमन



दस्त ए हैदरी के नौहाख्वान जैगम अब्बास द्वारा नौहाख्वानी और नौजवान दस्ते द्वारा सीनाजनी के साथ ही जंजीर का मातम कर गुन्जये अब्बासिया बाराबंकी व अंजुमन दस्त ए हैदरी लखनऊ द्वारा नौहाख्वानी व सीनाजनी की गयी। उक्त कदीमी जुलूस बांध चौराहा,मुख्खिन,गढ़ी जदीद,छोटी बाजार,छोटा इमामबाड़ा, कासिम सभासद की तरफ से होते हुये बड़ी सरकार,बड़ी बाजार, थाना चौराहा की ओर से शबीहे कर्बला पहुंचकर समाप्त किया गया।

अलविदायी मजलिस को मौलाना जमन साहब ने खिताब फरमाया। इस दौरान सुबह से ही पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद इरशाद मियां गुलफाम रिज़वी, अनीस हसन, नफीस हसन, गदीर रिजवी, रिषी रिज़वी, सभासद सायम मेहंदी नसीम शारूख पूर्व सभासद मदनी ख़ान, थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह कस्बा इंचार्ज विनय कुमार जयनारायण दीवान गुफरान पंकज राठौड़ सहवार हुसैन बंटी रिजवी पिंटू रिजवी हसन हैदर, रजा हसन अरमान, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पाँच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव- 2025 का हुआ भव्य उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** 29 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित होने वाले सिद्धार्थनगर महोत्सव 2025 का उद्घाटन बुधवार की विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक पाल, सांसद प्रतिनिधि एस.पी.अग्रवाल द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर व गौतम बुद्ध एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, व समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा जनता उपस्थित रही।

अतिथियों को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। सिद्धार्थनगर महोत्सव 2025 के उद्घाटन के पश्चात बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा संयुक्त रूप से सामूहिक मां सरस्वती वंदना का गायन किया गया। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोहनकोला के बच्चों द्वारा गणेश बन्दना की प्रस्तुति की गयी। शिवपति इन्टर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। इसके पश्चात कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत किया गया।

विधायक श्यामधनी राही ने महोत्सव के भव्य आयोजन हेतु जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। कहा कि जब मुख्यमंत्री जी कपिलवस्तु महोत्सव के कार्यक्रम में आये थे तब जनपद को मेडिकल कालेज की सौगात मिली थी। आज अपने जनपद में ही स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। हमारा जनपद आकांक्षी जनपद है, जो निरन्तर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिलाधिकारी के जनपद में आने के बाद से निरन्तर निरीक्षण कर कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जा रहा है। विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा जनपद आंकाक्षी जनपद है, जो निरन्तर विकास कर रहा है और शीघ्र ही अग्रणी जनपद के श्रेणी में होगा। सभी लोग लगायी गयी प्रदर्शनी और गोष्ठी में आये और जानकारी प्राप्त करे तथा सिद्धार्थनगर महोत्सव में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द ले। विधायक विनय वर्मा, विधायक श्रीमती सैय्यदा खातून, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने महोत्सव में उपस्थित सभी लोगो का स्वागत करते हुए कहा कि यह महोत्सव अपनी ऊंचाईयों पर पहुँचे। आयोजकगण एवं आयोजन समिति को बधाई और शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान का स्वागत करते हुए सफल आयोजन हेतु बधाई दी। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने मा0 जनप्रतिनिधिगण का सिद्धार्थनगर महोत्सव में स्वागत करते हुए कहा कि वर्ष 1988 में जनपद सिद्धार्थनगर का बस्ती से अलग जनपद का गठन हुआ। 1992 से जनपद से कपिलवस्तु महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज सिद्धार्थनगर महोत्सव प्रदेश ही नही देश के बड़े महोत्सव में से है। इस बार सिद्धार्थनगर महोत्सव में अच्छे अच्छे गायक कलाकार आ रहे है। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी महोत्सव का आनंद ले। इस बार महोत्सव में बाहर से बहुत सी दुकाने आयी है। आप लोग खरीददारी करे। सिद्धार्थनगर महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में अपना बहुमुल्य समय देने के लिये मा जनप्रतिनिधिगण, एवं जनपदवासियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने सिद्धार्थनगर महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित सभी मा0 जनप्रतिनिधिगण व अन्य सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह परम्परा है जो प्रतिवर्ष सिद्धार्थनगर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 05 दिन तक चलेगा। आप सभी के सफल आयोजन में सभी लोग सहयोग करे। सभी को शुभकामनाएं दी। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण का स्वागत करते हुए कहा कि इस बार महोत्सव में जाने माने कलाकार आ रहे है। झूला मेला, साइंस जोन, पुस्तक प्रदर्शनी लगायी गयी है।

एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों के द्वारा स्टाल लगाया गया है। कामर्शियल जोन, शिल्प जोन में विभिन्न प्रदेशो से दुकाने लगायी गयी है। फूडजोन में अनेक प्रकार के व्यंजन की दुकाने लगायी गयी है। आप लोग आनन्द ले। सिद्धार्थनगर महोत्सव में आने हेतु आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा मा0 जनप्रतिनिधिगण को स्मृति चिन्ह एवं काल नमक चावल बॉक्स देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों द्वारा मेले का भ्रमण किया गया।

# सिद्धार्थनगर महोत्सव के पहले दिन स्कूली छात्राओं ने बिखेरा जलवा

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** 29 जनवरी से शुरू हुए कपिलवस्तु महोत्सव के पहले दिन स्कूली छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम देकर पूरे पांडाल का मन मोह लिया, आपको बता दे की माध्यमिक स्कूलों के छात्राओं का संस्कृतिक कार्यक्रम 29 एवं 30 जनवरी को होना है। जिसमें पहले दिन ही छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर बाहर से आने वाले कलाकारों को चुनौती देना शुरू कर दिया है।

मंच के पर छात्राओं ने इस प्रकार से प्रस्तुति दिया कि पंडाल में बैठे लोगों ने बाहर से भी अच्छे कलाकारों के रूप में इनकी वाह वही की। आपको बता दें कि पहले दिन 23 विद्यालयों के छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनकोला के छात्राओं ने श्री गणेश वंदना के द्वारा प्रारंभ किया, तो वही सिद्धार्थ मॉडर्न एकेडमी के छात्राओं ने बेटी बचाओ डांस कर सभी को सोचनें पर मजबूर कर दिया। सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल मसिना के छात्र-छात्राओं ने शिव नित्य करके पांडाल को भक्तिमय किया तो वही गुडलक पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने रंगीलो मारो ढोलना पर नित्य कर सबको सम्मोहित करते नजर आए, रघुवर प्रसाद जायसवाल विद्या मंदिर के साथ छात्राओं ने महाभारत की थीम पेश किया, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के बच्चों ने इंडिया मैशअप सांग पर डांस किया तो वही जनता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्राओं ने रकुल रीत सदा चली आई पर सामूहिक नृत्य किया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजन समिति का नेत्तृव जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीप्रकाश सिंह ने किया। आयोजन समिति से सच्चिदानंद शुक्ला, पूर्णेश्वर मिश्रा, राजेश शर्मा, समर बहादुर पाल, सविता वर्मा, ज्योत्सना सिंह, अर्चना सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, उमाशंकर, इंद्र कुमार पांडे एवं सरोज कसौधन शामिल रहे। छात्राओं के संस्कृतिक कार्यक्रम का सफल संचालन नितेश पांडेय ने किया।

## जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने जनपद के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध ओपेक चिकित्सालय कैली में नव निर्मित 200 बेड चिकित्सालय में गैस पाइप लाइन, मॉड्यूलर आपरेशन थियेटर, सेमी मॉड्यूलर आपरेशन थियेटर एच0बी0ए0सी0, वी0आर0वी0 एवं डक्टेबल सिस्टम का शासन के निर्देश के क्रम में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण उन्होंने पाया कि मॉड्यूलर आपरेशन थियेटर व सेमी मॉड्यूलर का निर्माण का कार्य प्रगति पर था, किन्तु मौके पर निर्माण कार्य नहीं चल रहा था। निर्माण कार्य पूर्ण करने के बारे में पूछने पर बताया गया कि माह दिसम्बर, 2024 तक कार्य पूर्ण किया जाना था, लेकिन अभी तक पूरा बजट प्राप्त नहीं हो पाया है।

# डिजिटल वॉरियर्स कार्यशाला का आयोजन कर साइबर क्राइम के बारे में किया जागरुक

अवधनामा संवाददाता




**सिध्दार्थनगर।** पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा डिजिटल वारियर्स/ साइबर जागरूकता में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल नेतृत्व में थानाध्यक्ष गोल्हौरा बृजेश सिंह मय टीम द्वारा डिजिटल वारियर्स/साइबर जागरूकता के तहत थाना क्षेत्र के अंतर्गत राधा कृष्ण इंटरमीडिएट कॉलेज तलपुरवा में शिक्षकों व विद्यार्थियों के उपस्थिति में डिजिटल वॉरियर्स कार्यशाला का आयोजन कर अध्यापकगण एवं छात्र/छात्राओं को डिजिटल वॉरियर्स बनाया गया तथा डिजिटल वॉरियर्स के कार्यो जैसे अफवाहों को रोकना, सोशल मीडिया पर ऐसे फेक न्यूज़ जो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ते हैं उनको शेयर न करना, सोशल मीडिया के किसी भी सूचना को बिना जाने समझे शेयर न करना, पुलिस के कार्यो को प्रोत्साहित करना आदि। युवाओं को साइबर अपराध से बचने व भ्रामक जानकारी से बचाव हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान डिजिटल वॉरियर के अंतर्गत फेक न्यूज, साइबर क्राइम की पहचान, इसके प्रभाव, तथ्य, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा साइबर जागरुकता हेतु Cyber Dost नाम से संचालित किए जा रहे X (ट्विटर), फेसबुक एवं इंस्टाग्राम अकाउंट एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के अकाउंट @UPPolice, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 के बारे में जागरुक किया गया तथा साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर अपराध से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया और समाज मे साइबर अपराध सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान चलाने हेतु उनके कर्तव्यों से भी अवगत कराया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, मय पुलिस फोर्स एवं सहायक प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार, प्रवक्ता अनिल सरोज, प्रवक्ता शिवम पांडे, प्रवक्ता ओमकार यादव, सहायक अध्यापक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी पर उपलब्ध है रेबीज इंजेक्शनः सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेतिया अधिष्ठान पर सीएचसीअधीक्षक धर्मेद्र कुमार चौधरी के निर्देश में रेबीज इंजेक्शन (कुत्ता, बिल्ली, बंदर) का वैक्सीन लगाए जाने पर क्षेत्र की जनता में विश्वास जगह की आगे से बासी जाने के चेतिया अपने ही पीएससी पर उपलब्ध है। रेबीज इंजेक्शन के लिए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। फार्मासिस्ट पंकज शुक्ला के नेतृत्व में प्रथमिक स्वस्थ केन्द्र चेतिया कई मरीजों को रैबीज के इंजेक्शन लगये गये। इस दौरान सी एच सी बसंतपुर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ओ.पी. दिवेद्वी डॉ आविदा, प्रेम पाण्डेय, प्रशांत एल टी, नौरंगी, अंजना स्टॉप नर्स, कृष्ण मुरारी एल ए द्वारा मरीजों इंजेक्ट किया गया इस मौके परक्षेत्र के जनप्रतिनिधि पूर्व जिला पंचायत प्रत्यासी हरीश चौरसिया, पूर्व प्रधान राकेश गुप्ता, प्रधान संजय चौरसिया, दिलीप जायसवाल सहित तमाम क्षेत्रवासी मौजूद है।

## पुलिया न होने से ग्रामीण व किसान परेशान

**हजपुरा अम्बेडकरनगर।** सरकार किसानों के उत्थान के लिए तमाम नई-नई योजनाएं लेकर आ रही है,लेकिन धरातल पर इसका कुछ खास असर देखने को नहीं मिल पा रहा। किसान आए दिन अपनी छोटी-मोटी जरूरत के लिए परेशान होकर इधर-उधर अधिकारियों के चक्कर लगाते हैं, लेकिन उनकी परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। जलालपुर तहसील क्षेत्र के गोलपुर वाहरजवा से सकरा,गौरा मोहम्मदपुर, माइनर पर पुलिया निर्माण न होने से सोनगांव, बहादुरपुर, गयासपुर, कहरा सलेमपुर आदि गांवों को जोड़ती सड़क नहर पर पुलिया ना होने बेकार साबित हो रही है। जिसकी वजह से ग्रामीण और किसानों को कृषि व अन्य कार्य के लिए एक दो किलोमीटर ज्यादा घूम कर आना जाना पड़ता है।

## नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी पीडीए की जन पंचायत चौपाल

अवधनामा संवाददाता




**बांसी सिद्धार्थनगर।** कस्बे के नरकटहा निरालनगर मे बुधवार को समाजवादी पार्टी पीडीए की जन पंचायत चौपाल संपन्न हुई। चौपाल को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि समाजवादी पार्टी वंचित समाज को उसका हक दिलाने की लड़ाई लड़ रही है।

हमारे मुखिया अखिलेश यादव समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहते है। वही भाजपा की सरकार सत्ता पाने के लिए समाज को तोड़ने का काम कर रही है। इनके मुखिया संविधान को बदलने के फिराक में लगे है। पूर्व नपा अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव गांव और घर घर जाकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता इस जनविरोधी सरकार से ऊब चुकी है और इसे उखाड़ फेंकने की तैयारी में है। हम सब को एकजुट होकर इस साकार को बदलना है। चौपाल को नगर अध्यक्ष कपिल देव, सब्बू खान, पवन कुमार यादव, बुद्धिराम प्रजापति ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महताब आलम सन्नू, मैनू नेता,पवन कुमार यादव, दिल्लू, गोलू मेकरानी, मुन्ना पांडेय, सारिक ख़ान,अलीम सिद्दीकी, अज़हर ख़ान, सालिक राम, निवास यादव, प्रहलाद, साकिर अली, राम निवास, गणेश दत्ता, के सी त्रिपाठी, सरताज अली सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# है बहुत बेचैन सुगरा साथ जाने के लिए...

## हल्लौर स्थित इमाम बारगाह कनीज़ रबाब में हुआ सफ़र ए हुसैनी का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुसलमानों के रसूल हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में (28 रजब सन 60 हिजरी) बुधवार को कस्बा हल्लौर स्थित इमाम बारगाह कनीज़ रबाब में सफ़र ए हुसैनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे सहित आसपास के इलाके के बड़ी तादात में अकीदतमंदों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मरसिया, मजलिस हुई, जिसके बाद मातमी जुलूस के साथ अमारी का जुलूस निकाला गया। जिसे देखने और बोसा लेने के लिए हर हुसैनी शैदाई बेताब नजर आए।

हर साल की तरह इस साल भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंजुमन फरोग-ए-अजा के बैनर तले इमाम बारगाह कनीज रबाब में सबसे पहले मजलिस आयोजित हुई। मरसियाख्वानी के फ़रायज़ को शाहिद आलम व उनके हमनवां ने अंजाम दिया। इसके बाद मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन 28 रजब को इमाम हुसैन अस अपने छोटे से काफिले के साथ नाना हज़रत मुहम्मद साहब का प्यारा वतन मदीना छोड़ा था इनका काफिला दो मोहर्रम को कर्बला की ज़मीन पर पहुँचा। जहाँ 10 मोहर्रम को इमाम हुसैन अस ने अपने परिवार के बड़े बच्चों व साथियों के साथ शहादत अंजाम पायी। अंत में सफर ए हुसैन का दर्दनाक मसाएब बयान किया जिसे सुन हर आंख अश्कबार नज़र आई। मजलिस के बाद नौहा मातम के साथ अमारी का जुलूस निकला। जुलूस के साथ इमाम हुसैन अस की सवारी शबीह ए ज़ुलजनाह भी निकाला गया। जिसका बोसा लेने हर शैदाई बेताब नज़र आया। या अली या हुसैन की सदाओं के बीच जुलूस दरगाह चौक पहुँचा जहाँ अज़ीम हैदर ने इमाम हुसैन अस के फजायल व मसाएब बयान किया। यहाँ से दरगाह हज़रत अब्बास, जन्नतुल वकी होता हुआ कर्बला पहुँचकर जुलूस खत्म हुआ। जुलूस के दौरान कामयाब, मोहम्मद हैदर, कायनात, नफीस, फ़ज़ले अहमद, फ़ज़ले अहमद रज़ा कदर, हसन जमाल आदि ने नौहा पढ़ा। इस मौके पर जुहेर हैदर, शीबू लारा, समर, वज़ीर हैदर विलियम, नदीम, सोजफ़, राजू मेडिकल, हैदर अब्बास जैकी, काज़िम रज़ा, साजिद अब्बास मंटू, मंज़र, बशारत, खुशतर, अकील, शबाब, काज़िम रज़ा, तसकीन हैदर, शमशाद अली, पप्पू, आफताब प्रेस, अमानत, बबलू, लकी, अफसर हल्लौरी, हसन जमाल, कामयाब, राहिब सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**कस्बे में जगह-जगह रहा सबील का इंतज़ाम**

सफर ए हुसैनी के मौके पर हल्लौर कस्बे में मोमनीन व अकीदतमंदों के लिए सबील का इंतेजाम किया गया जिसमें अल हैदरी ग्रुप की जानिब से फ्रूट जूस, चाय, पानी, सबील का व्यापक इंतेज़ाम दिखाई दिया। इस मौके पर अमानत, समर, सलमान, अरमान, सलीम जौहर, सुल्तान, जमाल बीके, मोअत्तर, वसी रिंकू मोहम्मद बिल्डर, शराफत, मंटू, महफूज़ मैक्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी तरह जनाबे सकीना के रौज़े के पास कामयाब, मंजू, आफ़ताब प्रेस, शबीह, साहिल, अज्जू, शमीम रज़ा, काज़िम रज़ा आदि ने स्टाल लगाकर सबील वितरण किया। वही दरगाह चौक पर असगर ट्रेडर्स, अब्बास एचएनएफ, सानू, शहज़ाद अब्बास, अनमोल, रेहान, मेकदाद, शोएब, जानू दरगाह हज़रत अब्बास के पास हज़रत ब्वायज कमेटी की जानिब से सबील की व्यवस्था की गई जिसमे गुड्डू बाबा, लकी, रजा, नवेद, आबिश, सुल्तान, लाडले, एजाज़ अहमद, अहसन मेंहदी, फ़िरोज़ अब्बास, जमाल बीके, आरजू, यूसुफ, नजफ़, परवेज़, मीसम, दानिश, सनी, रेहान आदि ने लोगो का विशेष योगदान रहा।

- नौहा मातम के साथ निकला अमारी का जुलूस
- हज़रत इमाम हुसैन अस ने 28 रजब को छोड़ा था मदीना : जमाल हैदर करबलाई

## सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा के पार्टी पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंप कर जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र में होने वाली कठिनाईयों के समाधान की मांग किया। बुधवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा के अध्यक्ष बबलू खान के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने जनहित की समस्या जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र में देरी और महीनों तक चक्कर काटने के बाद भी क्षेत्र की जनता को परेशान होना पड़ता है। जिसके समाधान के लिए उप जिलाधिकारी कुणाल को ज्ञापन सौंप कर समाधान की मांग किया। जनता को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए प्रतिदिन दौड़ना न पड़ें। जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए। इसके लिए अतिरिक्त कक्ष और कर्मचारी की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर अब्दुल लतीफ, बबलू पाठक, नूर आलम, सौरभ श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, ध्रुव पाठक, शिवपाल वरुण, प्रेम मौर्या, शाहिद हुसैन, अमरुल्लाह, रमापति पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 29.01.2025 को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 व ODF ++ के निर्धारित मानकों सफाई कार्यों को सुचारु रूप बेहतर बनाने गिला कूड़ा सुख कूड़ा पृथक्कीकरण डोर टू डोर कूड़ा एकत्र करने कूड़ा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में पालिका में कार्यरत सफाई नायकों सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण/ कार्यशाला पालिका सभागार कछ में आयोजित किया गया जिसमे सफाई कार्य डोर टू डोर कूड़ा पृथक्कीकरण व एकत्र करने वाले सफाई कर्मचारियों वाहन चालकों को श्री डॉ0 आशीष कुमार सिंह अधिशाषी अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमे वैभव पाण्डेय मंडल कार्यक्रम प्रबंधक श्री हीरदयानंद यादव जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शमशाद जुबैर कर अधीक्षक श्री राकेश कुमार गौरव प्रभारी सफाई निरीक्षक रामबाबू गुप्ता राजस्व निरीक्षक श्री जलील अहमद सफाई लिपिक निशांत पाण्डेय कार्यालय अधीक्षक श्री आशीष कुमार चौहान जलकल अभियंता श्री मोहम्मद हुसैन मोहम्मद अहमद मोहम्मद रब्बानी मोहम्मद इदरीश मोहम्मद रब्बानी महेंद्र कुमार शकील अहमद परवेज अहमद सफाई नायक और सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर महोत्सव : आकर्षण का केंद्र बना बेसिक शिक्षा का स्टाल



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार से शुरू हुए पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव में बेसिक शिक्षा विभाग का स्टाल स्कूली बच्चों और दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कक्षा शिक्षण को सरल, सरस एवं बालोपयोगी बनाने वाले विभिन्न आकर्षक टीयलयम से सजे बेसिक शिक्षा विभाग के प्रथम दिवस का संयोजन सदर ब्लॉक नौगढ़ की टीम द्वारा किया गया। संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी सदर धर्मेन्द्र कुमार पाल ने बताया कि शिक्षकों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कर लो कास्ट एवं नो कास्ट वस्तुओं से बनाए गए टीएलयम से कक्षा शिक्षण को सरस, सरल एवं बालोपयोगी बनाया जा सकता है। महोत्सव में प्रतिदिन अलग- अलग विकास क्षेत्रों के टीएलयम स्टाल लगाए जाएंगे। प्रदर्शनी को आकर्षक रूप प्रदान करने में प्राथमिक विद्यालय सनई लंगड़ी के प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र गुप्ता, सहायक अध्यापिका प्रार्थना मिश्रा सहित, एस आरजी अंशुमान सिंह, एआरपी मनोज पांडेय, डाक्टर विनयकांत मिश्रा, शिक्षक संकुल नियाज अहमद, आलोक आनंद, श्रेया पांडेय, मणिका चौधरी, जमील अहमद, साक्षी श्रीवास्तव, पूर्णिमा मणि त्रिपाठी, गायत्री यादव आदि का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एमओयू की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एम.ओ.यू. की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिन लोगो द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये हैं, उनसे सम्पर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान करायें तथा ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को रोजगार सृजन योजना, हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिया कि उद्योग स्थापित करने हेतु जो पत्रावलियां बैंको में ऋण उपलब्ध कराने के लिए जाती हैं, उसको समय से स्वीकृत करायें। अधि अभि विद्युत को निर्देश दिया कि जिन व्यापारियों के नये कनेक्शन की आवश्यक्ता है उनको जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध करायें। समस्त कार्यदायी संस्थाओ में पंजीकृत श्रमिको का सेस कटौती का भुगतान कराये जाने का निर्देश दिया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पर्यटन विभाग को निर्देश दिया कि जो उद्यमी पशुपालन व पर्यटन के क्षेत्र में एमओयू किया है, उनसे सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करायें। निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणो को संबधित विभाग को निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया। दुग्ध विभाग पशुपालन विभाग, एमएसएमई, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एक जपपद एक उत्पाद आदि के संबध में व्यापारियों की समस्याओ को सुनकर उसके शीघ्र निस्तारण हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त राज्यकर द्वारा एमनेस्टी योजना के बारे में व्यापारियों को बताया गया कि जिन व्यापारियों का टैक्स बकाया है वह इस योजना के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते है एक मुश्त धनराशि जमा करने पर पूरा ब्याज माफ रहेगा। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ज्ञान प्रकाश, लीड बैंक अधिकारी रवि कुमार सिन्हा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 जावनलाल, जिला उद्यान अधिकारी नन्हेलाल वर्मा, जिला गामोद्योग अधिकारी गंगाधर दूबे व अन्य सम्बंधित अधिकारी तथा व्यापारियों आदि की उपस्थिति रही।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम त्रुटिवश अभिलेखों में खुशनुमा नाज दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम खुशनुमा खान है जो सही है। आज से मुझे खुशनुमा खान नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**खुशनुमा खान पत्नी मोहम्मद साऊद खान**
**निवासी 30/ 218 शिवाजीपुरम चक भीकमपुर जनपद रायबरेली**

## समान नागरिक संहिता लागू

भाजपा ही नहीं, भारतीय जनसंघ का भी एक बुनियादी, वैचारिक एजेंडा लागू हो गया। समान नागरिक संहिता को कानूनन उत्तराखंड राज्य ने लागू किया है। अभी भाजपा शासित 6-7 राज्य और हैं, जहां समान नागरिक संहिता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वहां से भी जल्द ही अच्छी खबरें आ सकती हैं। केंद्र के स्तर पर कब होगा, फिलहाल यह निश्चित नहीं है। उत्तराखंड देश का सर्वप्रथम राज्य बन गया है। भाजपा के मातृ-दल जनसंघ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और तीन तलाक को कानूनन बनाने सरीखे मुद्दों को अपना वैचारिक एजेंडा तय किया था और उसी के आधार पर राजनीति की थी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भाजपा और विहिप का साझा एजेंडा था। आरएसएस बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश के बाहर खदेड़ने का पक्षधर रहा है। देखा जाए तो ये संघ परिवार के ही वैचारिक मुद्दे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुद्दों को साकार कराया है, बेशक समान नागरिक संहिता पर वह राज्यवार चलना चाहते हैं। यह बचाव-मुद्रा इसलिए है, ताकि देश भर में सांप्रदायिक बवाल न मचे और दंगों की नौबत न आए। उत्तराखंड ने जो पहल की है, उसका भी त्वरित विरोध 'जमायत-ए-हिंद' ने किया है और समान संहिता को मुसलमानों के मजहबी हुकूक में दखलअंदाजी माना है। उन्होंने इस कानूनी व्यवस्था को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने का भी ऐलान किया है। वैसे समान नागरिक संहिता कोई 'संघी व्यवस्था' नहीं है। संविधान बनाने वाले हमारे पुरखों ने अनुच्छेद 44 में यह प्रावधान निहित किया था कि केंद्र अथवा राज्य सरकारें समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयास जरूर करें। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी इसकी पक्षधरता कुछ अवसरों पर व्यक्त की है।

तो यह बुनियादी निष्कर्ष तय है कि समान संहिता को लागू करना अवैध और असंवैधानिक नहीं है। यह भाजपा सरकार ने ही तय नहीं किया है, बल्कि सर्वोच्च अदालत की न्यायाधीश रह चुकीं जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में 2.35 लाख लोगों से विमर्श किया गया। उस प्रक्रिया के बाद ही 740 पन्नों का मसविदा सामने आया। उसे विधानसभा में पारित किया गया, फिर राज्यपाल ने सहमति दी और 12 मार्च, 2024 को राष्ट्रपति ने अनुमोदित किया। विमर्श की गुंजाइश अब भी है। साफ है कि समान नागरिक संहिता के तहत सभी धर्मों के सभी लोगों को समान अधिकार देने की व्यवस्था की गई है। हमारा सवाल है कि अनुसूचित जनजातियों को भी इससे अलग क्यों रखा गया है? आदिवासी अब पूरी तरह कबीलाई नहीं हैं। वे भी सुशिक्षित हैं, सरकारी नौकरियां कर रहे हैं, आईएएस/आईपीएस अधिकारी भी हैं। नए दौर, नए युग की करवटें वे भी देख रहे हैं। उन आदिवासियों को इस कानून से अलग रखा जा सकता था, जो आज भी अनपढ़ हैं और जंगल की जिंदगी जी रहे हैं। बहरहाल समान नागरिक संहिता में विवाह, तलाक, बहुविवाह, बाल विवाह, बेटा-बेटी बराबर, गोद लेने की कानूनी व्यवस्था, विरासत, वसीयत और लिव-इन सरीखी तमाम व्यवस्थाएं समान रूप से लागू की जा सकती हैं। उत्तराखंड ने अपने कानून में 'हलाला' को 'अपराध' करार दिया है। धारा 63 और 51, महिला से क्रूरता या उत्पीड़न धारा 69 में अपराध है। हलाला पर 10 साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। बहरहाल समान नागरिक संहिता देश भर में लागू क्यों न की जाए?

## आधुनिक सुन्दरता की चाह से बढ़ रही सामाजिक विषमताएँ?

लगातार हो रहे सामाजिक और आधुनिक परिवर्तन ने सभी को प्रभावित किया है खास कर नई पीढ़ी को, इन प्रभावों ने लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव डाले है जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के है। सकारात्मक कई प्रभाओं में से एक हम महसूस कर सकते है की स्वच्छता को अधिकांश लोगों ने अपनाया है और अब पहले से वो परिवर्तित दिखना शुरू हो गए है। इसी कड़ी के दूसरें पहलू को देखा जाय तो अब अधिकांश लोग खास कर युवा पीढ़ी ने सुन्दरता के नाम पर आधुनिक सुन्दरता को सर्वोपरि मान लिया है। जिनमे महंगे कपड़े, ब्रांडेड फ़ोन, चश्मे, गाड़ियाँ उनकी प्राथमिकता बन गयी है साथ ही आकर्षक, चमकते चेहरे उन्हें बेहद प्रभावी लग रहे है और वो स्वयं उनसे प्रभावित होने भी लगे है। जबकि इसके पीछे की वास्तविक सच्चाई से कोई भी परिचित नहीं होना चाह रहा। आज सभी स्वयं में सुंदर दिखने के साथ ङ्कसाथ अपना साथी भी सुंदर चाह रहें और जानबूझकर अन्य गुणों की अनदेखी कर रहे जिससे न केवल समाज में विषमता पैदा हो रही बल्कि विचारवान और गुणवानों पर वाह्य सुन्दरता भारी दिख रही है।


डॉ. अजय मिश्रा

उक्त बातों को जोरदार समर्थन सोशल मीडिया ने दिया है और आज हर कोई विभिन्न मुद्राओं में तस्वीरों को तकनीकी से और अधिक खुबसूरत बनाकर सोशल मीडिया के जरिये सभी का ध्यान आकर्षित करने में लगा हुआ है। युवाओं को बात करें तो इन्स्टाग्राम रील्स ने एक ऐसी बाढ़ ला दिया है की अधिकांश देखने / बनाने वालें लोगों को सही और गलत का कोई एहसास ही नहीं रहा। ध्यान आकर्षित करने के लिए लोग अर्धनग्न / अडल्ट कंटेंट भी बेधड़क दिखाने लगे है और ध्यान आकर्षित करना चाह रहें। जो लड़के लड़कियां रील्स नहीं बना रहे वो जरुर फेसबुक आदि सोशल प्लेटफार्म पर अपनी बेहतरीन तस्वीर प्रस्तुत करने में लगें है। नव-युवकों में प्रेम और सुन्दरता की सच्ची परिभाषा का अब लोप होने लगा है और उन्हें सबसे सुंदर ही युवक युवती सर्वगुण सम्पन्न समझ में आ रहे है। क्या यह समाज इतना परिवर्तित हो गया है की कम सुंदर दिखने और गुणों से संपन्न लोगों के लिए अब स्थान सीमित बचा हुआ है? सुंदर होना या न होने की आवश्यकता को गहराई से देखा जाए तो व्यक्ति के विचार और व्यवहार और आपके प्रति समर्पण से सुन्दरता को देखा जाना चाहिए। परन्तु सामाजिक विकास की गति ने सभी के मन मस्तिष्क को कुंठ कर दिया है। आज वही श्रेष्ठ लगने लगा है जो दिखने में सुंदर है जबकि अति आवश्यक अन्य गुणों की लोग परवाह ही नहीं कर रहें है। आज सभी की इच्छाएं तेजी से अपनी संतुष्टि की तरफ बढ़ रही है जो मानव और मानव सभ्यता के लिए बेहद खतरनाक शाबित होने वाला है। तकनीकी ने इसमें आग में घी डालने का कार्य किया है जहाँ हम सभी उस पर आधारित होते चले जा रहे है वही स्वयं की विचार और तर्क करने की क्षमता हम खोते चले जा रहे है। क्षणिक सुख और प्रसन्नता हमारी पहली प्राथमिकता बन गया है जिसमे हमारे साथ सब सुंदर और आकर्षक व्यक्ति/वस्तुएं होना अनिवार्य हो गया है। यदि हम आधुनिक सुन्दरता की बात प्रेम से करें तो वहां भी स्थायित्व नहीं दिख रहा, वजह बहुत ही साधारण है की हम अपनी मानसिक तर्कशक्ति और क्षमता को खोते चले जा रहे है और अपने क्रिया विधि से दूसरों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में हमने सोचना बंद कर दिया है तभी तो जीवन भी अनियमित होता जा रहा जिसका बुरा प्रभाव समाज पर पड़ना शुरू हो गया है। वैवाहिक जीवन में भी अब स्थायित्व नहीं रहा जहाँ यह एक बड़े तबके में देखा जाता था की स्थायित्व नहीं है वही यह बीमारी गाँव-गाँव तक पहुँच चुकी है।

ऐसे में अब अति आवश्यक हो गया है की मानसिक विकास और तर्क करने की शक्ति को पुनः समाज में स्थापित किया है जिससे त्याग की भावना का जन्म हो सकें और हम सभी दूसरें के हितों की प्राथमिकता सुनिश्चित कर सकें। यह तभी संभव हो पायेगा जबकि किताबों से हम अपनी दिनचर्या जोड़ ले और मोबाइल/ तकनिकी का प्रयोग बेहद आवश्यकता तक सीमित कर दे। अन्यथा की स्थिति में सुन्दरता पल भर के लिए आकर्षित करके आपके पुरे जीवन के क्रम को उलझा कर रख देगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है।**

# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।


ललित गर्ग

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।' मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय

**गांधी निर्वाण दिवस पर विशेष**



और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।

मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुई, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ÷मेक इन इंडिया÷ का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा।

# इबादत के दुश्मन ये संकीर्ण व रुग्ण मानसिकता के लोग

जिस समय अबू धाबी में स्वामीनारायण मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत वर्ष 14 फ़रवरी 2024 को किया गया था उस समय भारतीय मीडिया में इसकी ज़ोरदार चर्चा हुई थी। अबू धाबी में 27 एकड़ ज़मीन पर बने इस पहले एवं विशाल हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में 42 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस मंदिर के निर्माण हेतु 13.5 एकड़ ज़मीन अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख़ मोहम्मद ने वर्ष 2015 में बीएपीएस संस्था को दान स्वरूप भेंट की थी। ग़ौरतलब है कि संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 26 लाख भारतीय रहते हैं जो वहां की कुल जनसँख्या का लगभग 30 फीसदी हिस्सा है। इससे पहले दुबई में भगवान शिव व भगवान कृष्ण के दो अलग अलग मंदिर और एक गुरुद्वारा तथा अबू धाबी में एक चर्च पहले से मौजूद थे परन्तु यहाँ कोई मंदिर नहीं था। हालाँकि अबू धाबी में निर्मित हुये इस विराट व भव्य मंदिर के निर्माण के बाद यह प्रचारित करने की कोशिश की गयी कि यह अरब जगत में निर्मित पहला हिंदू मंदिर है परन्तु यह सच्चाई से कोसों दूर गोदी मीडिया द्वारा सत्ता की चापलूसी के लिये गढ़ा गया एक नरेटिव मात्र था। क्योंकि बहरीन की राजधानी मनामा में सिंधी हिंदू समुदाय का श्रीनाथजी का मंदिर एक सदी से भी अधिक पुराना है। पड़ोसी देश सऊदी अरब में रहने और काम करने वाले हिंदू भी पवित्र अवसरों पर इस


निर्मल रानी

**हमारे देश में असहिष्णुता का दिनोंदिन बढ़ता सिलसिला हमारे लिये शर्मिन्दिगी का सबब बनता जा रहा है। यदि हम अरब देशों में मंदिरों के निर्माण पर ख़ुश हो सकते हैं। जब हम बांग्लादेश,पाकिस्तान या अफ़ग़ानिस्तान जैसे देशों में मंदिर गुरुद्वारों व चर्चों पर होने वाले हमलों पर क्रोधित होते हैं तो हमें स्वयं सौहार्द की मिसाल पेश कर दुनिया के सामने सहिष्णुता व सद्भाव का एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिये।**

मंदिर में पूजा-पाठ करने आते हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में 125 वर्ष प्राचीन मोतीश्वर मंदिर भगवान शंकर का मंदिर हैं। जबकि मस्कट के ही रुवी में 150 साल पुराना कृष्ण-विष्णु मंदिर भी है। इस मंदिर को ओमान के सुल्तान ने ओमान में बसे गुजराती हिन्दू समुदाय के लिए मित्रता के प्रतीक के रूप में निर्मित कराया था। इसके अलावा भी दुबई में संपन्न भारतीय समुदाय में दक्षिण भारतीयों के अलावा सिंधी, मराठी, गुजराती, पंजाबी और क़रीब सभी प्रमुख धर्मों के कई दशकों पुराने अनेक धार्मिक स्थान हैं। यहाँ इन्हीं मंदिरों में ही पूजा अर्चना,हवन यज्ञ धर्म व आध्यात्मिक से जुड़े समारोह, उत्सव व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि दुबई और उसके आसपास के कुछ शहरों और खाड़ी के अन्य हिस्से में दिवाली की रात ठीक उसी तरह की रोशन होती है, जैसे भारत में होती है।




यह तो उन इस्लामिक देशों में मंदिरों की स्थिति है जहाँ मूर्ति पूजा प्रतिबंधित मानी जाती है परन्तु केवल धार्मिक सौहार्द व सम्मान के कारण अरब जगत के कई देश धार्मिक सहिष्णुता का परिचय देते हुये एक दूसरे की धार्मिक मान्यताओं व परंपराओं का आदर व सत्कार करते हैं। निश्चित रूप से जब भारतीय समाज ऐसी ख़बरों से बाख़बर होता है तो उसे बेहद ख़ुशी होती है। परन्तु ठीक इसके विपरीत हमारे देश में असहिष्णुता का दिनोंदिन बढ़ता सिलसिला हमारे लिये शर्मिन्दिगी का सबब बनता जा रहा है। यदि हम अरब देशों में मंदिरों के निर्माण पर ख़ुश हो सकते हैं। जब हम बांग्लादेश,पाकिस्तान या अफ़ग़ानिस्तान जैसे देशों में मंदिर गुरुद्वारों व चर्चों पर होने वाले हमलों पर क्रोधित होते हैं तो हमें स्वयं सौहार्द की मिसाल पेश कर दुनिया के सामने सहिष्णुता व सद्भाव का एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिये। परन्तु यहाँ तो सत्ता के संरक्षण में स्थिति दिन प्रतिदिन कुछ और ही होती जा रही है। गुजरात से शुरू हुआ धार्मिक असहिष्णुता का यह घिनौना खेल अब उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों तक जा पहुंचा है। कहीं मस्जिदों में नमाज़ अदा करने से रोका जा रहा है तो कहीं अपने घरों में ही नमाज़ पढ़ने पर पाबन्दी लगा दी गयी है। जुमे के दिन गुड़गांव जैसे बड़े शहर में पार्कों या खुले स्थानों पर शांतिपूर्वक नमाज़ पढ़ने वालों का कई बार विरोध हो चुका है। हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों में चर्चों पर भी हमले होते रहते हैं। मस्जिदों के इमामों की हत्यायें व उनपर हमले होते रहते हैं। कहीं मस्जिद पर भगवा फहराया जाता है तो कहीं पीर फ़क़ीरों की मज़ारों या दरगाहों को हिंसा व उपद्रव का निशाना बनाया जाता है।

आज हमारे देश में ऐतिहासिक प्रमाणिकता के साथ ऐसे सैकड़ों ग़ैर मुस्लिम धर्मस्थान मिल जायेंगे जिसके लिये मुस्लिमों द्वारा ज़मीन दान में दी गयी हैं। आज जहां एक ओर तो हमारे देश में सूफ़ी फ़क़ीरों से जुड़े अनेक आस्तानों का संचालन ग़ैर मुस्लिमों द्वारा पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ किया जा रहा है। नानक, कबीर, फ़रीद,बुल्ले शाह, ख़ुसरु, निज़ाम, चिश्ती, रहीम रसखान और जायसी जैसे संतों व समाज सुधारकों की सर्व धर्म समभाव की मानवीयता पूर्ण विरासत को संजोकर रखने की कोशिश की जा रही है वहीँ साम्प्रदायिकता की शह पाये कुछ लोग इस भारतीय परंपरा और विरासत को छिन्न भिन्न करने की पुरज़ोर कोशिश में लगे हुये हैं। यही संकीर्ण मानसिकता के लोग दूसरे समुदाय के लोगों के खान पान पर नज़रें रखते हैं। उनकी रसोई में क्या बना है इसमें इनकी पूरी दिलचस्पी है। दूसरों के पहनावे पर एतराज़, धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति, नफ़रत की हद तो यह कि इन्हें मुसलमानों के मकान ख़रीदने या किराये पर लेने पर भी आपत्ति होती है। इनके रोज़गार से नफ़रत, इनके व्यवसायिक बहिष्कार की कोशिशें और हद तो यह हो गयी कि एक मुस्लिम बच्चे द्वारा मंदिर के प्याऊ से पानी पीने का विरोध करने व उसकी पिटाई का समर्थन करने वाले मंदिर का महामंडलेश्वर आज हिन्दू धर्म का आइकॉन बन चुका है? कहाँ चली गयी है हमारी इंसानियत? आख़िर किस युग में जी रहे हैं हम?

इन दिनों इलाहाबाद (प्रयागराज ) में कुंभ का विराट आयोजन चल रहा है। देश के लिये निश्चित रूप से यह एक गौरवपूर्ण आयोजन है। परन्तु दुःख का विषय है कि इस आयोजन में भी अनेक मंचों का प्रयोग साम्प्रदियकता फैलाने व धर्म विशेष के प्रति नफ़रत भड़काने के लिये किया गया। केवल छुटभैय्ये नेताओं द्वारा ही नहीं बल्कि शासन से जुड़े ज़िम्मेदार नेताओं द्वारा वैमनस्य पूर्ण बातें की गयीं। परन्तु सुखद यह है कि इसी कुंभ में अनेकानेक मानवतावादी संत व प्रचारक ऐसे भी थे जिन्होंने परस्पर सौहार्द, एकता व भाईचारे का सन्देश दिया। अन्यथा संकीर्ण व रुग्ण मानसिकता के यह लोग जो इबादत के दुश्मन बने बैठे हैं उनसे मानवीयता की क्या उम्मीद की जा सकती है?

# सीमित संसाधनों से प्रभावित होती कृषि

साल की शुरुआत में केंद्र सरकार ने किसानों को तोहफा देते हुए जहां डीएपी पर विशेष पैकेज का एलान किया तो वहीं दूसरी ओर फसल बीमा योजना के दायरे का विस्तार करते हुए 4 करोड़ अतिरिक्त किसानों को इससे जोड़ा है। इससे किसानों की एक बड़ी संख्या अब फसल नुकसान होने पर आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेगी। सरकार ने डीएपी खाद पर 3,850 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला किया है। इससे किसानों को 50 किलो का डीएपी बैग 1,350 रुपये में मिलता रहेगा। यदि सब्सिडी नहीं होती तो इसी बैग की कीमत के लिए किसानों को 1525 रुपए अदा करने होते। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी की कीमतों में वृद्धि के बावजूद सरकार का यह फैसला किसानों को राहत देने वाला है।


पूजा कुमारी

वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) को 15वें वित्त आयोग की अवधि के अनुरूप विस्तारित करने के लिए बढ़ा दिया गया है। इसे वित्त वर्ष 2024-25 के 66,550 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2025-26 के लिए 69,515.71 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह रहे कि यह दोनों योजनाएं विभिन्न अप्रत्याशित घटनाओं के कारण फसल के नुकसान या क्षति से प्रभावित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। पीएमएफबीवाई, जहां उपज जोखिम के आधार पर फसल के नुकसान को कवर करता है, वहीं आरडब्ल्यूबीसीआईएस मौसम संबंधी जोखिमों पर फोकस करता है।

**किसान आशु रामजी कहते हैं कि यहां के किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या पानी की कमी है। भूजल स्तर लगातार घट रहा है और वार्षिक वर्षा की कमी से भी खेती में कठिनाइयां आ रही हैं। यहां औसत वार्षिक वर्षा मात्र 260 मिमी होती है, जो राष्ट्रीय औसत (लगभग 1200 मिमी) के मुकाबले बहुत कम है। लगातार गिरते भूजल स्तर और नहरों की सीमित संख्या के कारण सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है।**

किसानों के हितों में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बावजूद ज़मीनी स्तर पर देखा जाये तो सूरतेहाल कुछ और ही नज़र आता है। देश के कई ऐसे राज्य हैं जहां अलग अलग भौगोलिक परिस्थितियों के कारण किसानों को कृषि कार्य में अलग तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक ऐसा ही एक उदाहरण है। अपनी विशिष्ट भौगोलिक विशेषताओं और सीमित प्राकृतिक संसाधनों के कारण यहां कृषि संबंधी कार्यों में किसानों के लिए कई प्रकार की चुनौतियां हैं। एक ओर जहां वह सूखा, पानी की कमी और मिट्टी की कम उर्वरता का सामना करते हैं, वहीं दूसरी ओर वे बाजार की पहुंच से दूर और उसके सीमित विकल्पों के कारण भी अपनी फसल का बेहतर दाम प्राप्त करने से दूर रह जाते हैं।

इस संबंध में लूणकरणसर स्थित करणीसर गांव के 57 वर्षीय किसान आशु रामजी कहते हैं कि यहां के किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या पानी की कमी है। भूजल स्तर लगातार घट रहा है और वार्षिक वर्षा की कमी से भी खेती में



कठिनाइयां आ रही हैं। यहां औसत वार्षिक वर्षा मात्र 260 मिमी होती है, जो राष्ट्रीय औसत (लगभग 1200 मिमी) के मुकाबले बहुत कम है। लगातार गिरते भूजल स्तर और नहरों की सीमित संख्या के कारण सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। सरकारी स्तर पर पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेती के लिए हमें कुएं की जरूरत है। पानी खारा और कम होने के कारण खेती अच्छी नहीं होती है। इससे पशुओं के लिए भी चारा उपलब्ध कराना भी मुश्किल हो जाता है। जब बारिश आती है तो थोड़ी बहुत खेती हो जाती है, लेकिन बाजार में उसकी अच्छी कीमत नहीं मिल पाती है, ऐसे में हमें कुछ समझ में नहीं आता है कि हम क्या करें? वह कहते हैं कि कुछ किसान कृषि कार्यों से विमुख होकर रोज़गार के अन्य साधन अपनाने की सोच रहे हैं। इसके लिए शहर जाकर मेहनत मेहनत करके अपने बच्चों की भूख मिटाना चाहते हैं, लेकिन वहां भी ऐसा संभव नहीं है क्योंकि आजकल इंसानों की जगह मशीनों ने ले ली है। जब मशीनें घंटों का काम मिनटों में कर देती हैं, तो उन्हें हमारी क्या ज़रूरत होगी? पीढ़ी दर पीढ़ी खेती करने की वजह से हमारे पास अन्य कौशल का अभाव है।

कृषि के साथ साथ पशुपालन भी राजस्थान के किसानों की आय का एक प्रमुख स्रोत रहा है। किसान मवेशियों को बेच कर भोजन और कपड़े की व्यवस्था कर लेते थे, लेकिन बदलती परिस्थिति में अब मवेशियों की खरीद बिक्री कम हो गई है। प्रत्येक पांच वर्षों पर कराये जाने वाले पशुधन गणना (20वीं पशुधन गणना 2019) के अनुसार देश में कुल पशुधन आबादी करीब 535.78 मिलियन (53 करोड़ 57 लाख) है जो 2012 की तुलना में 4.6 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इस अवधि में राजस्थान में पशुधन की संख्या 56.8 मिलियन (5.68 करोड़) दर्ज की गई जो 2012 की तुलना में 1.66 प्रतिशत कम है। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान देश का दूसरा सबसे अधिक पशुधन उपलब्ध कराने वाला राज्य बना हुआ है। इस संबंध में एक किसान राम किशोर कहते हैं कि हमारे बच्चे अब खेती करना पसंद नहीं करते हैं क्योंकि इसमें लागत से बहुत कम मुनाफा हो रहा है। जो फसल तैयार होती है, उसे कम कीमत पर बेचना हमारी मजबूरी है। किसानों को बीज और खाद भी बहुत महंगे दामों पर उपलब्ध होते हैं, जिससे काफी परेशानी होती है। सरकार और कृषि विभाग को इस दिशा में पहल करने की ज़रूरत है। जिससे उन्हें अच्छे बीज और कम कीमत पर खाद उपलब्ध हो सके। वहीं उन्हें आधुनिक तकनीकों और उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी और प्रशिक्षण दी जाए ताकि बदलते कृषि व्यवस्था से यहां के किसान भी जुड़ सकें। इसके अतिरिक्त उन्हें सस्ते तथा गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद और कीटनाशक भी उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है। एक अन्य किसान जोड़ा सिंह कहते हैं कि यहां के किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिलता है। बाजार के अभाव में निजी क्षेत्र के व्यापारी अक्सर अपनी शर्तों पर फसल खरीदते हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, इसके लिए प्रभावी नीतियां बनायी जानी चाहिए। सरकारी नीतियों में करणीसर जैसे पिछड़े इलाकों के किसानों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। यहां की जलवायु परिस्थितियों, कृषि पद्धतियों और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखने वाली नीतियों का अभाव किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। वह कहते हैं कि किसानों को कृषि सब्सिडी, पर्याप्त ऋण और आधुनिक कृषि प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

# भगदड़ से लोगों के मरने और घायल होने का समाचार पीड़ादायक: राय

■ योगी सरकार ने सारा पैसा सिर्फ अपनी ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर खर्च किया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के दौरान हुई भगदड़ की दुखद घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री राय ने कहा कि महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के नहान के दिन भगदड़ से कई लोगों के मरने और घायल होने का समाचार पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि यह घटना इस मेले की अव्यवस्था और प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर कर रही है। योगी सरकार ने सारा पैसा सिर्फ अपनी ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर खर्च किया, न कि महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था पर। यह इस सरकार की संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। श्री राय ने कहा कि हम लगातार ऐसी घटना के प्रति सचेत करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन शासन-प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। श्री राय ने दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। श्री राय ने सरकार से मृतकों के लिए उचित मुआवजा और घायलों को मुआवजे के साथ मुफ्त इलाज के प्रबंध का आग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ और श्रद्धालुओं के जान-माल के नुकसान के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। श्री अवस्थी ने कहा कि तैयारियों के प्रति लापरवाही और महाकुम्भ में आम श्रद्धालुओं की व्यवस्था और चिंता के बजाए भाजपा सरकार ने महाकुम्भ को फोटो और वीडियो सेशन का अड्डा बना कर रख दिया। जिनकी जिम्मेदारी तैयारी की थी वह निमंत्री बांटने का ड्रामा कर रहे थे। अधिक बजट का प्रचार करने वाली भाजपा सरकार में महाकुम्भ का बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। कांग्रेस पहले दिन से श्रद्धालुओं के लिए चिंता कर रही थी और शाही स्नान तक वीआईपी कल्चर बन्द करने को कह रही थी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने सही समय पर जागरुकता दिखाई होती तो भगदड़ से बचा जा सकता था।

## माफिया की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में चौथ वसूली, अपहरण, हत्या का प्रयास, षड़यंत्र, धोखाधड़ी, हेराफेरी, छल कपट व कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी बैनामा कराने वाले गैंगलीडर/ हिस्ट्रीशीटर/ अपराध माफिया अभियुक्त साजिद खान की थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा धारा 14(1) गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत मूल्य 81,28,240 रूपये (81 लाख 28 हजार दो सौ चालीस रूपये) की अचल सम्पत्ति को मौके पर जाकर कुर्क करते हुए की गयी जब्तीकरण की कार्यवाही के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा बाइट दी गयी।

# कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

■ मेयर की बर्खास्तगी की मांग

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में विकास बाजार स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष मेयर नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा की जा रही धांधली, गुटबाजी, भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं और हिटलर शाही रवैया के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से बर्खास्त किए जाने को दिया गया। महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन मेयर विनोद अग्रवाल की सरपरस्ती में अत्यंत भ्रष्टाचार का बोल बाला है तथा उक्त भ्रष्टाचार को लेकर मेयर द्वारा अपने हिस्से को लेकर हटधर्मिता अपनायी जा रही है। जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव मथुरा की जनता पर पड़ रहा है क्योंकि मथुरा के विकास हेतु जो भी कार्य होने हैं, वह अधूरे हैं तथा जो हो भी रहे हैं, वह मानकों के अनुरूप नहीं हो रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 15वें वित्त की 42 करोड़ रूपये की फाइल जिसके माध्यम से सभी 70 वार्डो में विकास कार्य होने हैं, उस पर मेयर हठधर्मिता व मोटे कमीशन न मिलने के कारण हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे हैं तथा फाइल को पेन्डिंग में डाल रखा है। जिस दिन से उपरोक्त मेयर महोदय ने शपथ ली है, उस दिन से नगर निगम के कार्यालय में यह नहीं बैठे है और नाहीं कोई कैम्प कार्यालय है, जिससे जनता दर-दर की ठोकरें खा रही हैं और सभी विकास कार्यो पर विराम लग चुका है। मथुरा वृंदावन नगर निगम के मेयर विनोद अग्रवाल से पार्षद व कर्मचारी व आम जनता के लोग इसका कारण पूछते हैं तो अपने हिटलरशाही अंदाज में यह जबाव देते हैं तथा कहते हैं कि मैं मेयर हूँ, और अपनी सुविधा के अनुरूप कार्य करूंगा। इंडिया गठबंधन मथुरा लोक सभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर ने बताया कि नगर निगम मथुरा वृंदावन के मेयर विनोद अग्रवाल पूर्व से ही भू-माफिया प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं तथा अपने ही कार्यो में लगे रहते हैं, इन्हें आम जनता से कोई लेना देना नहीं है उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप अत्यंत ही गंभीर हैं मैं मांग करता हूं कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन के माहौल की अपने स्तर पर जांच कराकर ऐसे मेयर को तुरंत बर्खास्त करे नहीं तो हम मेयर के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन महेश चौबे ने किया धारना प्रदर्शन मेंउपस्थित कांग्रेस जनों में सर्वपार्षद धनंजय चौधरी पुनीत बघेल अबरार कुरैशी दिनेश बिंदल शालू अग्रवाल संजय पचौरी विपुल पाठक अप्रतिम सक्सेना जिलानी कादरी मनोज गौड़ मानवेंद्र पांडव दीपक पाठक रमेश कश्यप गौरव सिंह आशीष अग्रवाल वीरेंद्र कुमार उपाध्याय अर्जुन यादव शत्रुघ्न शर्मा मुस्लिम कुरैशी पूरन सिंह काशन रिजवी राजकुमार शर्मा सतीश राजोरिया अनवर फारुकी अनूप गौतम चिरागुद्दीन संतोष श्रीवास्तव इंद्रजीत गौतम नसरुद्दीन अब्बासी नितिन वार्ष्णेय संजीव शर्मा हर प्रसाद शर्मा अशोक सैनी बलवीर धनगर सुरेश शर्मा अनिल खरे बिजेंदर मीणा शाहरुख खान हरि दत्त शर्मा विजय चतुर्वेदी सागर माहौर मुरार माहौर देवेंद्र कुमार लाला जीशान यश चौधरी विपिन चौधरी काशिफ खान भगवानदास हिरदेश विवेक धनगर राजेश धनगर तनवीर पीयूष वर्मा देव यश पवन आदि सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जनों ने नगर निगम मथुरा वृंदावन के महापौर को बर्खास्त करने की जोरदार मांग रखी।

# मथुरा में मलिन बस्ती देखने पहुंचे नगर आयुक्त

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महानगर में नगर निगम के वार्ड निरीक्षण के क्रम में बुधवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बैरागपुरा, रानी मंडी का निरीक्षण किया। वार्ड 17 के इस निरीक्षण में उन्होंने साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क/मार्ग मरम्मत कार्य, प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को देखा। पिछले किछ दिनों से नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा निरन्तर वार्डो में भ्रमण करते हुए कमियों का निस्तारण त्वरित रूप से कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने वार्ड 17 वैरागपुरा रानी मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के क्षेत्रीय पार्षद बृजेश खरे एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी समस्याओं को नगर आयुक्त ने सुना। सर्वप्रथम वाल्मीकि वाटिका का निरीक्षण किया। यहाँ बारात घर निर्माण के लिए 15 वे वित्त मे निर्माण कार्य करने के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल निर्देशित किया गया। वार्ड में निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी गयी समस्याओं को नगर आयुक्त चौधरी द्वारा सुना गया। सर्वप्रथम नगर आयुक्त वाल्मीकि वाटिका पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों के सुविधा हेतु बारात घर के निर्माण हेतु 15 वे वित्त में शामिल कर निर्माण कार्य करने के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल को निर्देशित किया। इसके बाद नगर आयुक्त ने पूरे वार्ड में मलिन बस्ती का निरीक्षण किया। मलिन बस्ती में साफ-सफाई सड़क/ मार्ग, जल निकासी पेयजल पूर्ति, प्रकाश व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं को देखा।

# एक बार फिर गुलजार होगी चटोरी गली

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** समतामूलक चौक के पास चटोरी गली एक बार फिर गुलजार होगी। चटोरी गली में लजीज व्यंजनो के साथ मनोरंजन की भी व्यवस्था होगी। इसके लिए स्मारक समिति ने निजी कम्पनियों से 5 साल का अनुबंध करते हुए आवंटन पत्र जारी किया है। स्मारक समिति के मुख्य प्रबंधक विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि समतामूलक चौक और प्रतीक स्थल के बीच आशा ज्योति लेन में 40 वर्गमीटर से 80 वर्गमीटर क्षेत्रफल की दुकानें हैं। इसके अलावा 220 वर्गमीटर क्षेत्रफल का एक आउटलेट बना है। यह दुकानें कई सालों से बंद पड़ी हैं। स्मारक समिति के सदस्य सचिव प्रथमेश कुमार के निर्देश पर इन दुकानों को संचालित करने के लिए आरएफपी आमंत्रित की गयी थी, जिसमें कई कम्पनियों ने रूचि दिखाते हुए पेश किया। दिल्ली और लखनऊ की दो निजी कम्पनियों के कंसोर्टियम के साथ चटोरी गली में बनी दुकानों के संचालन के लिए 5 साल का अनुबंध किया गया है। आरएफपी के नियम व शर्तो के तहत कंसोर्टियम स्मारक समिति को प्रतिवर्ष 91 लाख रुपये का भुगतान करेगा और हर वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसके अलावा कम्पनी को सिक्योरिटी के तौर पर 4 लाख 55 हजार रुपये की बैंक गारंटी जमा करानी होगी। उन्होंने बताया कि यह अनुबंध होने से चटोरी गली में जल्द ही दुकानें गुलजार होंगी जहां लोग अलग-अलग तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे। इसके साथ ही कम्पनी स्थल पर किड्स प्ले एरिया और एंटरटेनमेण्ट जोन विकसित करेगी जहां लाइव म्यूजिक आदि गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

## फार्मेसिस्ट खराब मेडिसिन वितरण स्थिति में करें सुधार

**फिरोजाबाद।** मेडीसिन वितरण की स्थिति अत्यन्त खराब पाये जाने पर फर्मेसिस्ट को तत्काल प्रभाव से जिलाधिकारी ने निलम्बन के आदेश दिये तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी को सख्त हितायत देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि व्यवस्थाओ में सुधार न आया तो निलम्बन की कार्यवाही की जाएगी। मरीजो की बीमारियों की जाँच के बारे में जानकारी न देने पर लैब टैक्निशियन को सेवा से निकालने के जिलाधिकारी ने आदेश दिये। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आज ''नगरीय प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र हाजीपुरा'' का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य चिकित्साधिकारी रामबदन राम उपस्थित थे, जिलाधिकारी ने यहाँ उन पंजीकाओ का निरीक्षण किया, जिसमें मरीजों का दिन-प्रतिदिन डाटा फीड होता है परन्तु कोई भी पंजिका व्यवस्थित नहीं मिली। साथ ही साथ ऑनलाइन डाटा फीडिंग की स्थिति अत्यन्त खराब पाई गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति से मिला देवरिया के मदन शुक्ला को सम्मान



**लखनऊ।** देवरिया जिले के चकिया शुक्ल गाँव के निवासी और पुलिस उप-निरीक्षक मदन जी शुक्ला को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से नवाजा है यह पदक की घोषणा वर्ष 2023 में की गयी थी आज 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर यह पदक लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ADG द्वारा दिया गया मदन जी शुक्ला वर्ष 1984 को पुलिस में भर्ती हुए थे और अपने 40 वर्षो के सेवाकाल में इन्हे कई पदकों से नवाजा जा चूका है मदन जी बाराबंकी, गोरखपुर, सीतापुर, श्रावस्ती व गोंडा में राजकीय कार्यों का निर्वहन कर चुके हैं। जिसके लिए उन्हें पूर्व में भी पुलिस महानिदेशक की ओर से सराहनीय सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक व अन्य प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा चुका है।

### एलडीए ने अवैध निर्माण को सील कराया

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को बाजारखाला में अवैध निर्माण को सील कराया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि शशि कुमार रस्तोगी की ओर से बाजारखाला में बिल्लौचपुरा रोड पर सराय आगा मीर में लगभग 80 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे, जिस पर प्रवर्तन टीम ने निर्माण को सील कराया।

### 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर न्यायमूर्ति ने उच्च न्यायालय में फहराया तिरंगा




**लखनऊ।** 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर न्यायमूर्ति अताउ रहमान मसूदी, वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, लखनऊ ने उच्च न्यायालय, लखनऊ परिसर में बड़े गौरव और श्रद्धा के साथ राष्टीय ध्वज फहराया तथा राष्ट्गान गाया एवं पी.ए.सी. बैंड द्वारा मनोहारी प्रस्तुति की गयी। इसके बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति के साथ अन्य न्यायमूर्तिगण व उनके जीवनसाथियों, उच्च न्यायालय के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, उत्तर प्रदेश के अपर महाधिवक्तागण, मुख्य स्थायी अधिवक्तागण, शासकीय अधिवक्ता, अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव और कार्यकारिणी के सदस्यों ने राष्टपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह जानकारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ के संयुक्त रजिस्ट्रार अशोक कुमार यादव द्वारा दी गई।

### गरीब व्यक्ति कन्यादान योजना के लिए आवेदन करें

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ हो गई है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, राज्य केन्द्र, राज्य ईकाई, लखनऊ द्वारा संचालित बेवसाइट http://shadianudan.upsdc.gov.in के माध्यम से आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर उपरोक्त वर्णित शासनादेश में निहित प्रकिया के अनुसार पात्र आवेदकों को अनुदान की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। यह उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के दृष्टिगत पात्र आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त कर शासनादेश में दी गई व्यवस्थानुसार पात्रता की श्रेणी में आने वाले आवेदकों को योजना का लाभ दिया जाना है। अतः इच्छुक व्यक्ति उक्त योजना का लाभ लिए जाने हेतु उक्त बेवसाइट पर ऑनलाइन अपना आवेदन पत्र सम्पूर्ण औपचारिकताओं यथा तहसील द्वारा जारी गरिबी रेखा का आय एवं जाति प्रमाण पत्र, कन्या एवं वर की उम्र हेतु प्रमाण पत्र शादी का कार्ड के साथ किसी भी जन-सुविधा केन्द्र, साइबरकैफे, निजी इण्टरनेट के माध्यम से अथवा स्वंय ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# आयतुल्लाह दिलदार अली गुफरानमआब की याद में हुई गोष्ठी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आयतुल्लाह दिलदार अली गुफरानमआब की याद में हजरत गुफरानमआब शीर्षक से दफ्तरे मकतबे फिकही व कलामी हजरत गुफरानमआब की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हुसैनाबाद के घण्टाघर के पास स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता आयतुल्लाह खामेनाई के प्रतिनिधि शेख मेहदी मेहदवीपुर ने की। कार्यक्रम का आगाज मौलवी अमीर हम्जा ने तिलावते कलामे पाक से की और मोहम्मद आदल वसीफ जायसी ने हम्द और नात पेश की। कार्यक्रम में मौलाना मुस्तफा हुसैन नकवी, असीफ जायसी, मौलाना तकी रजा बुरकई अलीगढ़, शेख मेहदी मेहदवीपुर, मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने हजरत गुफरानमआब की अहमियत और अजमत बयान की। इस दौरान वक्ताओं ने आयतुल्लाह गुफरानमआब की पुस्तकों और शैक्षिक कामों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में हजरत गुफरानमआब और उनके बेटों के जीवन पर मौलाना असीफ जायसी की लिखी पत्रिका, मौलाना आदिल फराज की सरगुजिश्ते सुल्तानुल उलमा, आयतुल्लाह कल्बे बाकिर जायसी अल-हायरी की किताब दलायल अल-खैरात, चौधरी सिब्ते मोहम्मद नकवी की किताब अमजद अली शाह और विभिन्न उलमा के लेखों के संग्रह जिनका संकलन मौलाना असीफ जायसी ने किया है इस्लाम शनासी का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मौलाना निसार अहमद जैनपुरी, मौलाना मंजर सादिक, डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी, मौलाना नजर अब्बास रिजवी, मौलाना अकील अब्बास, मौलाना अब्बास असगर शबरेजा, मौलाना तसनीम मेहदी, डॉ. सिब्ते हसन, रूमी नवाब, मौलाना मकातिब अली खां, मौलाना मंजर शफी, मौलाना इस्तेफा रजा, मौलाना सकलैन बाकरी, मौलाना अरशद हुसैन अरशी, मौलाना डॉ. अली सलमान रिजवी, मौलाना अली हैदर, मौलाना सगीर हुसैन, मौलाना शबाहत हुसैन, शिया वक्फ बोर्ड चेयरमैन अली जैदी, नजमुल हसन रिजवी, चौधरी सिब्ते मोहम्मद नकवी के पुत्रों सहित अन्य उलमा मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन अहमद अब्बास नकवी और संचालन मौलाना आदिल फराज ने किया।

## बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**शिकोहाबाद।** बीडीएम गर्ल्स महाविद्यालय में मंगलवार को रानी लक्ष्मी बाई सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्षा रानी गुप्ता ने की। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि चैयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता के सौजन्य से पुरूस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष रानी गुप्ता, राजीव गुप्ता एवं नगर पालिका परिषद के कार्यालय अधीक्षक हृदय राम का पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय की गोल्ड मेडलिस्ट छात्राएं कु डौली (एमए संस्कृत), तथा राज्य युवा उत्सव लखनऊ उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता लोकगीत में प्रथम स्थान एवं राष्ट्रीय स्तर पर उप्र का प्रतिनिधित्व करने वाली संगीत विभाग की छात्राओं स्मृति जैन, इत्यादि छात्राओं को नगद राशि प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया।

# मछली पालन में फिश फीड की भूमिका अहम: कसेरा




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** महानगर लखनऊ स्थित होटल द गोल्डन एप्पल में सोना गोल्ड एग्रो केम प्रा. लिमिटेड कंपनी के द्वारा मछली दाना डीलर एवं फॉर्मर मीट प्रोग्राम किया गया। जिसका मंच संचालन विकास कुमार ने किया। सभा में एजीएम नवीन कुमार ने कंपनी के इतिहास एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। परमजीत प्रभाकर एवं प्रभात रंजन के द्वारा फीड क्वालिटी एवं टेक्निकल फॉर्मिंग के बारे में बताया। मुख्य अतिथि डॉक्टर सुधाकर जी ने सभा को संबोधित करते हुए फिश फीड फॉर्मिंग, डिजीज एवं मछली पालन में आने वाले समस्याओं के समाधान पर चर्चा किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक अमर कसेरा ने बताया कि मछली पालन में फिश फीड की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि सोना गोल्ड एग्रो की फीड्स क्वालिटी, सेल्स प्रमोशन एवं डीलर मीट से होने वाले फायदा के बारे में बताया और डीलर बंधु को आने वाले भविष्य में लगातार बेहतर मछली दाना देने का वादा किया और कंपनी के कुछ आकर्षक डिस्काउंट स्कीम के घोषणा की। अंत में डीलर फॉर्मर द्वारा पूछे गए तमाम तरह के समस्याएं एवं बीमारी के इलाज के बारे में हर तरह के सवालों का जवाब डॉक्टर सुधाकर ने दिया जिससे सारे डीलर एवं फॉर्मर काफी खुश दिखे।

# फुटओवर ब्रिज फूडीज और फन लवर का बनेगा नया ठिकाना



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सीजी सिटी में इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पीछे बना फुटओवर ब्रिज शहर के फूडीज और फन लवर का नया ठिकाना बनेगा। इसके लिए फुटओवर ब्रिज के आस-पास 20 हजार वर्गमीटर क्षेत्र को रचनात्मक व मनोरंजन गतिविधियों के लिहाज से विकसित किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसके लिए आरएफपी जारी किया है। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सीजी सिटी में हार्मनी पार्क के पास लगभग 20 हजार वर्गमीटर भूमि को रचनात्मक व मनोरंजक गतिविधियों के क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस क्षेत्र को मुख्य रूप से कला, शिल्प और संस्कृति पर केन्द्रित किया जाएगा। इस क्षेत्र में बने फुटओवर ब्रिज के पास 7 दुकानें बनाई जाएंगी, जहां अलग-अलग तरह के क्यूजीन का लुत्फ लोग उठा सकेंगे। इसके अलावा यहां सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विशेष स्थान विकसित होगा, जहां आर्ट गैलरी, ओपन माइक, मूक अभिनय जैसी गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी। साथ ही फुटओवर ब्रिज के पास एक इंटरप्रिटेशन सेंटर का भी प्रावधान किया जाएगा, जहां लोगों को वेट लैण्ड और पक्षियों से संबंधित जानकारी मिलेगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि यह क्षेत्र शहीद पथ व इकाना क्रिकेट स्टेडियम से एक किलोमीटर की दूरी पर है, जिससे लोगों को यहां पहुंचने के लिए सीधी और आसान कनेक्टिविटी मिलेगी। इस क्षेत्र के पास सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट भी आकार ले रहा है, जिससे भविष्य में यह क्षेत्र लोगों के मनोरंजन का केन्द्र बनेगा। एजेंसी के जरिए इस क्षेत्र को विकसित और संचालित किया जाएगा, जिसके लिए आरएफपी जारी कर दी गयी है।

# कर्बला दियानुतद्दौला व इमामबाड़ा सुगरा में हुई मजलिसें





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों की सफर की याद में बुधवार को कर्बला दियानुतदौला परिसर में मजलिस व जुलूस की जियारत का आयोजन किया गया। मौलाना एजाज अतहर ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि आज इस्लामी माह रजब की 28 तारीख का यह वही दिन है जब हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिए अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ मदीने से सफर शुरू किया था और दो मोहर्रम को कर्बला पहुंचे थे।जहां इमाम ने अपनी और अपने साथियों की कुर्बानी देकर इस्लाम को कयामत तक के लिए महफूज कर लिया। इसके बाद चौदह सौ वर्ष पूर्व इमाम हुसैन (अ.स.) द्वारा मदीने से कर्बला जाने वाले काफिले के मंजर को देखकर लोगों की आंखें अश्कबार हो गयीं। जुलूस हजरत अली असगर (अ.स.) का झूला, जुलजुनाह, ऊटों पर अमारी, अलम, काले झंडे आदि थे। जुलूस में पुरुषों के साथ महिलाओं और बच्चों ने शिरकत करके जुलूस की जियारत की इमामबाड़ा कसरे हसनैन काजमैन रोड में आयोजित महिलाओं की मजलिस को जाकिरा निगार फातिमा ने खिताब किया। मुसाहबगंज स्थित इमामबाड़ा सुगरा में भी सफर-ए-इमाम हुसैन (अ.स.) की याद में जुलूस निकाला गया जो इमामबाड़ा मीरन साहब जाकर समाप्त हुआ। मजलिस के बाद जुलूस निकाला गया जिसमें ऊंट पर नकारा बजाया जा रहा था। बच्चें हाथों में झंडे लिए चल रहे थे। इसके अतिरिक्त जुलूस में हजरत अब्बास (अ.स.) का अलम, हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की सवारी का प्रतीक जुलजनाह और हजरत अली असगर (अ.स.) का झूला शामिल था। इसी तरह अजाखाना-ए-मरहूम सिकन्दर आगा कश्मीरी मोहल्ला में मजलिस को मौलाना अबुतालिब मेहदी ने खिताब किया। कर्बला अजमतुतदौला मेहदीगंज में मौलाना दानिश जैदी ने मजलिस को खिताब किया।

## जामा मस्जिद तहसीनगंज में मजलिस आज

**लखनऊ।** मरहूम शाहिद अखतर रिजवी की मजलिस का आयोजन बृहस्पतिवार को जामा मस्जिद तहसीनगंज में किया जायेगा। मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी शाम 7 बजे खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस इसी दिन इमामबाड़ा मलका आफाक तहसीनगंज में शाम 7 बजे होगी।

# डाक विभाग की दीन दयाल स्पर्श योजना

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आधुनिक युग में बच्चों के अन्दर अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से डाक विभाग की दीन दयाल स्पर्श योजना (Scholarship for Promotion of Aptitude & Research in Stamp as a Hobby) के नाम से उक्त छात्रवृत्ति योजना विगत वर्षों से चल रही है। यह योजना कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों के लिए है। शौक के तौर पर डाक टिकटों के प्रति अभिरुचि तथा इस क्षेत्र में शोध के प्रचार-प्रसार हेतु दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत उन मेधावी छात्रों को वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रस्ताव है, जिनका शैक्षिक रिकॉर्ड अच्छा है और जिन्होंने शौक के तौर पर फिलैटेली को अपनाया है। उक्त क्रम में 29 सितम्बर 2024 को प्रथम चरण के अंतर्गत लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन लखनऊ जीपीओ में संपन्न हुआ जिसमे लखनऊ के विभिन्न स्कूल सेठ आनंदराम जयपुरिया, मॉडर्न स्कूल, नवयुग रेडिएंस, महर्षि विद्या मंदिर, सिटी मांटेसरी स्कूल, बाल विद्या मंदिर, सिटी इंटरनेशनल स्कूल से कक्षा 6,7,8 एवं 9 के 93 बच्चों द्वारा सहभागिता की गयी। कार्यक्रम में सुशील कुमार तिवारी, चीफ पोस्टमास्टर, लखनऊ जीपीओ, राजेश कुमार, डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर, अमनदीप कौर, डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर, एस. के. अवस्थी, मैनेजर (बीएनपीएल) तथा प्रियंका श्रीवास्तव, परिवाद निरीक्षक, लखनऊ जीपीओ आदि उपस्थित रहे।

# जमील सर स्पोर्ट्स एकेडमी में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

- स्वर्गीय सनत कुमार दीक्षित जी की स्मृति में आयोजन
- विजयी खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जमील सर स्पोर्ट्स एकेडमी सिविल लाइन ललितपुर में गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर स्वर्गीय सनत कुमार दीक्षित जी की स्मृति में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ, दिनांक 25 जनवरी 2025 को अपराह्न 3=00 बजे से स्वर्गीय सनत कुमार दीक्षित जी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण झांसी मंडल झांसी कार्यालय के रिटायर्ड वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सरस कुमार जैन, सेवानिवृत्ति प्रशासनिक अधिकारी रमाकांत दीक्षित व एडवोकेट रविकांत दीक्षित द्वारा स्वर्गीय सनत कुमार दीक्षित जी की फोटो पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए किया गया, अन्य उपस्थित अतिथियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात अकादमी के बच्चों द्वारा अतिथिगण का बैच लगाकर सम्मान किया गया, इस मौके पर उपस्थित अतिथि गणों ने स्वर्गीय सनत कुमार दीक्षित जी के अपने जीवन काल में दिए गए योगदानों और उनके कार्य व्यवहार के बारे में प्रकाश डाला। इसी दौरान उद्घाटन मैच खेलने के बाद क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल मैच देर रात तक संपन्न हुए। दिनांक 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन प्रातः अकादमी के बच्चों एवं एकेडमी संचालक आदि की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम जन गण मन गीत गाकर किया गया और उपस्थित अतिथि व्यवस्थाओं ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के बारे में बच्चों को अपने विचारों से प्रेरित किया, तत्पश्चात सभी सेमीफाइनल मैच और फाइनल मैच संपन्न हुए। सायंकाल समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ, समापन कार्यक्रम के दौरान सरस चंद जैन रिटायर्ड वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी आयुक्त कार्यालय झांसी मंडल झांसी, शशि कांत दीक्षित, श्री हुंडैत जी, करीम असर, जहीर ललितपुरी, जीशान सर, बच्चों के अभिभावकों और खिलाड़ी बच्चे उपस्थित रहे। विजेता और विजेता बच्चों को एवं निर्णायकों के अलावा प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे-- सब जूनियर बालक एकल अंडर 11 वर्ग में समिक बरैया ने पहला स्थान, आरव वर्मा ने दूसरा स्थान, वेदांत सूर्यवंशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, बालिका सब जूनियर अंडर 11 वर्ग में माही राठौर ने पहला स्थान आरायना जैन ने दूसरा स्थान अनायसा नुना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जूनियर बालक वर्ग अंडर 14 में आराध्य अग्रवाल ने पहला स्थान, श्रेयस जैन ने दूसरा व ध्रुव जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जूनियर बालिका वर्ग अंडर 14 में अश्विका रजक ने पहला, सौम्या राठौर ने दूसरा, जीनत खान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जूनियर बालक वर्ग अंडर 17 में शिवांश श्रीवास्तव ने पहला, अभिनव वर्मा ने दूसरा व विर्कष सिंघई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, बालिका अंडर 17 वर्ग में अर्शिका खान एंजेल ने पहला स्थान श्रेया अग्रवाल ने दूसरा स्थान और इल्मा खान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन व मुशायरा संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदवी के तत्वाधान में पं.रामप्रकाश शर्मा की निवास पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कवि काका ललितपुरी ने की एवं विशिष्ट अतिथि डा.खेमचंद कबीर पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. ने कहा हिंदू मुस्लिम सिख इसाई पूछ लो हर इंसान से देश फतवो से नही ये चलता है संविधान से। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये कवित्री सुमनलता शर्मा चांदनी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि नमन शहीदो को हम करें यादों के दीप जलाएं हुए देश के जो शहीद उनको शीश झुकाएं। क्रांतिकारी अशोक ताम्रकार ने गीत पढ़ते हुए कहा जिन्होंने देश के लिए जान दी वह शहीद हो गए, जिन्होंने देश के जान ली वह अमीर हो गए। राधेश्याम ताम्रकार ने गजल पेश करते हुए कहा मजहब जुदा जुदा सही बतन एक है, धूल के रंग रंग के चमन तो एक है। रामस्वरूप नामदेव अनुरागी ने गीत पढते हुये कहा जिसे खूब सराहा गया बली बेदी पर बीरो ने शीश चढाए है। मां के भक्तों ने कई कष्ट उठाए है। प्रशांत श्रीवास्तव ने शहीदों को श्रद्धांजलि करते हुए कहा जिनके सिंदूर सरहदों पे विश्व घर कर जाते हैं, बही सुबह की ललियों में उभर कर आते है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस पेंशनर्स वार्षिक पत्रिका अनुभव दर्शन का विमोचन किया गया



**संभल।** 76 वें गणतन्त्र दिवस पर माननीय मंत्री श्रीमती गुलाब देवी जी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस लाइन बहजोई में पुलिस पेंशनर्स को समर्पित पुलिस पेंशनर्स पत्रिका अनुभव दर्शन का विमोचन किया गया। इस पत्रिका में पेंशनर्स द्वारा अपने सेवाकाल के अनुभवों व अपने सुझावों को सबके लिए एक मार्गदर्शन हेतु साझा किया गया है। जनपद सम्भल के सभी पुलिस पेंशनर्स को समर्पित करते हुए इस वार्षिक पत्रिका की पहल की गयी है ताकि सेवा निवृत्ति के उपरान्त भी पेंशनर्स पुलिस विभाग में अपना योगदान देते रहे तथा सभी के साथ परस्पर संवाद बना रहे। जनपद सम्भल में पुलिस पेंशनर्स सेल की प्रत्येक माह होने वाली पेंशनर्स गोष्ठी की झलक के साथ-साथ सभी पेंशनर्स का विवरण भी इस पत्रिका में है।

## प्रयागराज हादसे मे श्रद्धालुओं की मृत्यु पर जताया दुख आत्मा की शांति के लिए दुआ की गयी



**संभल।** प्रयागराज में हादसे के दौरान हुई दुखद घटना में श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु पर शहर के चौधरी सराय चौराहे पर दादा बहाउद्दीन शाह के मजार पर दुआ की गई शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में आज चौधरी सराय चौराहे पर बाबा बहाउद्दीन जी के मजार पर प्रयागराज में कुंभ के मेले में मौनी अमावस्या के दौरान संगम में श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु पर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा हादसे में घायल हुए लोगों को स्वस्थ होने की कामना की तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दुखद घटना की जांच की मांग की इस अवसर पर हाजी अशरफ अंसारी प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक विभाग शिव किशोर गौतम जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग आरिफ खान तनवीर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग हाजी आरिफ तुर्की जिला आवास सचिव सुभानी शहर में सदस्यों इस प्रकार कुरेशी नफीस तुर्की निसार हुसैन अब्दुल कादिर अली हुसैन मोहम्मद शोएब आदि उपस्थित रहे।

## महरौनी विधानसभा प्रभारी बने दीपक अहिरवार



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कपिल अहिरवार ने अवगत कराया है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के निर्देशानुसार एवं मुख्य मण्डल प्रभारी लालाराम अहिरवार, रामबाबू चिरगैंया, कैलाश यादव, मदनराम की प्रबल संस्तुति व उनकी सहमति पर 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में दीपक कुमार अहिरवार टीकरा को नियुक्त किया गया है। उनके अलावा बामसेफ जिला संयोजक पद पर सुमन जाटव एवं जिला उपाध्यक्ष पद पर रहीश राजपूत रमेशरा को नियुक्ति किया गया है। गौरतलब है कि बहुजन समाज पार्टी में जिलाध्यक्ष पद पर रहे दीपक कुमार अहिरवार टीकरा ने अपने कार्यकाल में पार्टी को स्थानीय स्तर पर जिले की ललितपुर और महरौनी विधानसभाओं में काफी मजबूती प्रदान की। उन्होंने गांव-गांव पहुंच कर लोगों को जागरूक किया और पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। अब दीपक कुमार अहिरवार टीकरा को संगठन ने 227 महरौनी विधानसभा प्रभारी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी हैं। इस नियुक्ति को लेकर बसपाईयों में खुशी की लहर व्याप्त है।

## इग्नू के बी.एस.ए. कॉलेज मथुरा केंद्र पर नए सत्र के प्रवेश शुरू

**मथुरा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने शैक्षिक सत्र 2025 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी डिप्लोमा, स्नातक (B.A., B.Com., B.Sc., BBA, BCA) एवं परास्नातक (M.A., MBA) पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। बी.एस.ए. कॉलेज इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. डॉ मधु त्यागी ने बताया कि इच्छुक छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया और पाठ्यक्रम से जुड़ी विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट www.bsacollege.co.in पर भी उपलब्ध है।

इग्नू के अंतर्गत छात्र किसी अन्य विश्वविद्यालय में अध्ययनरत होते हुए भी इग्नू के पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। यह उन छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो अपनी शिक्षा को नए आयाम देना चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश शर्मा ने बताया कि प्राचार्य प्रो डॉ. ललित मोहन शर्मा के निर्देशन में यह सूचना जारी की गई है, जिससे अधिकतम छात्र-छात्राएं इस अवसर का लाभ उठा सकें। छात्रहित में यह महत्वपूर्ण सूचना अधिक से अधिक साझा करें, ताकि सभी योग्य छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# यूनिफाइड एवं न्यू पेंशन स्कीम का कर्मचारियों ने किया विरोध

- शिक्षक बोले- पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढापे का सहारा

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** ऑल टीचर्स एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के आह्वान पर सम्पूर्ण देश में एनपीएस एवं यूपीएस का विरोध लगातार चल रहा है। बीआरसी बार पर शिक्षक और कर्मचारियों ने यूपीएस लिखे कागज को जलाकर यूनिफाइड पेंशन स्कीम का सांकेतिक विरोध किया एवं नारेबाजी की। अटेवा महामंत्री रामेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि एनपीएस एवं यूपीएस हमें किसी भी हाल में मंजूर नहीं है। पुरानी पेंशन ही शिक्षक व कर्मचारियों के बुढापे का सहारा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार पुरानी पेंशन को बहाल नहीं करती है तो राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशन पर कर्मचारी राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन के लिए तैयार होंगें। इस मौके पर रामेन्द्र सिंह यादव, रोहित घनघोरिया, पुष्पेंद्र जैन, डा.बृजेश कुशवाहा, राजीव जैन, धर्मेंद्र जैन, नंदराम यादव, मंगल सिंह, बृजेश झां, उदयभान सिंह, रमाकांत चौरसिया, दीपक सिंघई, मोहित अग्रवाल, बिहारी लाल, अभिषेक शर्मा, विजय सिंह यादव, कृष्णकांत रावत, राहुल तिवारी, दीपक बाबू, राजीव लिटोरिया, दिनेश वर्मा, रवि गुप्ता, ऋषभ जैन, सुमित गुप्ता, रविन्द्र सिंह, राहुल तिवारी, विक्रम सिंह, नीरज साहू, जलज ज्योति, रामवीर सिंह, आकांक्षा यादव, प्रिया जैन, राखी राजपूत, सृष्टि वर्मा, भारती राय, अंजू शाक्यवार, अंजू दुबे, प्रियंका शाक्यवार आदि अनेक शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में छात्रों की अपार आईडी बनाने की गति धीमी

- 145 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक आए बीएसए के निशाने पर
- सभी छात्रों की अपार आईडी बनाने के दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** यू-डायस अपार की धीमी प्रगति वाले विद्यालयों के इंचार्ज व्र प्रधानध्यापक बीएसए के निशाने पर आ गए हैं। इनके द्वारा अपने अपने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रगति और उपलब्धि को ट्रैक किये जाने के सम्बन्ध में यू-डायस पोर्टल के माध्यम से लगातार चेतावनी दिए जाने के बाद भी अपलोड नहीं की जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने 27 जनवरी को इस योजना की समीक्षा में पाया कि सहायता प्राप्त विद्यालयों द्वारा अद्यतन मात्र 63.01 प्रतिशत ही कार्य यू-डायस पोर्टल पर छात्र-छात्राओं के अपार आईडी सृजन का कार्य पूर्ण किया गया है। जबकि 947 राजकीय, परिषदीय, विद्यालयों 90 प्रतिशत कार्य यू डायस पर छात्रों की अपार आईडी बनाने का किया गया है। जबकि 145 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के द्वारा अभी तक यह कार्य नहीं किया गया है। जिससे जनपद की रैक प्रभावित हो रही है।

अब बीएसए ने शेष बचे राजकीय, बेसिक शिक्षा परिषद व सहायता प्राप्त विद्यालयों में तत्काल कार्य को पूर्ण नहीं किया गया तो उनकी विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि वे शीघ्र अपने खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्य पूर्ण करने की रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

## 144 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन की हुई कार्यवाही

**मथुरा।** जनपद में 307 आंगनबाडी कार्यकत्री के पदों की भर्ती प्रकिया तहत द्वितीय चरण में आज 7 परियोजनाओं क्रमशः शहर ,नौहझील ,गोवर्धन ,नंदगांव ,बलदेव ,छाता एवं फरह के कुल 65 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वरीयता सूची में आने वाले 144 आवेदकों के आय, जाति,निवास एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन का कार्य जनपद स्तरीय चयन समिति एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा राजीव भवन सभागार में किया गया। आज 36 आवेदक अनुपस्थित रहे। अगले चरण में पुनः 10-10 केन्द्र प्रति परियोजना के अनुसार 5 फरवरी को शेष बचे अभ्यार्थियों को समिति के समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद स्तरीय चयन समिति में जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे ,अवर अभियंता माइनर इरीगेशन विकास कुमार ,जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी और सदस्य सचिव- जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा एवं सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस द्वारा लगाया जा रहा विशाल मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

- 31 जनवरी को कंपनी के प्रबंध निदेशक का नगर आगमन

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस द्वारा भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से विशाल निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया जा रहा है। 31 जनवरी शुक्रवार को मरीजों की जांच एवं 1 फरवरी को डॉक्टरों द्वारा श्री दिगम्बर जैन भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय में ऑपरेशन किया जाएगा। 31 जनवरी को कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत करेंगे। आपको बता दे कि दानवीर कर्ण को आज भी दुनिया का सबसे बड़ा दानी माना जाता है, कहा जाता है कि स्नान के बाद कर्ण से जो भी मांगा जाता था, वो उसे दे देते थे। हम आपको कलयुग के दानवीर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने अपनी लगभग सारी संपत्ति दान कर दी थी। दरअसल श्रीराम ग्रुप के फाउंडर आर त्यागराजन ने अपने छोटे से घर और 5 हजार डॉलर की कार को छोड़कर लगभग सारी संपत्ति कुछ कर्मचारियों को दान में दे दी थी। बिजनेस जगत के दानवीरों की लिस्ट में विप्रो के अजीम प्रेमजी के बाद आर त्यागराजन का नाम भी लिखा गया। उसी नाम को आगे बढ़ाते हुए श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस समाजसेवा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ गया है और मोतियाबिंद जैसे निःशुल्क शिविर के अलावा छात्रहित में स्कॉलरशिप प्रदान करना गरीबों को रोजगार मुहैया कराना जैसे अन्य प्रकार से समाज के लोगों की मदद में अग्रणी भूमिका में नजर आता रहा है।

**एमडी मनोज जैन का सफर-** बुन्देलखण्ड के झाँसी जिले की तहसील बबीना में वह माध्यम व साधारण परिवार में जन्मे मनोज जैन ने 1976 से 1985 के मध्य केंद्रीय विद्यालय बबीना केंट से 12 पास कर उन्होंने 1987 से 1989 में गौर यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री हासिल की। इसके बाद 2007 से प्रबन्धक निदेशक का कार्यभार संभाला ओर अभी तक वह श्रीराम लाइफ इन्श्योरेंस को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य कर रहे है। ललितपुर से नाता भी इनका पुराना रहा और इनकी ससुराल भी ललितपुर शहर में है।

**2024 में मिला था वर्ल्ड लीडर बिजनेस पर्सन का अवॉर्ड**

श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक मनोज जैन को विगत बर्ष 2024 में उन्हें वर्ल्ड कॉन्फेडरेशन ऑफ बिजनेस (वर्ल्ड कॉब) ने द बिज सिग्नेचर 2024 में वर्ल्ड लीडर बिजनेस पर्सन का अवार्ड दिया था।

श्रीराम लाइफ इन्श्योरेंस के प्रबंधक निदेशक मनोज कुमार जैन निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में सम्मिलित होने के बाद वह कंपनी की मीटिंग लेंगे और उसी दौरान वह पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता कर कंपनी का एजेंडा और उसकी ग्रोथ व सफलता के बारे में इसी के साथ ग्राहक व निवेशकों को मिल रहे फायदा के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे।

# क्षत्रिय समाज मेलवारा में हुई श्रद्धांजलि सभा

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** क्षत्रिय समाज बुन्देला मैलवाराकलां में चाली राजा पूर्व प्रधान के अग्रज गुलाब सिंह बुन्देला के आकस्मिक निधन पर श्रधांजलि सभा सम्पन्न हुई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि मृत्यु भोज के स्थान पर श्रधांजलि सभा का निर्णय मेलवारा बुन्देला परिवार की एक सराहनीय पहल है। ऐसे निर्णय समाज के सभी गांव के क्षत्रिय समाज जरूर ले। समाजवादी विचारक राघवेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि कुप्रथाओं के दमन के लिए समाज को आगे आना होगा। आज क्षत्रिय समाज पतन की ओर जा रहा है, जो सोचनीय है। उन्होंने कहा कि हमे अपने पूर्वजों के नाम एक पौधा लगाकर उनका नाम अमर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को जीते जी माता पिता को प्रयागराज एवम सभी तीर्थ क्षेत्र के दर्शन कराना चाहिए। राज्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने ऐतिहासिक निर्णय लिया जो सराहनीय है। अशोक रावत ने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार सिर्फ 13 ब्राह्मण का भोज प्रथा थी, जो धीरे धीरे ब्रह्द रूप ले लिया था, जो सही नही है। लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा ने कहा कि अपने माता पिता की स्मृति में उनके नाम का पेड़ लगाए। बॉबी राजा ने कहा कि अब परिवर्तन करना बहुत आवश्यक हो गया है। इसके लिये समाज प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज समाज मे जो वैमनस्यता फैली है उसको दूर करने के लिए सभी को जागरूक होना होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार, प्रताप सिंह गौर, केपी राजा बुन्देला, रविन्द्र राजा, रतिराम निरंजन, तुलसीराम कुशवाहा, पहलवान सिंह, हरनाम सिंह, मजबूत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एआइपीएमएम ने श्रद्धालुओं के मृत्यु पर शोक व्यक्त

**महाकुंभ में भगदड़**

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ महाकुंभ में हुई भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा शोक व्यक्त करता है। इस हादसे में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और अनेक लोग घायल हुए हैं। संगठन मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है।

महाकुंभ भारत की सबसे विशाल धार्मिक परंपराओं में से एक है, जहां करोड़ों श्रद्धालु अपने आध्यात्मिक विश्वास के साथ स्नान, पूजा और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। इतने बड़े आयोजन में प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के लिए भीड़ को नियंत्रित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। कभी-कभी भावनाओं की तीव्रता और अव्यवस्थित परिस्थितियों के कारण ऐसी दुखद घटनाएं घटित हो जाती हैं।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ सभी श्रद्धालुओं से अपील करता है कि वे प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें, अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम तथा धैर्य बनाए रखें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी आपातकालीन स्थिति में स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम के निर्देशों का पालन करें।

संगठन प्रशासन और आयोजन समिति से भी आग्रह करता है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से अपने धार्मिक अनुष्ठान कर सकें।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और प्रशासन से आग्रह करता है कि घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की जाए तथा मृतकों के परिवारों को आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना।

# भाषा विवि में हुआ स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। बतादें कि सरकार द्वारा सभी शिक्षण संस्थाओं में स्वयम के माध्यम से डिजीटल शिक्षा को महत्व दिया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय की अध्यक्षता में स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में सभी शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया। वर्कशॉप इंटीग्रेशन इंप्लीमेंटेशन ऑफ स्वयम कोर्सेज एंड नेशनल क्रेडिट फ्रेम वर्क उन्नति लाइट ऑफ NEP 2020 विषय रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद सभी रिसॉर्स पर्सन को शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना भाषा विवि की डीन, सामाजिक विज्ञान संकाय की प्रो. चन्दना डे रखी। वर्कशॉप को संबोधित करते हुए रिसॉर्स पर्सन प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डीन, अकादमिक सेल, लखनऊ विश्वविद्यालय ने बताया कि नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भारत के भविष्य के लिए एजुकेशन एंड स्किलिंग को अपनाने पर जोर दिया। प्रो. मिश्रा ने क्रेडिट सिस्टम के विजन और उद्देश्यों को समझाते हुए इसकी महत्ता को बताया। मिश्रा ने स्किल्ड बेस्ड एजुकेशन को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने डिजिटल शिक्षा को एक्सेप्ट करने की बात भी कही। प्रो. मिश्रा क्रेडिट सिस्टम में अकादमिक बैंक क्रेडिट के बारे में भी विस्तार से बताया। आपने क्रेडिट सिस्टम के एडवांटेज को अच्छी तरह से स्वीकारने की भी सलाह दी। प्रो. मिश्र ने बताया कि अब पूरी शिक्षा को क्रेडिट के माध्यम से मूल्यांकन किया गया है। प्रो. मिश्रा ने शिक्षा को थ्योरी और प्रैक्टिकल बेस्ड एजुकेशन में वर्गीकृत करने की बात कही। प्रो. ट्रेनिंग को भी शिक्षा में सम्मिलित करते हुए इसकी महत्ता पर बल दिया। प्रो. मिश्रा ने राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क को अपनाने पर भी जोर दिया। वहीं वर्कशॉप के दूसरे सत्र को संबोधित करने हुए डॉ. अंगना सेनगुप्ता, समन्वयक, स्वयम NPTEL लोकल चैप्टर आईआईटी कानपुर ने बताया कि बदलाव में एक जनरेशन को अधिक मेहनत करनी होती है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षण संस्थाओं में नोडल अधिकारी नियुक्त करना है। जिसके माध्यम से संस्था के शैक्षणिक माहौल को डिजिटलाइज्ड करना ही है। हमें विभाग में BOS के माध्यम से स्वयम के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण उपलब्ध कराना ही है। स्वयम एनपीटीईएल कोर्सेज को विश्वविद्यालय खुद ही परीक्षा करा सकता है। सभी कोर्सेज बिल्कुल निःशुल्क हैं। सभी कोर्सेज हिंदी, इंग्लिश में उपलब्ध हैं। अगर विश्वविद्यालय चाहे तो रीजनल भाषा में परीक्षा ले सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि शिक्षक समाज के प्रतिनिधि के रूप में जाने जाते हैं। कुलपति ने बताया कि ऑनलाइन शिक्षा आज की आवश्यकता है हमें उसे अपने शिक्षण में शामिल अवश्य करना चाहिए। उन्होंने स्किल्ड बेस्ड एजुकेशन, क्रेडिट सिस्टम और न्नष्ट पॉलिसी के अनुसार शिक्षण करना चाहिए।

वर्कशॉप का धन्यवाद ज्ञापन स्वयम की नोडल अधिकारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी ने किया।

# 28 रजब को इमाम हुसैन के सफर की याद में मजलिसे बरपा की गयी

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सालाम ने 28 रजब को अपने परिवार सहित मदीना अपने वतन से मक्का के लिए सफर शुरू किया था इस की याद मे बुधवार को शिया समाज के लोगो ने मजलिसे की जिसमे वक्ताओ ने सफर ए इमाम हुसैन अलैहिस्सालाम बयान फरमाया इमाम बाडा इमाम अली रज़ा मुहल्ला नूरियो सराय मे मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें डॉ आबिद साहब ने खिताब किया मरसिया शमाईम रजा ने पेश किया।

डॉ आबिद साहब ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन के संदेशो का पालन करे इमाम हुसैन ने करबला के मैदान मे जो कुरबानी पेश की है उसको समझे इमाम हुसैन ने किसी राज पाट के लिए अपना वतन मदीना नही छोड़ा था बल्कि इंसानियत के उसूलों को बचने के लिए छोडा था ! डॉ आबिद साहब ने मजलिस के अन्त मे हजरत इमाम हुसैन का मदीना से हुआ सफर बयान किया बाद मजलिस के मातम किया गया अरशद हसन ने नोहा पढा मजलिस मे अली जहीर सलीम मेहदी पैकर संभली नैय्यर अब्बास हुसैन जहीर हसन जहीर मजाहिर एसन कम्बर अब्बास आदि मौजूद रहे. सिरसी मे मदीना से मक्का के सफर की याद मे सालाना जुलूस बरामद किया गया जिसमें अजॉदारो ने भारी संख्या में शिरकत की नूरियो सराय मे 28 रजब को अलम बरामद किये गये इमाम बाडो मे देर रात तक मजलिसे की गयी।

# वरुण-अभिषेक की टी20 रैंकिंग में लंबी छलांग, सूर्या और सैमसन को झेलना पड़ा नुकसान




बुधवार को आईसीसी ने प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को आईसीसी टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में बादशाहत हासिल कर ली है। वह फिर से नंबर-1 बॉलर बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन को दूसरे पायदान पर खिसका दिया है। आदिल के खाते में फिलहाल 718 रेटिंग अंक हैं। अकील के 707 अंक हैं। आदिल मौजूदा इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की टी20 सीरीज में किफायती गेंदबाजी कर रहे हैं। अभी तक तीन मैचों में उन्होंने 56 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए हैं। उनका इकॉनमी रेट 5.60 है।

भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने लंबी छलांग लगाई है। वह 25 पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें पर पहुंच गए हैं। उनके 679 अंक हैं। वरुण इंग्लैंड के खिलाफ कातिलाना गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने तीन मैचों में सबसे ज्यादा 10 विकेट चटकाए हैं। वरुण ने मंगलवार को राजकोट में तीसरे मैच में पांच विकेट हॉल लिया बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण भारत को 26 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। भारत सीरीज में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 13 पायदान ऊपर आ गए हैं।

वहीं अभिषेक शर्मा को भी लंबी छलांग लगाई है। वह 59 पायदान ऊपर 40वें स्थान पर चल गए हैं। वह 115 रन बटोर चुके हैं। इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और बेन डकेट पर आगे बढ़े हैं। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर संजू सैमसन को नुकसान झेलना पड़ा है। सूर्या चौथे स्थान पर कायम हैं लेकिन उनके 25 अंक घट गए हैं। सैमसन 17वें से लुढ़कर 29वें पर पायदान पर चले गए। दोनों खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। सैमसन ने 34 और सूर्या ने 26 रन जोड़े हैं। चौथा टी20 मैच 31 जनवरी को होगा।

# पूर्व भारतीय बल्लेबाज का बयान, कहा हार्दिक पंड्या के कारण टीम के बाकी बल्लेबाजों को नुकसान

मंगलवार को भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी20 मैच खेला गया। जिसमें भारत को 26 रन से हार झेलनी पड़ी। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 171 रन बनाए और राजकोट में भारतीय टीम 172 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन हार्दिक पंड्या ने बनाए। उनके बल्ले से 40 रन निकले। इसके बावजूद पूर्व खिलाड़ी पार्थिव पटेल ने इस भारतीय ऑलराउंडर के प्रदर्शन पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, पटेल के मुताबिक मैच के दौरान हार्दिक पंड्या ने बीच के ओवर्स में स्ट्राइक रोटेट नहीं की। उन्होंने कई बार सिंगल लेने से इनकार किया। वह ज्यादा गेंदे खेले इसके कारण बाकी बल्लेबाजों पर दबाव बना। पार्थिव के मुताबिक टीम इंडिया को हार्दिक पंड्या के बल्लेबाजी की अप्रोच को लेकर सोचना चाहिए। पार्थिव पटेल ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि, मैं समझता हूं कि जब आप अपना समय ले रहे हैं तो आप पिच की गति और उछाल से अभ्यस्त होना चाहते हैं। लेकिन आप जमने के लिए 20-25 गेंदें नहीं ले सकते। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं। आप बड़े शॉट नहीं खेलना चाहते ये ठीक है लेकिन आपको फिर भी स्ट्राइक रोटेट करते रहना होगा। आप लगातार तीन या चार डॉट बॉल नहीं खेल सकते हैं। पटेल ने आगे कहा कि, आप हार्दिक पंड्या को 34 गेंदों में 40 रन बनाते हुए देख सकते हैं। लेकिन उनकी पारी में की डॉट बॉल हैं जो अन्य बल्लेबाजों पर भी दबाव डालते हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि ये कुछ ऐसा है जिसके बारे में भारत सोच सकता है। आप अपना समय लें हां, ये कम स्कोर है, लेकिन आपको इसके साथ-साथ स्ट्राइक भी रोटेट करनी होगी।

# पूरा हुआ स्टीव स्मिथ का सपना, टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 10 हजार रन, ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज

ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में 10 हजार रन पूरा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में पहली पारी के दौरान ये कारनामा किया। स्टीव स्मिथ खेल के सबसे लंबे प्रारूप में दस दसार रन पूरा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सिर्फ एक रन से दस हजार रन पूरा करने से चूक गए थे लेकिन उनका ये सपना अब पूरा हो गया है।



ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन अपना पहला रन बनाते ही ये उपलब्धि हासिल की। बैटर स्टीव स्मिथ में 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं। स्मिथ ने रिकी पोंटिंग (13,378), एलनबॉर्डर (11,174) और स्टीव वॉ (10,927) जैसे बल्लेबाजों की खास सूची में जगह बना ली है। वहीं टेस्ट फॉर्मेट में 10 हजार रन पूरा कनरे वाले दुनिया के 15वें बल्लेबाज बन गए हैं। स्टीव स्मिथ पारी के लिहाज से सबसे तेज 10 हजार रन पूरा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। दिग्गज रिकी पोंटिंग ने अपनी 196वीं पारी में ये उपलब्धि हासिल की थी। स्मिथ ने अपनी 205वीं पारी में ये कारनामा किया।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी अभिनेत्रियों को करते हैं मैसेज? शादाब खान ने दिया ये जवाब

क्रिकेट और ग्लैमर का बड़ा नाता है। जहां क्रिकेट होगा वहां ग्लैमर जरूर होगा। आए दिन किसी ना किसी क्रिकेटर से किसी ना किसी एक्ट्रेस का नाम जुड़ता रहता है। फिर वो हिन्दुस्तान हो या पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान। क्रिकेटर और एक्ट्रेस के बीच अफेयर ने हमेशा सुर्खियां बटोरी हैं। जिसमें भारत और पाकिस्तान दोनों के क्रिकेटर और एक्ट्रेस शामिल हैं। वहीं इन दिनों सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शादाब खान ने एक्ट्रेस को मैसेज करने पर मजेदार जवाब दिया है। बता दें कि, शादाब खान पाकिस्तानी सो हंसना मना है में शामिल हुए। जहां उन्होंने इस तरह का बयान दिया।




शो के होस्ट तबीश हाशमी ने शादाब खान से सवाल किया कि क्या सच में क्रिकेटर्स एक्ट्रेस और टिकटॉकर्स को मैसेज करते हैं? या फिर सारे अरोब बेबुनियाद हैं? इसके जवाब में शादाब खान ने कहा कि अगर कोई क्रिकेटर किसी एक्ट्रेस या टिकटॉकर्स को मैसेज करते हैं तो इसमें कुछ गलत नहीं है। लेकिन अगर एक्ट्रेस को मैसेज पसंद नहीं है तो इसका सीधा सा जवाब है कि वह रिप्लाई न करें। अगर एक्ट्रेस रिप्लाई नहीं करेगी तो फिर आगे मैसेज नहीं जाएगा। लेकिन अगर आप रिप्लाई करेंगी और फिर कहेंगी कि मुझे मैसेज आ रहे हैं तो ये फंडा काम करने वाला नहीं है।

शादाब खान ने आगे कहा कि, मैंने कई एक्ट्रेस के वीडियो दखें। इन वीडियो में दावा किया गया कि क्रिकेटर्स उन्हें मैसेज करते हैं, लेकिन इस तरह के दावों में हमेशा सच्चाई नहीं होती। इस तरह बयान सुर्खियां बटोरने के लिए होते हैं। खासकर तब जब कोई अहम क्रिकेट टूर्नामेंट सामने हो। इसके अलावा शादाब खान ने कहा कि एक्ट्रेस को मैसेज करने पर हमारी टीम के अंदर कोई लड़ाई नहीं है, लेकिन हां हर कोी एक दूसरे से पूछता है कि किसने किसको मैसेज किया? वहीं अब शादाब खान का ये बयान सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

## भुवनेश्वर चरण के लिये भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम में चुना गया है जबकि युवा फॉरवर्ड सोनम को भी स्टैंडबाय के रूप में जगह मिली है। भारत को 15 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से दो दो बार खेलना है। भारतीय टीम की कमान एक बार फिर सलीमा टेटे के हाथ में होगी जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कटारिया के अलावा अनुभवी डिफेंडर निक्की प्रधान, ज्योति छत्री मिडफील्डर बलजीत कौर और फॉरवर्ड मुमताज खान तथा रूतुजा डडास भी टीम में हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है जो शीर्ष स्तर के टूर्नामेंट के लिये जरूरी भी है।

# रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर रणजी मैच में खेलते हुए नहीं आएंगे नजर, मुंबई ने नहीं किया शामिल

मुंबई का रणजी ट्रॉफी 2024-25 में अगला मैच मेघालय से है। ये मुकाबला 30 जनवरी से मुंबई में खेला जाएगा। इसके लिए उसने टीम की घोषणा कर दी है। लेकिन मुंबई की टीम में रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को जगह नहीं मिली है। ये तीनों ही खिलाड़ी मुंबई टीम से बाहर हैं, इसका एक अहम कारण अब सामने आया है।

दरअसल, टीम इंडिया जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी शुरू करेगी। उसे इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। रोहित, यशस्वी और अय्यर को भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में शामिल किया गया है। लिहाजा ये खिलाड़ी अब टूर्नामेंट की तैयारी शुरू करेंगे। इसी कारण से रणजी ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई ने इसी वजह से इन तीनों को टीम से बाहर रखा है।




बता दें कि, रोहित शर्मा और टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरे पर निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। यशस्वी जायसवाल भी कुछ खास नहीं कर पाए थे। ये खिलाड़ी मुंबई के लिए रणजी मैच में खेले, लेकिन रोहित और अय्यर का यहां भी बल्ला नहीं चला। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ये सभी खिलाड़ी तैयारी शुरू करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी।

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सिद्धेश लाड, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूज़ा, रॉयस्टन डायस, श्रेयस गुरव, अथर्व अंकोलेकर।

# कृष्णा अभिषेक ने रुबीना दिलैक के साथ बिग बॉस 14 के ट्रैक पर लगाए ठुमके, पत्नी कश्मीरा शाह का रिएशन

**लाफ्टर शेफ़्स 2** बिग बॉस 18 खत्म हो गया है। अब अब लाफ्टर शेफ़्स 2 शुरू हो चुका हैं। शो में बिग बॉस के कई पुराने प्रतियोगियों ने भी हिस्सा लिया है। बिग बॉस 18 के दौरान हमने लाफ्टर शेफ़्स 2 के कई प्रोमो देखें। एंटरटेनमेंट अनलिमिटेड अपने बहुप्रतीक्षित दूसरे सीज़न के साथ वापस आ गया है, और इसने पहले ही प्रशंसकों को टीवी स्क्रीन से चिपका दिया है! पहले सीज़न की सफ़लता के बाद, नया सीज़न दर्शकों को और भी ज़्यादा मज़ेदार और ड्रामा देने का वादा करता है। लाफ्टर शेफ़्स के नवीनतम प्रोमो ने सभी को उत्साहित कर दिया है, और प्रशंसक इस बात के लिए बिल्कुल उत्साहित हैं कि उनके लिए क्या होने वाला है।



प्रोमो वीडियो में, कृष्णा रुबीना दिलैक को अपने ख़ास हास्य अंदाज़ में चिढ़ाते हैं और अपनी पत्नी को नाराज़ कर देते हैं। कृष्णा रुबीना से कहते हैं, आपके लिए कुछ पेश करना चाहते हैं। रुबीना जवाब देती हैं, जी, ज़रूर। कुछ ही देर में, रुबीना दिलैक का लोकप्रिय ट्रैक बैकग्राउंड में बजता है, जो बिग बॉस 14 जीतने के बाद उनके लिए बनाया गया था। रुबीना अपने उत्साह और खुशी को रोक नहीं पाती हैं और इस मशहूर ट्रैक पर थिरकती हैं। इसके बाद, कृष्णा भी उनके साथ शामिल हो जाते हैं।

जल्द ही समर्थ जुरेल सीन में प्रवेश करते हैं और अपने किलर डांस मूव्स से दिल जीत लेते हैं। पूरे प्रोमो वीडियो का सबसे यादगार हिस्सा कश्मीरा शाह का रिएक्शन है। वह खुश नहीं दिखती हैं और अपने पति कृष्णा को किचन स्टेशन पर वापस जाने का इशारा करने के लिए घूरती हैं। फिर वह कृष्णा और रुबीना की ओर चलती हैं।

उनकी प्रतिक्रिया को महसूस करते हुए, कृष्णा अपने स्टेशन पर वापस चले जाते हैं और सभी हंसने लगते हैं। टीज़र का कैप्शन था, रुबीना लाई है कॉमेडी की मसालेदार थाली, जिसमें है एंटरटेनमेंट की खुशबू निराली। एक यूजर ने कमेंट किया, आखिरकार, लाफ्टर शेफ्स 2 में रूबीना एंथम, दूसरे ने कहा, रुबीना दिलैक एंथम। उसका सिग्नेचर स्टेप।

बाद में कृष्णा कहते हैं, वाह, मजा आ गया। लेकिन तुम किस ख़ुशी में नाच रही हो? इनके पार्टनर राहुल मिल गए हैं? कृष्णा ने रूबीना के बिग बॉस 14 के सह-प्रति योगी और उपविजेता राहुल वैद्य का जिक्र किया। रूबीना ने बिग बॉस 14 जीता।

# मद्रास उच्च न्यायालय ने कॉपीराइट विवाद मामले में धनुष के खिलाफ नेटफ्लिक्स की याचिका खारिज की

मद्रास उच्च न्यायालय ने मंगलवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की एक भारतीय इकाई लॉस गैटोस द्वारा दायर एक आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता नयनतारा, उनके पति विग्नेश सिवन और अन्य द्वारा कथित कॉपीराइट उल्लंघन पर अभिनेता धनुष की याचिका को प्रारंभिक रूप से खारिज करने की मांग की गई थी।

मद्रास उच्च न्यायालय ने मंगलवार को ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स की भारतीय इकाई लॉस गैटोस द्वारा दायर आवेदन खारिज कर दिया, जिसमें अभिनेत्री नयनतारा, उनके पति विग्नेश और अन्य द्वारा कथित तौर पर कॉपीराइट उल्लंघन किए जाने के मामले में अभिनेता धनुष की ओर से दायर वाद को निरस्त करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति अब्दुल कुद्दोस ने लॉस गैटोस द्वारा दायर आवेदन को खारिज कर दिया और धनुष के प्रोडक्शन हाउस वंडरबार द्वारा दायर याचिका पर अगली सुनवाई 5 फरवरी के लिए निर्धारित की। वंडरबार ने याचिका में लॉस गैटोस और अन्य के खिलाफ अंतरिम निषेध आदेश दिए जाने का आग्रह किया है।

धनुष ने अपने आवेदन में कहा था कि उन्होंने कुछ साल पहले तमिल फिल्म 'नानुम राउडी धान' का निर्माण किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्म निर्माण के समय की पर्दे के पीछे की कुछ फुटेज का उपयोग नयनतारा की डॉक्यूमेंटरी 'नयनतारा बियॉन्ड द फेयरीटेल' के निर्माण में अनधिकृत रूप से किया गया जिसका प्रसारण नेटफ्लिक्स पर हुआ।



धनुष ने कहा कि चूंकि नेटफ्लिक्स का कार्यालय मुंबई में है जो मद्रास उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, इसलिए उन्होंने इस अदालत में ओटीटी मंच पर मुकदमा चलाने के लिए अनुमति मांगते हुए आवेदन दायर किया था, जिसे अनुमति दे दी गई। नेटफ्लिक्स ने आदेश को रद्द कराने के आग्रह के साथ आवेदन दायर किया। उच्च न्यायालय ने अनुमति रद्द किए जाने और वादपत्र को अस्वीकार करने के नेटफ्लिक्स के आवेदन को खारिज कर दिया। वाद को इस आधार पर अस्वीकार करने का अनुरोध किया गया कि कोई तात्कालिकता नहीं है क्योंकि डॉक्यूमेंटरी पहले ही जारी हो चुकी है, इसलिए वादी को अनिवार्य मुकदमा-पूर्व मध्यस्थता के लिए जाना चाहिए था। उच्च न्यायालय इस बात से सहमत नहीं हुआ और आवेदन खारिज कर दिया।

# ये चीजें हिंदू और मुसलमान के बारे में नहीं हैं, संगम में डुबकी लगाने पहुंचे निर्देशक कबीर खान, एक्शन से दिया बड़ा संदेश



निर्देशक कबीर खान महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज जाने वाले लोगों की कतार में शामिल होने वाले नवीनतम सेलिब्रिटी हैं। चक दे! इंडिया के निर्देशक ने मंगलवार को पवित्र स्थल का दौरा किया। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कबीर खान ने कहा कि वह इस भव्य समागम का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह पवित्र स्नान भी करेंगे।

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता कबीर खान ने उत्तर प्रदेश में महाकुंभ मेले का दौरा किया, उन्होंने भव्य आध्यात्मिक समागम को देखने के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त की। हर 12 साल में एक बार होने वाले इस आयोजन में दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु और आगंतुक आते हैं।

एएनआई से बातचीत में कबीर खान ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। यह 12 साल में एक बार होता है। मैं यहां आकर खुद को भाग्यशाली महसूस करता हूं। मैं यहां पवित्र स्नान भी करूंगा। बजरंगी भाईजान और 83 जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्देशक ने इस बात पर जोर दिया कि कुंभ मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है।

उन्होंने कहा, ये चीजें हिंदू और मुसलमानों के बारे में नहीं हैं, ये हमारी मूल, हमारे देश और हमारी सभ्यता की चीजें हैं। इसमें हिंदू या मुसलमान जैसा कुछ नहीं है। अगर आपको लगता है कि आप भारतीय हैं, तो आपको सब कुछ महसूस करना चाहिए। महाकुंभ मेला, जिसे पृथ्वी पर सबसे बड़े मानव समागमों में से एक माना जाता है, एक पवित्र तीर्थयात्रा है जहाँ भक्त पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं, उनका मानना है कि इससे उनके पाप धुल जाते हैं।

कबीर खान की यात्रा धार्मिक सीमाओं से परे इस आयोजन के गहरे सांस्कृतिक महत्व को उजागर करती है। कुंभ में उनकी भागीदारी भारत की विविध परंपराओं पर उनके व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो सभी क्षेत्रों के लोगों के बीच एकता और साझा विरासत की भावना को बढ़ावा देती है।

# जब वी मेट के आदित्य की तरह नहीं हैं शाहिद, जब मीरा ने की शिकायत, अभिनेता ने दिया ऐसा जवाब



शाहिद कपूर और मीरा राजपूत की साल 2015 में अरेंज मैरिज हुई। शाहिद कपूर अक्सर अपने रिश्ते को लेकर बात करते रहते हैं। शाहिद ने कहा कि उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी मीरा को जब वी मेट में उनका रोल बहुत पसंद आया था। उन्होंने बताया कि मीरा ने कहा कि वे जब वी मेट के आदित्य की तरह बिल्कुल भी नहीं हैं। इस पर शाहिद ने पत्नी को ऐसा जवाब दिया, जिसे जानकर आप भी चौंक जाएंगे।

बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने बताया कि उन्होंने एक बार मीरा राजपूत से पूछा कि वे उनकी कौन सी फिल्म का किरदार बहुत पसंद करती हैं। इस पर मीरा ने कहा कि वे जब वी मेट पसंद करती हैं। उन्होंने कहा, मीरा ने डांटा और कहा मुझे लगा था कि तुम जब वी मेट के आदित्य की तरह होगे, तू तो इसका पांच प्रतिशत भी नहीं निकला। शाहिद कपूर ने कहा कि तुम्हें खुश होना चाहिए कि मैं पांच प्रतिशत कबीर सिंह भी नहीं हूं। रोमेंटिक कॉमेडी फिल्म जब वी मेट में शाहिद कपूर और मीरा राजपूत ने साथ में काम किया था। इस फिल्म में शाहिद ने आदित्य कश्यप का किरदार निभाया था। फिल्म को इम्तियाज अली ने निर्देशित किया था। शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म देवा में नजर आने वाले हैं। ये फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुब्रा सैत नजर आने वाले हैं।

# टोक्सी एक्टर यश इस दिन से रावण के रूप में रामायण की शूटिंग करेंगे शुरू

रणबीर कपूर की रामायण अपनी शुरुआत से ही चर्चा में रही है। निर्माताओं ने पिछले साल दोनों फिल्मों की आधिकारिक घोषणा की थी और तब से प्रशंसक रणबीर कपूर को भगवान राम, साई पल्लवी को सीता और यश को रावण के रूप में देखने के लिए उत्साहित हैं। अब फिल्म से जुड़ी नई अपडेट सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि कन्नड़ एक्टर यश को नमित मल्होत्रा ने फिल्म से परिचित कराया था, जो दो भागों वाली फिल्म के सह-निर्माता हैं। फिल्म का निर्देशन दंगल फेम फिल्ममेकर नितेश तिवारी कर रहे हैं।



यश की पुष्टि और एक एक्टर और प्रोड्यूसर के रूप में उनकी दोहरी भागीदारी की वजह से रामायण हाल के वर्षों में सबसे अधिक प्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है। यश ने हाल ही में आगामी महाकाव्य फिल्म रामायण में अपनी भूमिका की घोषणा की और एक प्रमुख मीडिया आउटलेट के साथ एक साक्षात्कार में केजीएफ फ्रैंचाइज़ के भविष्य के बारे में खुलकर बात की। केजीएफ एक्टर के अनुसार, अगर किरदार को आज एक किरदार के रूप में नहीं संभाला जाता तो फिल्म नहीं बनती। ऐसे कलाकारों को उस तरह के बजट पर फिल्म बनाने के लिए सहयोग करना चाहिए।

पैन इंडिया स्टार ने आगे कहा कि रावण की भूमिका चुनने के पीछे का कारण चरित्र की जटिलता और गहराई है। उन्होंने इसे अपने करियर का सबसे रोमांचक किरदार भी कहा। यह एक बहुत ही आकर्षक किरदार है। इसलिए, इसे बहुत अलग तरीके से पेश करने की बहुत गुंजाइश है, अभिनेता ने कहा। इसके साथ ही, फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि यश मार्च 2025 में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। दूसरी ओर, रणबीर और साई ने रामायण के लिए एक शेड्यूल पहले ही पूरा कर लिया है।

अनजान लोगों के लिए, रामायण भाग 1 जनवरी 2026 में और भाग 2 2027 में रिलीज़ होगा। कथित तौर पर टीवी अभिनेता रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगे, जबकि मिस यूनिवर्स 2000, लारा दत्ता दुष्ट कैकयी की भूमिका में नज़र आ सकती हैं और सनी देओल ने भगवान हनुमान की भूमिका के लिए साइन अप किया हो सकता है।

# पलक्कड़ में मां-बेटे की हत्या की वजह का खुलासा, पड़ोसी ने व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण वारदात को दिया अंजाम



**तिरुवनंतपुरम।** अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की भी कोशिश की। आरोपी ने दावा किया कि उसने जहर खा लिया है, लेकिन उसके मेडिकल रिपोर्ट में उसके शरीर में कोई जहर नहीं पाया गया। उत्तरी केरल के पलक्कड़ जिले में एक बुजुर्ग महिला और उसके 53 वर्षीय बेटे की हत्या के पीछे का कारण पड़ोसी के साथ लंबे समय से जारी व्यक्तिगत दुश्मनी बताई जा रही है। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। बड़े पैमाने पर तलाशी लेने और पड़ोसी चेंथमारा के पकड़े जाने के एक दिन बाद पुलिस ने बताया कि आरोपी ने कोई पछतावा नहीं दिखाया, बल्कि वह इस हत्या से खुश था। बता दें कि 72 वर्षीय पीड़िता लक्ष्मी और उनके बेटे सुधाकरन की सोमवार सुबह पोथुंडी में उनके आवास के बाहर चेंथमारा ने दिनदहाड़े उनकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी छिपा हुआ था, उसे मंगलवार को पकड़ लिया गया। फिलहाल उसे पुलिस की हिरासत में रखा गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी ने कई चीजों का खुलासा किया, जिसमें हत्या का कारण भी शामिल है। उसने कहा, मैं जो आपको बता रहा हूं वह केवल प्रारंभिक निष्कर्ष है, जिनकी पुष्टि होनी बाकी है। अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों और आरोपी के परिवार के बीच लंबे समय से व्यक्तिगत दुश्मनी थी और 2019 में चेंथमारा द्वारा सुधाकरन की पत्नी सजिता की हत्या के बाद से यह दुश्मनी और बढ़ गई थी। चेंथमारा का मानना है कि उसकी पत्नी ने पीड़ित परिवार के हस्तक्षेप के कारण उसे छोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि हत्या की साजिश पहले से की गई है। आरोपी ने इसे अंजाम देने के लिए एक हथियार खरीदा। पुलिस ने आगे कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने इस बात से इनकार किया कि वह काला जादू करने वाले किसी व्यक्ति से मिला था। हालांकि, इसकी पुष्टि अभी बाकी है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की भी कोशिश की। आरोपी ने दावा किया कि उसने जहर खा लिया है, लेकिन उसके मेडिकल रिपोर्ट में उसके शरीर में कोई जहर नहीं पाया गया। एसपी ने कहा, हत्या के बाद वह पास की जंगली पहाड़ी में भाग गया। वह आस-पास के क्षेत्र से परिचित था, उसे मालूम था कि कहां छिपना है। वह छिपकर पुलिस के तलाशी अभियान पर नजर रख रहा था। पुलिस ने बताया कि भूख के कारण चेंथमारा को बाहर आना पड़ा और भोजन लेने के दौरान उसे पकड़ लिया गया। आरोपी को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी और सुधाकरन के बच्चों ने पुलिस पर कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि चेंथमारा अपनी जमानत शर्तों का उल्लंघन करके गांव लौट आया है।

# आरजी कर मामले में प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध करने वाले डॉक्टरों की अनुपस्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एम्स समेत अन्य अस्पतालों को अहम निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एम्स और अन्य अस्पतालों को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने दौरान डॉक्टरों की अनुपस्थिति को रेगुलराइजेशन करने को कहा है। यह निर्देश देते हुए शीर्ष कोर्ट ने कहा कि विरोध करने वाले डॉक्टरों की अनुपस्थिति को अजीबोगरीब तथ्यों और परिस्थितियों में रेगुलर किया जाता है। इसे मिसाल नहीं माना जा सकता। वहीं, कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या मामले में पीड़िता के माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका वापस ले ली। यह मामला आज सुनवाई के लिए रखा गया था। इस याचिका में



पीड़िता के माता-पिता मामले में नए सिरे से जांच की मांग की थी। जब यह मामला सुनवाई के लिए आया तो सुप्रीम कोर्ट ने माता-पिता के वकील से पूछा कि क्या अदालत को मामले को आगे बढ़ाना चाहिए या नहीं क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने माता-पिता के वकील को अदालत के समक्ष हलफनामे में सबमिशन से सावधान रहने की भी चेतावनी दी क्योंकि मामले में पहले से ही (संजॉय रॉय के खिलाफ) सजा का आदेश दिया जा चुका है। इस पर अदालत के आदेश के अनुसार नई याचिका दायर करने की स्वतंत्रता के साथ याचिका अब वापस ले ली गई है।

## गोरक्षनाथ आश्रम के महंत ने लोक कल्याण की कामना की; अदाणी समूह के महाकुंभ के सेवा कार्यों को सराहा

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की ओर से इस्कॉन के सहयोग से चलाए जा रहे महाप्रसाद को प्रतिदिन लाखों लोग ग्रहण कर रहे। स्थान स्थान पर स्टाल लगाकर और बैन के माध्यम से यह बदस्तूर जारी है। गुजरात जूनागढ़ गिरनार के गोरक्षनाथ आश्रम के महंत पीर शेरनाथ महाराज ने महाकुंभ में लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने अदाणी समूह के महाकुंभ के सेवा कार्यों की प्रशंसा की और साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित औद्योगिक अदाणी समूह द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण सेवा सराहनीय है। उन्होंने कहा की अदाणी समूह द्वारा मेले में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद उपलब्ध कराया जा रहा है, जो की एक सराहनीय पहल है। मैं समूह को और सभी सदस्यों को मेला समिति की ओर से धन्यवाद और शुभकामनाएं देता हूं।

# लापता शिवसेना पदाधिकारी की तलाश तेज, आठ पुलिस टीमों का गठन



**मुंबई।** 10 दिनों से लापता शिवसेना पदाधिकारी अशोक ढोडी की खोज को लेकर महाराष्ट्र पुलिस एक्शन में आती हुई नजर आ रही है। पुलिस ने आठ टीमों का गठन कर ढोडी की खोज तेज कर दी है। हालांकि पुलिस ने ढोडी के लापता होने के पिछे परिवार से जुड़े संपत्ति विवाद की भी संभावना बताई है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पदाधिकारी अशोक ढोडी के लापता होने के बाद महाराष्ट्र सरकार एक्शन में आती हुई नजर आ रही है। जहां ढोडी की तालाश के लिए राज्य सरकार ने आठ पुलिस टीमों का गठन किया है। बता दें कि अशोक ढोडी एकनाथ शिंदे की शिवसेना के दहानू विधानसभा क्षेत्र के सलाहकार थे जो 20 जनवरी को लापता हो गए थे। अब तक पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है और उन पर कार्रवाई की जा रही है। लापता अशोक ढोडी के मामले में प्रेस वार्ता के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने कहा कि हमने मामले के संबंध में अपने संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनमें से तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस आज शाम तक मामले को सुलझाने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा हमने मामले पर काम करने के लिए स्थानीय अपराध शाखा सहित आठ टीमों का गठन किया है। पाटिल ने बताया कि पुलिस हिरासत में लिए गए संदिग्धों से मिली खुफिया सूचनाओं, तकनीकी आंकड़ों और सूचनाओं पर भरोसा कर रही है। हालांकि एक आरोपी के पुलिस हिरासत से भागने के बाद थोड़ी मुश्किलें सामने आई है और इसका प्रभाव जिससे जांच पर भी पड़ा है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि धोडी के लापता होने का कारण उसके परिवार में संपत्ति से जुड़ा विवाद हो सकता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ढोडी को आखिरी बार 20 जनवरी को दहानू जाते समय देखा गया था।

# लापता शिवसेना पदाधिकारी की तलाश तेज, आठ पुलिस टीमों का गठन




**मुंबई।** 10 दिनों से लापता शिवसेना पदाधिकारी अशोक ढोडी की खोज को लेकर महाराष्ट्र पुलिस एक्शन में आती हुई नजर आ रही है। पुलिस ने आठ टीमों का गठन कर ढोडी की खोज तेज कर दी है। हालांकि पुलिस ने ढोडी के लापता होने के पिछे परिवार से जुड़े संपत्ति विवाद की भी संभावना बताई है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पदाधिकारी अशोक ढोडी के लापता होने के बाद महाराष्ट्र सरकार एक्शन में आती हुई नजर आ रही है। जहां ढोडी की तालाश के लिए राज्य सरकार ने आठ पुलिस टीमों का गठन किया है। बता दें कि अशोक ढोडी एकनाथ शिंदे की शिवसेना के दहानू विधानसभा क्षेत्र के सलाहकार थे जो 20 जनवरी को लापता हो गए थे। अब तक पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है और उन पर कार्रवाई की जा रही है। लापता अशोक ढोडी के मामले में प्रेस वार्ता के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने कहा कि हमने मामले के संबंध में अपने संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनमें से तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस आज शाम तक मामले को सुलझाने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा हमने मामले पर काम करने के लिए स्थानीय अपराध शाखा सहित आठ टीमों का गठन किया है। पाटिल ने बताया कि पुलिस हिरासत में लिए गए संदिग्धों से मिली खुफिया सूचनाओं, तकनीकी आंकड़ों और सूचनाओं पर भरोसा कर रही है। हालांकि एक आरोपी के पुलिस हिरासत से भागने के बाद थोड़ी मुश्किलें सामने आई है और इसका प्रभाव जिससे जांच पर भी पड़ा है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि धोडी के लापता होने का कारण उसके परिवार में संपत्ति से जुड़ा विवाद हो सकता है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ढोडी को आखिरी बार 20 जनवरी को दहानू जाते समय देखा गया था और वह शाम को वापस भी लौटे थे, लेकिन फिर अचानक गायब हो गए। पुलिस मोबाइल ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी तरीके से मामले की जांच कर रही है और संदिग्धों से मिली जानकारी पर भी काम कर रही है। ढोडी की पत्नी ने कुछ लोगों पर संदेह जताया था, जिसके बाद घोलवाड़ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। इन आरोपियों के खिलाफ हत्या, अपहरण, और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा, नौ भारतीयों की मौत

**जेद्दा।** भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब साम्राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में जिज़ान के पास एक सड़क दुर्घटना में नौ भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसे में नौ भारतीयों की मौत हो गई है। जेद्दा में भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी है। मिशन ने बताया कि यह हादसा पश्चिमी सऊदी अरब में जीजान के पास हुआ। मिशन ने बताया कि वह हादसे में मृत हुए लोगों के परिवारों के संपर्क में है। इसके अलावा, वह सऊदी के अधिकारियों के संपर्क में हैं और वे अपना समर्थन दे रहे हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब साम्राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में जिज़ान के पास एक सड़क दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना है। जेद्दा में भारत का महावाणिज्य दूतावास पूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों और परिवारों के संपर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है, जहां हादसे को लेकर मृतकों और घायलों के परिजन संपर्क कर सकते हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हादसे पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वह दुर्घटना और लोगों की मौत के बारे में जानकर दुखी हैं। एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने कहा कि जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत से बात हुई, जो संबंधित परिवारों के संपर्क में हैं। वह इस दुखद स्थिति में पूरा समर्थन दे रहे हैं।

## बांग्लादेश शेख हसीने के कार्यकाल में भारत के साथ हुए असमान समझौते पर करेगा चर्चा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान भारत के साथ किए गए सभी असमान समझौतों पर चर्चा की जाएगी।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के सीमा सुरक्षा बल और बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के प्रमुखों के बीच हुई बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में भारतीय नागरिकों पर नशीले पदार्थों के निर्माण और सीमा पार उनकी तस्करी करने का आरोप लगाया।

# मुझे बेटी कभी वापस नहीं मिलेगी, हत्यारे को बरी किए जाने पर छलका पिता का दर्द




**मछलीपट्टनम।** आंध्र प्रदेश की 23 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कथित हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाने वाले व्यक्ति को बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर पीड़िता के पिता ने निराशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि हम अब सब कुछ भगवान पर छोड़ रहे हैं। अब हम कुछ और नहीं कर सकते। अब चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे मेरी बेटी वापस नहीं मिलेगी। आंध्र प्रदेश की 23 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कथित हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाने वाले व्यक्ति को बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर पीड़िता के पिता ने निराशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि हम अब सब कुछ भगवान पर छोड़ रहे हैं। अब हम कुछ और नहीं कर सकते। अब चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे मेरी बेटी वापस नहीं मिलेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश की 23 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कथित हत्या के मामले में अभियोजन मामले में %बड़ी खामियां% देखते हुए मौत की सजा पाए व्यक्ति को बरी कर दिया था। मामले में न्यायमूर्ति बीआर गवई, प्रशांत कुमार मिश्रा और केवी विश्वनाथन की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर चंद्रभान सुदाम सनप के खिलाफ दोषसिद्धि को बरकरार रखना बेहद असुरक्षित होगा।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर पीड़िता के पिता ने कहा कि हम क्या कर सकते हैं? हमें पता ही नहीं था कि क्या हो रहा है। हमें यह भी नहीं पता कि आरोपी सनप ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। लेकिन हम क्या करें? मैं इसे भगवान पर छोड़ता हूं। अब चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे मेरी बेटी वापस नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि जिला अदालत, विशेष अदालत और महिला अदालत ने मेरी बेटी के हत्यारोपी सनप को दोषी ठहराया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आदेश बरकरार रखा, लेकिन पता नहीं सर्वोच्च न्यायालय में क्या हुआ? 10 साल पहले की बात है। क्या कहूं? 10 साल पहले हमें लगा था कि कुछ न्याय हुआ है।

## पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति राजपक्षे के बेटे हेराफेरी मामले में दोषी करार

**कोलंबो।** महिंदा राजपक्षे को हाल ही में सरकार के गुस्से का सामना करना पड़ा था, क्योंकि वे सरकारी वास खाली करने में विफल रहे थे। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति पर करदाताओं के खर्च पर लाभ उठाने का आरोप लगाया। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बड़े बेटे को 2015 से पहले भारतीय निवेश से जुड़े हेराफेरीके मामले में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया। 38 वर्षीय नमल राजपक्षे को 2016 में गिरफ्तार किया गया था। उनपर रग्बी के खेल को विकसित करने के लिए कृष होटल परियोजना के पैसे से 70 मिलियन श्रीलंकाई रुपये का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। कोलंबो के मध्य में स्थि कृष होटल परियोजना को रद्द कर दिया गया और अधूरा निर्माण कार्य अभी भी वैस ही पड़ा हुआ है। राहगीरों के लिए खतरे को देखते हुए एक अन्य अदालत में इसकी असुरक्षित स्थिति को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। अनुरा कुमार दिसानायके के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद इस मामले को एक बार फिर उठाया गया, जिसके बाद पुलिस ने एकबार फिर नमल राजपक्षे से पूछताछ की। इसके एक हफ्ते बाद उनके छोटे भाई योशिथा को इसी तरह के संदिग्ध संपत्ति मामले को लेकर गिरफ्तार किया गया था, लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। नमल राजपक्षे को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के बारे में मालूम चला। इस पोस्ट में कहा गया, यह स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार ने राजपक्षे परिवार के खिलाफ राजनीतिक साजिश शुरू कर दी है। महिंदा राजपक्षे को हाल ही में सरकार के गुस्से का सामना करना पड़ा था, क्योंकि वे सरकारी वास खाली करने में विफल रहे थे। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति पर करदाताओं के खर्च पर लाभ उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा में भारी कटौती करने की सरकार की कार्रवाई को पलटने के लिए पहले ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी है।

# मधुमेह पीड़ित लड़की की मौत के मामले में बड़ा फैसला

**कैनेबरा।** बात तीन साल पहले की है। जब ऑस्ट्रेलिया में एक आठ साल की मधुमेह से पीड़ित बच्ची की मौत का कारण उसी के माता-पिता और एक धार्मिक समूह के कुछ सदस्यों का अंध विश्वास बन गया। इसी मामले में आज अदालत ने सभी 14 आरोपियों को दोषी करार दिया है। इन सभी को 11 फरवरी को सजा सुनाई जाएगी।

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक 8 साल की लड़की की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जहां तीन साल के बाद इस बात की पुष्टि हो गई है कि मधुमेह पीड़ित लड़की एलिजाबेथ रोज स्ट्रुह्स की मौत मधुमेह (टाइप-1) के लिए निर्धारित इंसुलिन के इंजेक्शन नहीं देने के कारण हुई थी। चौकाने वाली बात ये है कि इस हत्या के आरोप में लड़की के माता-पिता और भाई समेत उनके धार्मिक समुदाय के 12 अन्य सदस्य दोषी पाए गए हैं। बता दें कि ये घटना 7 जनवरी 2022 की है, जब लड़की एलिजाबेथ रोज स्ट्रुह्स की मौत मधुमेह (टाइप-1)



के लिए निर्धारित इंसुलिन के इंजेक्शन नहीं देने के कारण हो गई। मामले में लड़की के पिता जेसन रिचर्ड स्ट्रुह्स और समुदाय के नेता ब्रेंडन ल्यूक स्टीवंस दोनों को हत्या के दोषी पाया गया। इसके अलावा लड़की की मां केरी एलिज़ाबेथ स्ट्रुह्स और भाई ज़ैचरी एलन स्ट्रुह्स समेत अन्य 12 सदस्य भी दोषी ठहराए गए हैं। क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट ने सभी 14 आरोपियों को हत्या का दोषी माना है। क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सुनाए गए फैसले के अनुसार इन सभी दोषियों को 11 फरवरी को सजा सुनाई जाएगी और हर एक को अधिकतम उम्रभर की सजा होने की संभावना जताई गई है। कोर्ट के फैसले के बाद लड़की की बहन जेडे स्ट्रुह्स ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि हालांकि उन्हें कोर्ट का फैसला अच्छा लगा, लेकिन उन्हें यह महसूस हुआ कि सिस्टम ने पहले एलिजाबेथ की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असफलता दिखाई। जडे ने कहा कि अगर पहले ही एलिजाबेथ को सुरक्षित जगह पर नहीं भेजा गया होता या उसे बचाने के लिए सही कदम उठाए जाते तो शायद यह दुखद घटना नहीं होती। क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मार्टिन बर्न्स ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अभियोजन पक्ष यह नहीं

# बांग्लादेश में यूनुस सरकार के खिलाफ रोष, इस्तीफे की मांग पर अवामी लीग की बड़े आंदोलन की तैयारी



**ढाका।** बांग्लादेश में तख्त पलट के बाद हिंदु अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और फिर इस मुद्दे पर अंतरिम सरकार की रूखी-सूखी प्रतिक्रिया यूनुस सरकार की मनमानी को दर्शाती है। इसी बीच अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के इस्तीफे और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रोकने के लिए विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया है। बांग्लादेश में अलपसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे है। इसी बीच बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार करने के लिए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शनों करने की घोषणा की है।

देखा जाए तो ये प्रदर्शन आवामी लीग पहला बड़ा प्रदर्शन होगा। हालांकि पार्टी के अधिकतर नेता पिछले साल 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध आंदोलन के बाद से या तो गिरफ्तार हो चुके हैं या अंडरग्राऊंड हैं। बता दें कि अवामी लीग ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान जारी किया है जिसमें बताया गया है कि वह 1 फरवरी से सड़कों पर उतरकर हड़ताल और नाकाबंदी कार्यक्रमों के माध्यम से अंतरिम सरकार के इस्तीफे के लिए दबाव बनाएगी। पुार्टी द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि पार्टी शनिवार से बुधवार तक पर्चे बांटेगी और अपनी मांगों के लिए अभियान चलाएगी। 6 फरवरी को देशभर में विरोध मार्च और रैलियां आयोजित की जाएंगी और 10 फरवरी को प्रदर्शन और रैलियां होंगी। इसके बाद 16 फरवरी को देशभर में नाकेबंदी की जाएगी और 18 फरवरी को पूरे दिन की सख्त हड़ताल होगी।

साथ ही पार्टी ने हसीना और अन्य नेताओं के खिलाफ हत्या और अन्य आरोपों को वापस लेने की भी मांग की है, जिन्हें हास्यास्पद मुकदमे करार दिया गया है। गौरतलब है कि पार्टी ने पहले 10 नवंबर को विरोध शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन इसे लागू नहीं कर सकी। अवामी लीग 5 अगस्त के बाद से काफी हद तक निष्क्रिय रही है, जब शेख हसीना विद्रोह के बाद भारत भाग गईं थीं। इन दिनों बांग्लादेश में उच्च पेंशन और अन्य लाभ दिए जाने की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इसके चलते ट्रेनों का संचालन बंद हो गया। यात्री और मालगाड़ियों को रद्द कर दिया। हड़ताल के चलते हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री स्टेशनों पर बसों का इंतजार करते नजर आए। इसके साथ ही माल परिवहन भी प्रभावित हुआ। साथ ही मामले में बांग्लादेश रेलवे रनिंग स्टाफ और कर्मचारी यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष सैदुर रहमान ने कहा था कि मांगो को लेकर सोमवार देर रात को मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के साथ बैठक हुई थी, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बन सकी। रहमान ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों को मान नहीं लेती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

## संघीय कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने संघीय कर्मचारियों को आठ महीने का वेतन देकर बाहर करने का फैसला किया है। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को एलान किया कि जो कर्मचारी अगले सप्ताह तक नौकरी छोड़ने का विकल्प चुनेंगे, उनको ही यह लाभ मिलेगा। अमेरिकी सरकार की मानव संसाधन एजेंसी ने कहा कि सभी संघीय कर्मचारियों को उपयुक्तता और आचरण के बेहतर मानकों के अधीन किया जाएगा। एजेंसी ने भविष्य में छंटनी की भी चेतावनी दी है। अमेरिका में संघीय कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी है। ट्रंप प्रशासन ने संघीय कर्मचारियों को आठ महीने का वेतन देकर नौकरी छोड़ने का विकल्प दिया है।

# श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** दिव्य भव्य महाकुम्भ-2025 तथ मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ तथा प्रयागराज जाने वाले वाहनों को अल्पसमय के लिए रोके जाने के दृष्टिगत शासन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं के ठहरने, नाश्ता एवं सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गये। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं से अभी प्रयागराज न जाने तथा संयम बरतने के साथ ही जिला प्रशासन का सहयोग करने का विनम्र अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सुबह से ही मछलीशहर, सतहरिया इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर यातायात, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के ठहरने, शौचालय पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा नेपाल तथा अन्य जनपदों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज, लोहिया पार्क, औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया, प्राथमिक विद्यालय सहित अन्य जगहों पर निःशुल्क ठहरने, उनके खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारीगण सुबह से ही सक्रिय रहे। सीडा परिसर में बनाए गये होल्डिगं एरिया में जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वांइट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, सौरभ कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी, ब्लाक प्रमुख मुंगराबादशाहपुर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुगरा, शिक्षक संघ के पदाधिकारी, प्रधानगण के सहयोग से श्रद्धालुओं को लगातार भोजन, चाय, पानी इत्यादि की व्यवस्था करायी गयी, इसके साथ ही होल्डिंग एरिया में स्वास्थ्य शिविर लगाकर श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच और उन्हे आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नही होने दी जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मौनी अमावस्या के दृष्टिगत प्रयागराज में सीमावर्ती पड़ाव मुंगराबादशाहपुर में आज जिला प्रशासन, चेयरमैन नगर पालिका परिषद, ब्लाक प्रमुख मुंगराबादशाहपुर सहित अन्य के सहयोग से तत्परता के साथ श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए व्यापक इंतजाम किये जा रहे है। सेवा से बड़ा कोई धर्म नही होता, यही हमारी संस्कृति है। जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में पुलिस प्रशासन के साथ सहायक संभागीय अधिकारी और यातायात निरीक्षक के द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगमता से संचालित करायी गयी। नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में श्रद्वालुओं के लिए नाश्ता और भोजन, मोबाईल टायलेट, रात्रि विश्राम हेतु टेंट आदि की व्यवस्था करायी गयी।

# बिजली संकट से मछलीशहर को राहत उपकेंद्र बनेगा : डॉ. रागिनी सोनकर

- विधानसभा में नियम 51 के तहत 29 जुलाई को उठाया था मामला
- विधायक का प्रयास रंग लाया, चहुंओर हो रही है प्रशंसा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मछलीशहर)** मछलीशहर विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो महीनों से भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली संकट गहराता जा रहा था। इस संबंध में मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने नियम 51 के तहत विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा। इस पर सदन ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए बधवां में बिजली उपकेंद्र बनवाने की घोषणा कर दी। इस संबंध में भूमि आवंटन के लिए भी विधायक ने लगातार प्रमुख सचिव और जिलाधिकारी को पत्र लिखतीं रहीं। इस पर भी स्वीकृति हो गई है। विधायक के इस प्रयास से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। मछलीशहर के विधायक निवास पर नागरिकों ने मिलकर विधायक के प्रति आभार जताया है।

विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि विधान सभा में नियम 51 के तहत 29 जुलाई को यह मुद्दा उठाया भी था। उन्होंने विद्युत कटौती पर मांग भी की थीं कि संबंधित अधिकारियों और मोन्टी कार्लो कंपनी की जिम्मेदारी तय करते हुए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, क्षेत्र में दो नए विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

डॉ. रागिनी का कहना है कि यह समस्या केवल बिजली आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी क्षेत्र में गहराते जा रहे हैं। अतः संबंधित विभाग और शासन से अपेक्षा है कि वे इस समस्या का त्वरित समाधान करें। यह कदम न केवल क्षेत्र के निवासियों को राहत प्रदान करेगा, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन की पहल का भी डॉ रागिनी सोनकर ने स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो मछलीशहर को एक आदर्श विधानसभा बनाने का मैं प्रयास करूंगी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष समेत सभी प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अखाड़ों का अमृत स्नान शुरू



## भगदड़ के कारण तय समय से दस घंटे बाद पहुंचे संगम

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर अखाड़ों का अमृत स्नान शुरू हो चुका है। देर रात हुई भगदड़ के कारण तय समय से करीब दस घंटे बाद नागा साधुओं का जत्था संगम पर पहुंचा है। सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़ा के साधु संतों और नागा साधुओं का दल स्नान करने संगम पहुंचा है। स्नान के दौरान हेलीकाप्टर से फूलो की बारिश भी कराई गई। भगदड़ के कारण सुबह अमृत स्नान को रद्द करने की घोषणा अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र गिरि ने की थी। लेकिन सीएम योगी से बातचीत और व्यवस्थाओं के ठीक होने पर अमृत स्नान करने का फैसला हुआ। इसके बाद प्रशासन से मिले शेड्यूल के अनुसार अखाड़ों का जत्था स्नान के लिए पहुंच रहा है।

नागा साधुओं के अमृत स्नान की यात्रा के दौरान हमेशा बड़ी संख्या में श्रद्धालु दोनों तरफ दिखाई देते थे। इस बार भगदड़ के कारण वह दृश्य देखने को नहीं मिल रहा है। दोनों तरफ केवल पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान दिखाई दे रहे हैं। पहले अखाड़ों का स्नान भोर में पांच बजे से शुरू होना था। इससे कुछ घंटे पहले मची भगदड़ और उसमें हुई मौतों के कारण स्नान टल गया। पहले तो इसे रद्द करने की ही घोषणा हो गई थी। इसके बाद मेला अधिकारी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत के बाद अखाड़ों ने स्नान का ऐलान कर दिया।

कहा जा रहा है कि नागा साधुओं के अमृत स्नान और जुलूस को देखने के चक्कर में भी कुछ लोगों ने अपनी जान भगदड़ में गंवाई है। सोमवार की देर रात ही यहां पहुंच चुके श्रद्धालु संगम के किनारे ही चद्दर आदि बिछाकर आराम कर रहे थे। इन लोगों ने भोर में नागा साधुओं का जुलूस देखने की लालसा में ही पूरी रात संगम पर बिताने का फैसला किया था। माना जा रहा है कि इस लालसा के कारण भी संगम नोज पर भीड़ ज्यादा हो गई थी। जब लोग आते गए और पीछे से धक्का शुरू हुआ तो जमीन पर आराम कर रहे लोगों पर ही गिरते गए। इसके बाद तो कोई कुछ नहीं कर सका।

## प्रयागराज बॉर्डर के 8 जिलों में 2 लाख वाहन रोके

- प्रतापगढ़-कौशांबी से पैदल ही निकले श्रद्धालु

महाकुंभ में भगदड़ के बाद प्रशासन ने प्रयागराज आ रहे श्रद्धालुओं को बॉर्डर के जिलों में ही रोक दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्पेशल ट्रेनें जहां पहुंची थीं, वहीं अगले आदेश तक के लिए रोक दी गई। इससे 8 जिलों में हाईवे पर 2 लाख से ज्यादा वाहनों का पहिया थम गया।

इतना ही नहीं, इन जिलों में प्रयागराज जाने वाली बसों को बस स्टैंड पर ही रोक दिया गया। बॉर्डर पर वाहन रोके जाने से वाराणसी में 20 किमी लंबा जाम लग गया है। सुबह साढ़े तीन बजे गाड़ियां जहां की तहां खड़ी हैं। अन्य जिलों में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं।

कौशांबी प्रशासन ने श्रद्धालुओं के वाहन बॉर्डर पर रोक दिया है। श्रद्धालु पैदल ही महाकुंभ के लिए रवाना हो गए। जिले में 5 होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। सड़क से पार्किंग तक 50 हजार से ज्यादा वाहन रोके गए हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कोखराज थाने के सामने बने होल्डिंग एरिया में बाहर से आ रही गाड़ियों को रोका जा रहा है। यहां श्रद्धालुओं के लिए फ्री भोजन, चाय और नाश्ते की व्यवस्था की गई है।

### प्रतापगढ़ में 40 हजार वाहनों को रोका गया

प्रयागराज। प्रतापगढ़-प्रयागराज बॉर्डर पर पुलिस ने वाहनों को रोक दिया है। प्रशासन ने बॉर्डर से 5 किमी पहले पार्किंग बनाई है। सड़क से लेकर पार्किंग तक करीब 40 हजार वाहनों को खड़ा किया गया है। जिले में अलग-अलग करीब एक लाख श्रद्धालु रुके हैं। डीएम शिव सहाय अवस्थी और एसपी डॉ. अनिल कुमार ने एटीएल ग्राउंड का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति सामान्य होने तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा।

# महाभ में भगदड़ विपक्ष की साजिश तो नहीं: रवींद्र पुरी

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर अब आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने भगदड़ के लिए विपक्षी दलों पर साजिश रचने की आशंका जैसा गंभीर आरोप लगा दिया है। उन्होंने सरकार से इस साजिश की जांच तक की मांग कर दी है। रविंद्र पुरी शाही स्नान के बाद शिविर में लौटते समय मीडिया से बात कर रहे थे। रविंद्र गिरि के आरोपों से ठीक पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाकुंभ को सेना के हवाले करने की मांग करते हुए सीएम योगी से इस्तीफा तक मांग लिया था। माना जा रहा है कि रविंद्र गिरि का इशारा अखिलेश यादव की ही तरफ था। उन्होंने महाकुंभ के लिए एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ भी की। रविंद्र पुरी ने कहा कि आज महात्मा, नागा, संन्यासी सभी ने स्नान कर लिया है। आज का स्नान करना बहुत मुश्किल हो गया था। मुख्यमंत्री जी ने अपने हाथों में पूरी कमान ली। इसके बाद यहां पर व्यवस्था इतनी तेजी से दुरुस्त हो गई। सुबह की बजाए शाम में स्नान के सवाल पर कहा कि कोई बात नहीं है। सुबह हो या शाम हो, आज अमावस्या का स्नान है। आज रात का स्नान बहुत अच्छा स्नान है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री और मेला प्रशासन के सहयोग से आज का स्नान बहुत बढ़िया हुआ है।


# अवधेशानंद गिरि ने किया महाकुंभ स्नान

- राम देव-हेमा मालिनी ने लगाई डुबकी



**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर भगदड़ मचने के बाद अखाड़ों ने अपना शाही स्नान रद्द कर दिया था। हालांकि श्रद्धालुओं का अन्य घाटों पर स्नान जारी रहा। प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ाते हुए भक्तों के स्नान के इंतजाम किए। इसके बाद प्रभु प्रेमी संघ कुंभ शिविर में जूनापीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने सादगी से गंगा स्नान किया। स्वामी अवधेशानंद गिरि ने बुधवार को बेहद सादगी से स्नान किया। उनके साथ अभिनेत्री और राजनेता हेमा मालिनी और योग गुरु बाबा रामदेव भी रहे। अभिनेत्री और राजनेता हेमा मालिनी ने बुधवार को मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के बाद अपना आभार व्यक्त किया। मुझे अच्छा महसूस हो रहा है। ऐसा अनुभव मुझे पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा आज बहुत खास दिन है और मैं पवित्र स्नान करने के लिए भाग्यशाली हूं। इस शुभ अवसर पर मुझे यहां स्नान करने का मौका मिला, ये मेरा सौभाग्य है। बहुत ही अच्छा लगा है, इतने करोड़ लोग आये हैं, यहां मुझे भी स्थान मिला, नहाने का। धन्यवाद।

# चार शंकराचार्यों ने किया अमृत स्नान



**महाकुम्भ नगर।** मौनी अमावस्या पर देश की चारों दिशाओं से महाकुम्भ में पधारे शंकराचार्यों ने त्रिवेणी में अमृत स्नान किया। उन्होंने गंगा मइया से सभी के कल्याण की कामना की है। गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती सुबह 11 बजे अपने निजी सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, आचार्य विवेक मिश्र, ॠषिकेश ब्रह्मचारी, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रह्मचारी, डॉ राजेश ब्रह्मचारी के साथ गंगा तट पहुंचे और गंगा को प्रणाम कर स्नान किया। वहीं शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती तथा श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी विधु शेखर भारती सरस्वती मंगलवार रात 12 बजे अपने शिविरों से निकल कर झूसी सेक्टर 22 स्थित भारतीयम ज्योतिषपीठ पहुंच गए थे। रात्रि विश्राम वही पर किया। सुबह संगम नोज पर भगदड़ की जानकारी होने पर तीनों शंकराचार्यो ने स्नान को स्थगित कर दिया था। हालांकि प्रशासन के अनुरोध पर बुधवार दोपहर तीनों शंकराचार्यों को एक दर्जन शिष्यों के साथ वाहन से अरैल ले जाया गया और बोट से संगम में अमृत स्नान कराया गया। हादसे को लेकर सभी शंकराचार्यों ने गहरा दुःख जताया है। उन्होंने मेला में आने वाले सभी तीर्थयात्रियों की कुशलता के लिए अपना आशीर्वाद दिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## रेशमी नगरी मुबारकपुर के नगरपालिका द्वारा कम्बल वितरण किया गया



**आजमगढ़।** नगर पालिका परिषद मुबारकपुर कार्यालय में बुधवार को सायं पांच बजे पांच हजार कम्बल गरीबों को बांटे गए कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। गरीबों को ठंड से बचाव हेतु सरकार के आदेश पर पालिकाध्यक्ष डाक्टर सबा शमीम और अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र ने जरूरतमंद गरीबों में कंबल का वितरण किया। मुबारकपुर नगर पालिका परिषद की ओर से ठंड से बचाव के दृष्टिगत शासन के आदेश निर्देश पर पांच हजार कम्बल का वितरण किया गया। नगर निकाय निधि धन से कुल पांच हजार कम्बल क्रय कर जरूरतमंदों को बांटा गया ताकि गरीब ठंड से अपनी जीवन की सुरक्षा पा सके। इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देश पर नगर निकाय निधि से गरीबों को मुफ्त वितरित किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डाक्टर सबा शमीम, अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र, राजन चौधरी, जेई शशिकांत यादव, रागिब मसूद, मोनू सिंह, सभासद बशीर अहमद, वसीम अख्तर, नुरूलहोदा, अमीरुद्दीन, नईमुद्दीन, बेलाल हाशिम, इरशाद अहमद, वकील अहमद, काशिफ मसूद इत्यादि।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**जौनपुर(खुटहन)** उच्च न्यायालय के आदेश पर बुधवार को ब्लाक खुटहन के सभागार में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गई जहां एडीओ पंचायत राम अवध ने प्रधानों को जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, मृतक रजिस्टर खेत की मेड़ बंदी व कच्चे पक्के कार्यों के सम्बन्ध में ग्राम प्रधानों को जानकारी दी गई इस मौके पर विडियो गौरवेंद्र सिंह एडीओ पंचायत राम अवध व ग्राम प्रधान सुभाष चन्द्र यादव, श्याम बहादुर यादव, इन्द्रेश् यादव नवीन कुमार,राम दुलार यादव, लाल साहेब विजय कुमार, सुनील यादव बृजेश पासवान आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**आजमगढ़।** जनपद 76 वा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संस्था के संस्थापक डॉ प्रेम प्रकाश यादव एवं विधायक अखिलेश यादव राष्ट्रीय ध्वज फहराया अखिलेश यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र का महान पर्व है डॉ प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि स्वाधीनता लंबे समय तक प्राप्त हुई और देश की शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया संविधान राष्ट्र का पद प्रदर्शन होता है आज हम सभी नागरिकों को अपने राष्ट्र के संविधान पर काफी गर्व है आर ग्लोबल स्कूल के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया बच्चों के प्रस्तुतिकारण को देखकर सभी लोग खुश हो गए।

# विशाल मानव श्रृंखला का बना सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से आर आई पवन कुमार सोनकर के नेतृत्व में एक विशाल मानव श्रृंखला अग्रसेन चौराहा से निकला गया जो कचहरी से होते हुए एलवल तिराहे तक गया और अंत में हरीओध कला पर आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर सड़क पर चलने के नियम और वाहन चलाने के समय किन बातों का और किन सावधानियां को ध्यान में रखना चाहिए उसको बताया गया। इस विशाल मानव श्रृंखला में आजमगढ़ पब्लिक स्कूल, सर्वोदय पब्लिक स्कूल, एचएमपीएस स्कूल, डीएवी स्कूल, जीडी ग्लोबल स्कूल, महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, के अतिरिक्त एनसीसी स्काउट गाइड रॉजर्स रेंजर्स, एनएसएसए विंग के लोगो ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं को इस अवसर पर सड़क सुरक्षा का शपथ भी दीलाया गया। इस अवसर पर अश्वनी सिंह राजपूत आरटीओ प्रशासन, आरटीओ प्रवर्तन डॉक्टर आर एन चौधरी, ए आरटीओ प्रशासन विष्णु दत्त मिश्रा, एआरटीओ प्रवर्तन अतुल यादव तथा यातायात पुलिस विभाग के लोग उपस्थित थे।

# सम्पर्क मार्ग खराब होने पर विरोध में उतरे सपा विधायक

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** बैठक कर जताया विरोध फिर विरोध प्रदर्शन में निकाला जूलूस दो विधानसभाओं को जोड़ने वाला दाऊदपुर -चिवटहीं सम्पर्क की जर्जर हालत को लेकर सोमवार को सपा विधायक अखिलेश यादव अपने समर्थकों के साथ विरोध प्रदर्शन में सड़क पर उतरे पहले बैठक कर सरकार के खिलाफ हुंकार भरी और फिर जुलूस निकाला।

सड़क को नहीं बनने पर पीडब्ल्यूडी चीफइंजीनियर के कैम्पस का घेराव करने की चेतावनी दी। लोक निर्माण विभाग के जेई शिवकुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। मुबारकपुर रेशमी नगरी के पश्चिमी छोर पर दो विधानसभाओं मुबारकपुर और सदर को जोड़ने वाला सम्पर्क मार्ग गढ्ढों में तब्दील हो गया है। इस मार्ग से सदर विधानसभा के कोल ककरहटा मनचोभा आदि गांवों के लोग मार्ग पर आवागमन कठिन हो गया है। दाऊदपुर -चिवटहीं सम्पर्क खराब होने पर विधायक अखिलेश यादव ने अपने समर्थकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। प्राथमिक विद्यालय दाऊदपुर के सामने पहले बैठक कर सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। विधायक अखिलेश यादव ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार केवल धर्म मजहब जाति बिरादरी के नाम पर नफरत की राजनीति करती है। बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, अपराध चौतरफा है। विधायक ने आगे कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर साम्प्रदायिक सौहार्द, आपसी भाईचारा, प्रेम मोहब्बत का माहौल तैयार करने का जगह-जगह कार्यक्रम चल रहा है।इसी परिप्रेक्ष्य में दाऊदपुर में पीडीए की बैठक का आयोजन किया गया। वहीं स्थानीय मुद्दों सड़क की दुर्दशा का भी सवाल उठाया गया। सड़क की मरम्मत, नवीनीकरण के लिए एक सप्ताह में कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया तो लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता का घेराव कर किया जाएगा। बैठक को उप जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश राय,पूर्व मन्त्री रामदुलारे राजभर, सपा अब्दुल्लाह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष शोभनाथ यादव व संचालन विरेन्द्र यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा कार्यकर्ताओं में वीरेंद्र कुमार यादव, सना परवीन, जयराम यादव, जियाउल्ल अंसारी, बहादुर यादव, कमला यादव, डाक्टर सुदर्शन यादव, जितेन्द्र कुमार, मुकुन सिंह, संजय सिंह, सरफराज आदि आदि लोग सभा में मौजूद रहे।

# यूपीएस एनपीएस नहीं ओपीएस ही चाहिए: अटेवा

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** एक मात्र मांग पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्षरत संगठन ऑल टीचर्स एंड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन-अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु तथा जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द यादव के आह्वान पर सभी ब्लॉको के अटेवा अध्यक्षों के निर्देशन में पूरे जिले के लगभग सभी डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज,प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों तथा विभिन विभागों के कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों, अधिकारियों के द्वारा यूपीएस तथा एनपीएस का पुरजोर तरीके से विरोध कर यूपीएस की प्रतीकात्मक प्रति जलाकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। अटेवा के जिला महामंत्री डॉ0 रामजी वर्मा ने बताया कि आज अटेवा के आह्वान पर पूरे देश के सभी विद्यालयों, कार्यालय में यह अभियान चलाया जा रहा है, अपने जनपद में अभियान बेहद सफल रहा, पूरे जिले से लगातार यूपीएस गो बैक, लिखकर अपने विद्यालय, कार्यालय में जलाकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। मीडिया सेल के प्रभारी नवल किशोर ने बताया कि सरकार एनपीएस के बाद एक और पेंशन योजना यूपीएस लेकर आई है, यूपीएस का गजट आने के बाद शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों में और अधिक रोष व्याप्त हो गया है, पेंशन योजना में बार-बार परिवर्तन करने से बेहतर है सरकार को सहानुभूति पूर्वक पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर विचार करना चाहिए और देश प्रदेश के शिक्षकों, कर्मचारियों अधिकारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर देनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि आज पूरे जिले के सभी पेंशनविहीन पुरानी यूपीएस का बहिष्कार कर, सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर अभियान चला कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहा है।

## चेंजिंग रूम का गेट भीड़ पर गिरने से हुई भगदड़

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के शाही स्नान से ठीक पहले मची भगदड़ के कारणों को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। महाकुंभ नगर के डीआईजी वैभव कृष्ण की मानें तो संगम तट पर बने चेजिंग रूम का गेट भीड़ के दबाव में भीड़ के ही ऊपर गिरने के बाद भगदड़ मची है। हादसे के करीब 10 घंटे बाद किसी अधिकारी का भगदड़ के कारणों पर बयान आया है। हालांकि अभी तक मरने वालों की संख्या या मौतों को लेकर आधिकारिक रूप से किसी अधिकारी ने कुछ नहीं कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जरूर एक्स पर लिखा कि प्रयागराज महाकुंभ में हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं। डीआईजी वैभव कृष्ण ने एक निजी चैनल के साक्षात्कार में कहा कि भगदड़ के बाद अखाड़ा परिषद ने शाही स्नान रद्द करने का ऐलान भी कर दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत के बाद संतों ने शाही स्नान का ऐलान किया।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **28.02.2025 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00802025 दिनांक 28.01.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 43-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर (प्रथम) सुल्तानपुर और सहायक मण्डल इंजीनियर (द्वितीय) सुल्तानपुर के तहत ठेकेदार के PQRS पोर्टल द्वारा TSR (P) = 92.926 TKM का कार्य (एक से अधिक स्टेशनों पर बेस डिपो के साथ काम किया जा सकता है)। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 22,01,22,263.38 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 12,50,600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 14.02.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.02.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 314/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## स्कोडा काइलैक आधिकारिक तौर पर भारत में लॉन्च हुई

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी पहली सब-4-मीटर एसयूवी, काइलैक को भारत में आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह लॉन्च कंपनी के लिए एक



महत्वपूर्ण उपलब्धि है और तेजी से बढ़ते भारतीय एसयूवी बाजार में स्कोडा के लिए नए रास्ते खोलता है।काइलैक स्कोडा की पहली पेशकश है, जो लोकप्रिय सब-4 मीटर सेगमेंट में उतारी गई है। यह गाड़ी भारत में स्कोडा के नए मॉडर्न सॉलिड डिज़ाइन लैंग्वेज का उदाहरण है, जिसमें मजबूती, कार्यक्षमता और प्रामाणिकता को प्राथमिकता दी गई है। ग्राहकों के लिए गाड़ी की टेस्ट ड्राइव और डिलीवरी आज से शुरू हो चुकी है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने काइलैक के लॉन्च पर कहा कि यह एसयूवी भारतीय बाजार में स्कोडा के विकास को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। काइलैक की उपलब्धता स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए एक नए युग की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी सुरक्षा, बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव और अपने सेगमेंट के सबसे उन्नत फीचर्स का अद्भुत संयोजन है।कुशाक और स्लाविया की सफलता के बाद, काइलैक स्कोडा की भारत-केंद्रित उत्पाद रणनीति को और आगे बढ़ाती है। यह न केवल नए बाजारों में स्कोडा की उपस्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि स्कोडा परिवार से और भी अधिक ग्राहकों को जोड़ने में मदद करेगी। काइलैक की किफायती कीमत और उन्नत यूरोपीय तकनीक इसे भारतीय सड़कों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाती है।

काइलैक की शानदार सफलता और सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में इसकी मजबूत उपस्थिति के कारण स्कोडा ऑटो इंडिया को अपनी बिक्री में बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। कंपनी ने 2026 तक सालाना 1 लाख गाड़ियां बेचने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य काइलैक की उन्नत विशेषताओं, बेहतरीन सुरक्षा मानकों और भारतीय सड़कों के लिए उपयुक्त यूरोपीय तकनीक की लोकप्रियता पर आधारित है।यह योजना स्कोडा ऑटो इंडिया की बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और देशभर के ग्राहकों के लिए प्रीमियम मोबिलिटी प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। काइलैक की लोकप्रियता इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक अहम भूमिका निभाएगी।

## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद, सेंसेक्स 631 अंक चढ़ा, निफ्टी 23150 के पार



**नई दिल्ली।** दुनियाभर के शेयर बाजार में मजबूत रुख के बीच बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी से घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स 631 अंक और निफ्टी करीब 206 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 631.55 अंक यानी 0.83 प्रतिशत उछलकर 76,532.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.32 अंक चढ़कर 76,599.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 205.85 अंक यानी 0.90 प्रतिशत बढ़कर 23,163.10 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने लगभग सात प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी ओर, आईटीसी होटल, भारती एयरटेल, मारुति, एशियन पेंट्स और आईटीसी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**वैश्विक बाजार का क्या हाल रहा?**

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त पर रहे। शंघाई और हांगकांग के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे।

## सैमसंग की नई पेशकश: 19 मॉडल्स के साथ बेस्पोक AI विंडफ्री एसी रेंज लॉन्च

**गुरुग्राम।** सैमसंग,भारत के प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,ने आज अपनी नई 2025बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स की सीरीज लॉन्च की। यह सीरीज अत्याधुनिक एआई तकनीक और प्रीमियम डिजाइन का बेहतरीन मेल है। 19मॉडलों की यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है,जो न केवल भीषण गर्मियों का समाधान प्रदान करती है,बल्कि आराम,सुविधा और ऊर्जा दक्षता का वादा भी करती है।

यह सीरीज एआई-संचालित इनोवेशंस के साथ बदलते मौसम के हिसाब से खुद को ढालने में सक्षम है। विंडफ्री कूलिंग तकनीक कमरे में ठंडी हवा को सीधे शरीर पर पड़ने से रोकते हुए 23,000माइक्रो होल्स के जरिए धीरे-धीरे हवा फैलाती है। इसके एआई फास्ट और कम्फर्ट कूलिंग फीचर से कमरा तेजी से ठंडा होता है और फिर बिजली बचाने के लिए ऊर्जा-कुशल सेटिंग्स पर शिफ्ट हो जाता है।

आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए इस सीरीज में स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी का उपयोग किया गया है। इसमें रिमोट निगरानी के लिए मैप व्यू और सहज नियंत्रण के लिए क्विक रिमोट जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। सैमसंग की यह नई रेंज उपभोक्ताओं को न सिर्फ आरामदायक ठंडक प्रदान करती है,बल्कि बिजली बचत और स्मार्ट तकनीक के साथ एक बेहतर अनुभव का भी वादा करती है।

घर से काम करने वाली पीढ़ी के लिए सैमसंग का बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी न सिर्फ कूलिंग में बेहतरी लाता है, बल्कि इसे और भी स्मार्ट बनाता है। ये एयर कंडीशनर सैमसंग के स्मार्टथिंग्स ऐप के साथ वाई-फाई के जरिए आसानी से जुड़ सकते हैं। आप बिक्सबी वॉयस असिस्टेंट, एलेक्सा या गूगल होम का उपयोग करके इसे चालू/बंद कर सकते हैं या इसकी सेटिंग्स बदल सकते हैं। एआई ऑटो कूलिंग फीचर के जरिए कूलिंग को अपनी जरूरत के हिसाब से अनुकूलित किया जा सकता है। इसके अलावा,जियो-फेंसिंग आधारित वेलकम कूलिंग फीचर कमरे को ऑटोमेटिक रूप से ठंडा कर देता है, ताकि जब आप घर पहुंचें, तो पहले से ठंडक का अनुभव कर सकें। नए %गुड स्लीप% मोड के साथ ये एसी नींद के हर चरण के मुताबिक तापमान को एडजस्ट कर पूरे रात बेहतर और सुकून भरी नींद सुनिश्चित करता है।

सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लाएंसेज के सीनियर डायरेक्टर गुरफान आलम ने बताया कि 2025 बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर भारतीय गर्मियों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। यह कूलिंग अनुभव को पूरी तरह से नए तरीके से परिभाषित करते हैं।

## भारत की तरक्की पर विराज बहल का अनोखा नजरिया बदलाव सादगी से भी आता है



**लखनऊ।** आंत्रेप्रेन्योरशिप अथवा उद्यमिता, जो आज हर जगह चर्चा में है, 1980 के दशक में इतना प्रचलित नहीं था। वीबाए वीआरबी कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक और शार्क टैंक इंडिया 4 के नए शार्क, विराज बहल की यात्रा एक गहरी सोच मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है, से शुरू हुई थी। उस दौर में इसे उद्यमिता का नाम नहीं दिया गया था, बल्कि यह कुछ नया और सार्थक बनाने की ज़िद, अथक मेहनत और दृढ़ संकल्प का नतीजा था।

बहल अपने मंत्र बोरिंग इज़ सेक्सी ¬ सादगी में ही सफलता है में विश्वास रखते हैं और यह समझाता है कि लगातार और अनुशासित तरीके से काम करना तड़क-भड़क या तात्कालिक रुझानों से ज्यादा अहम है। उनका मानना है कि सफलता उन छोटे-छोटे कामों में छिपी होती है, जो किसी भी व्यवसाय की बुनियाद को मजबूत बनाते हैं। उनके लिए किसी बिज़नेस को सफल बनाने की कुंजी है . धैर्य के साथ बुनियादी चीज़ों पर फोकस बनाये रखना और लगातार मेहनत करना।

विराज भारत में उद्यमिता की क्षमता में पूरा यकीन करते हैं और इसे सपोर्ट करते हैं। वे इस बात पर जोर देते हैं कि शार्क टैंक इंडिया जैसे मंचों ने उद्यमिता के बारे में सोच को पूरी तरह बदल दिया है। वे मानते हैं कि इन मंचों ने उद्यमिता को न केवल सुलभ बल्कि प्रेरणादायक भी बनाया हैए जिससे लोग अपने विचारों को अपनाने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित होते हैं। उनके अनुसार यह सांस्कृतिक बदलाव विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वे यह भी बताते हैं कि भारत हमेशा से ही एक उद्यमिता प्रधान देश रहा है, चाहे वो किसान हों, छोटे दुकानदार हों या आज के इनोवेटिव स्टार्टअप के संस्थापक। युवाओं, खासकर जो अपने सफर की शुरुआत में हैं, के लिये बहल धैर्य रखने और खुद को खोजने की अहमियत पर जोर देते हैं। इस बारे में बताते हुये उन्होंने कहा अगर आइडिया दिल से न आए तो कोई भी बाहरी सलाह उसे अपनाने में मदद नहीं करेगी। अपने आप को किसी आइडिया के पीछे भागने के लिये मजबूर मत करेंए बल्कि जीवन के अनुभव लें, नए रास्ते अपनायें और सही अवसर खुद ब खुद तुम्हारे पास चलकर आएगा। वे युवाओं को सोशल मीडिया या बाहरी दबाव के बजाय जीवन के विभिन्न अनुभवों को अपनाने और अपनी सोच का दायरा बढ़ाने की सलाह देते हैं, ताकि सफलता का सही मतलब समझ सकें।

अपने शब्दों और कामों से बहल उद्यमिता को एक ज़मीन से जुड़ी और व्यावहारिक दिशा में बढ़ावा देते हैं। वे नए उद्यमियों को बताते हैं कि सफलता रातोंरात मिलने वाली चीज नहीं है, इसके लिए मेहनत, जुनून और स्पष्ट उद्देश्य की ज़रूरत होती है।

## ग्लोब टेक्सटाइल्स का 4,504 लाख रुपये का राइट्स इश्यू पहले ही दिन 14.69 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ

**अहमदाबाद।** ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69प्रतिशत का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है। यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा। शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1¬2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक पारिख ने कहा पहले ही दिन लगभग 15प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिलना हमारी कंपनी में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इस राइट्स इश्यू के माध्यम से हम स्ट्रेटेजिक एक्सपान्शन और एक्विजिशन के लिए जरूरी फंड जुटाना चाहते हैं, जिससे लोन्ग टर्म ग्रोथ संभव होगा।कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का नेट प्रोफिट 380 लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 134 लाख रुपये था। वित्त वर्ष 202425 की पहली छमाही में कंपनी ने 652 लाख रुपये का नेट प्रोफिट अर्जित किया, जो पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के 575 लाख रुपये से अधिक है। कंपनी की दूसरी तिमाही की ग्रोस इन्कम 15,019 लाख रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 10,611 लाख रुपये थी। राइट्स इश्यू से प्राप्त धन के उपयोग के बारे में जो जानकारी बहार आ रही है उसके अनुसार कंपनी ग्लोब डेनवॉश प्राइवेट लिमिटेड में इक्विटी लेने वाली है। इसके अलावा कंपनी द्वारा लिये गये अनसिक्योर्ड लोन को चुकाया जाना है।

## कैबिनेट ने 16300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रीमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसका एलान किया। इसके साथ ही कैबिनेट ने सी श्रेणी के भारी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 56.28 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को भी मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से निर्धारित इथेनॉल की कीमतें 2022-23 इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (नवंबर-अक्तूबर) के बाद से नहीं बढ़ाई गई थी। गन्ने के रस, बी-हैवी गुड़ और सी-हैवी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की वर्तमान दरें क्रमशः 65.61 रुपये, 60.73 रुपये और 56.28 रुपये प्रति लीटर हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इस वर्ष 31 अक्तूबर को समाप्त होने वाली 2024-25 अवधि के लिए इथेनॉल की कीमतों का एलान किया।

## रीति स्पोर्ट्स का ग्रेट गोवा गेम्स, गोवा सरकार के माध्यम से भारत की पहली तकनीक-आधारित ऑनलाइन लॉटरी

**नई दिल्ली।** इनोवेशन-ड्रिवेन इनिशिएटिव्स में अग्रणी नाम रिति स्पोर्ट्स ने भारत के लॉटरी उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए 2023 में सूचीबद्ध तेजी से बढ़ती फिनटेक कंपनी एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।

एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड एक तेज़ी से बढ़ती फिनटेक कंपनी है, जिसे 2023 में सूचीबद्ध किया गया था। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत के लॉटरी उद्योग को पुनर्परिभाषित करना है। यह सहयोग उन राज्यों में, जहां ऑनलाइन लॉटरी संचालन की अनुमति है, पारदर्शिता, डिजिटल परिवर्तन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड के 1.92 लाख एजेंट नेटवर्क का उपयोग करेगा।

इस पहल के तहत, ऋति स्पोर्ट्स और एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड देशभर में एजेंटों को ऑनलाइन लॉटरी टिकटों की बिक्री में सहायता प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएंगे। यह परियोजना डिजिटल इंडिया दृष्टि के अनुरूप है, जो पारदर्शिता को बढ़ावा देने और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उत्पन्न करने पर केंद्रित है।

छोटे बचत और लॉटरी निदेशालय, गोवा सरकार द्वारा जारी विपणन लाइसेंस के साथ, ग्रेट गोवा गेम्स भारत के लॉटरी उद्योग में एक पथप्रदर्शक बनने के लिए तैयार है। वर्तमान में यह उद्योग मुख्य रूप से पेपर टिकट-आधारित प्रणाली पर निर्भर है, जो भारत के 10 से अधिक राज्यों में प्रचलित है। ऑनलाइन लॉटरी प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करते हुए, गोवा सरकार ने 33 बिलियन के भारतीय लॉटरी उद्योग में एक नया मानक स्थापित किया है।

अरुण पांडे, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, ऋति ग्रुप ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की ऋति स्पोर्ट्स में, हमारा मिशन तकनीक के माध्यम से अवसरों का लोकतंत्रीकरण करना है। एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड के साथ हमारी साझेदारी भारतीय लॉटरी उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है। हम मिलकर एक पारदर्शी, समावेशी और तकनीक-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की कल्पना करते हैं, जो न केवल मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि सार्थक रोजगार के अवसर उत्पन्न करके सामाजिक और आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा देता है। गोवा सरकार के समर्थन से, यह पहल राज्य में सफलता प्राप्त करेगी, जो नवाचार के माध्यम से रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगी। यह साझेदारी केवल लॉटरी क्षेत्र के रूपांतरण तक सीमित नहीं है; यह व्यक्तियों को सशक्त बनाने और भारत भर में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के बारे में है।

### अदाणी समूह को आईटीडी सीमेंटेशन में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने के लिए सीसीआई की मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मंगलवार को अदाणी समूह की इकाई रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी के आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में करीब 5,757 करोड़ रुपये में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड एक इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है जो भारी सिविल, बुनियादी ढांचे और इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) व्यवसाय करती है और भारत और विदेशों में परिचालन करती है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा, प्रस्तावित सौदे में रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी (अधिग्रहणकर्ता) की ओर से आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड की कुल जारी और वोटिंग इक्विटी शेयर पूंजी के लगभग 46.64 प्रतिशत (8,01,13,180 शेयरों के बराबर) का अधिग्रहण शामिल है।

## 'शार्क टैंक इंडिया 4' में दिखा आरबीडी मशीन टूल्स का प्रेरणादायक सफर

**लखनऊ।** खेती अगर ज्यादा आसान, अधिक कुशल एवं फायदेमंद हो जाए तो आरबीडी मशीन टूल्स को लाने के पीछे यही सोच है। यह नई पहल करने वाला एक स्टार्टअप है, जो भारत में खेती में बड़ा बदलाव ला रहा है। राजस्थान के एक छोटे-से गांव के देवेन्द्र कुमार टेलर और भूपेन्द्र कुमार टेलर द्वारा स्थापित इस कंपनी का लक्ष्य किसानों को नये-नये टूल्स तथा टेक्नोलॉजी से सशक्त करना है। ग्राहक को सबसे अधिक महत्व देने के नजरिये के साथ, आरबीडी मशीन टूल्स गुणवत्ता एवं किफायत के साथ ही किसानों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। आरबीडी मशीन टूल्स भारत के सबसे तेजी से बढ़ रहे एग्री-मशीनरी ब्रैंड्स में से एक है। उनका पावर रीपर चाफ कटर वीडियो वायरल हो चुका है, जिसे यूट्यूब पर 4.5 मिलियन व्यूज़ मिले हैं। उनका मिशन 'अब बचेगा किसान का समय और पैसा दोनों' काफी लोगों को पसंद आया है। फाउंडर देवेन्द्र कुमार का ब्रैंड के लिये जुनून देखने लायक है। उन्होंने अपने हाथ पर कंपनी का लोगो भी




टैटू करवाया है। इससे उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट नजर आती है। टैंक में एंट्री लेते हुए, फाउंडर्स ने 1त्न इक्विटी के बदले 1 करोड़ रूपये की मांग की। उनका लक्ष्य अपने कामकाज को बढ़ाना और भारत के किसानों की प्रगति के अपने मिशन को आगे ले जाला है। हालांकि, शार्क्स ने सरकारी सर्टिफिकेशन के अभाव पर चिंता जताई है और वे ज्यादा वित्तीय पारदर्शिता भी चाहते हैं। अपने अनुभव के बारे में देवेन्द्र कुमार टेलर ने कहा, ''शार्क टैंक इंडिया 4 में आना हमारे लिये बदलाव का एक सफर रहा। हमें खेती में अभिनव एवं किफायती टूल्स से क्रांति लाने का अपना मिशन दिखाने के लिये एक मंच मिला। शार्क्स का फीडबैक बेहद कीमती था और हमें किसानों को सशक्त करने के लिये सुधार के क्षेत्रों का पता चला। यह सफर सिर्फ फंडिंग पाने के लिये नहीं था, बल्कि हमने भारत में खेती की चुनौतियों और मौकों पर जागरूकता बढ़ाई। हम एक बार में एक नवाचार करते हुए, किसानों का समय और पैसा बचाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।'' क्या आरबीडी मशीन टूल्स को सफलता मिलेगी जानने के लिये देखिये शार्क टैंक इंडिया आज रात 8 बजे सिर्फ सोनी लिव पर!

### नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों और अकादमिक विशेषज्ञों ने डिजिटल नवप्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की



**नई दिल्ली।** नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों और अकादमिक विशेषज्ञों ने ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) के एजुकेशन वर्टिकल द्वारा From Chalkboards to Chatbots: The Evolution of Digital Education and EdTech in Bridging Educational Gaps' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में यह बात रेखांकित की कि कैसे डिजिटल नवप्रवर्तन शैक्षणिक अंतर पाट सकता है और सभी के लिए समावेशी सीख सुनिश्चित कर सकता है। इस आयोजन में नई दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के उच्चायोग के प्रथम सचिव श्री पीटर महाफा और बोलिविया दूतावास के सिविल अटैच क्रिस्टियन डब्लू विलैरियल दुरान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस गोलमेज सम्मेलन के दौरान अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने वाले उद्योग विशेषज्ञों में करियर गाइड की सीईओ सुरभि देवरा, आईड्रीमकरियर के संस्थापक एवं सीईओ आयुष बंसल, इनवोकॉन के सह-संस्थापक एवं सीईओ तरणजीत सिंह, शारदा युनिवर्सिटी में डीएसटी आईटीबीआई टेक्निकल बिजनेस इनक्यूबेटर के सीईओ, एआईएम के मेंटर, साइकॉम इंडिया और एस्ट्रोकैंप ग्रुप के संस्थापक निदेशक अनुराग पांडेय, टाइम्सप्रो के मुख्य डिजिटल स्ट्रैटेजी ऑफिसर, अभिजीतमेहरोत्रा, उपाध्यक्ष, इमर्टिकसलर्निंग, वरुण धामिजा, शिपरस्कूल्स के संस्थापक अनुराग मिश्रा, स्किल सर्किल के संस्थापक और सीईओ शिवम आहुजा, डिजिपरफॉर्म के सह संस्थापक वैभव वत्स और लाल बहादुर शास्त्री एजुकेशनल सोसाइटी को बोर्ड सदस्य मुदित शास्त्री शामिल थे।

## न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना पेटेंटेड न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट लॉन्च किया

**लखनऊ।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना सबसे नया और पेटेंटेड न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट लॉन्च किया है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट का लॉन्च इंडस्ट्री-प्रमुख समाधान प्रदान करने के हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो कंस्ट्रक्शन मानकों को नए सिरे से तय करता है। हमारे हरियाणा सीमेंट प्लांट में स्थानीय उत्पादन के साथ, हमारा लक्ष्य उत्तरी क्षेत्र में अपने ग्राहकों के लिए शीघ्र उपलब्धता और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। हम इस इनोवेटिव उत्पाद को बाजार में लाने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारे ग्राहकों की अनूठी जरूरतों



के अनुरूप हाई क्वालिटी वाले सीमेंट समाधान प्रदान करने में न्युवोको की लीडरशिप की पुष्टि करता है। न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख आउटलेट्स पर उपलब्ध है, जो ड्यूरेबल और विश्वसनीय कंस्ट्रक्शन के लिए अत्याधुनिक सॉल्यूशंस प्रदान करता है। न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट, एक अगली पीढ़ी का पोर्टलैंड पॉजोलाना सीमेंट (पीपीसी) वैरिएंट है, जिसे माइक्रोफाइबर से और भी सक्षम बनाया गया है जो माइक्रो-रीइन्फोर्सिंग एजेंट के रूप में कार्य करता है। ये माइक्रोफाइबर कॉंक्रीट, मोर्टार या साफ सीमेंट मैट्रिसेस में माइक्रो-क्रैक की ग्रोथ को काफी कम करते हैं, जिससे लंबे समय तक चलने वाला कंस्ट्रक्शन सुनिश्चित होता है। उत्पाद को पेटेंटेड फाइबर रीइन्फोर्स्ड सीमेंट कंपोजिशन टेक्नोलॉजी का उपयोग करके विकसित किया गया है, जो अपनी बेहतर गुणवत्ता और ड्यूरेबिलिटी के लिए बाजार में अलग पहचान रखता है।

ग्राहकों पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, न्युवोको अपने उपभोक्ताओं को बेस्ट-इन-क्लास उत्पाद देने का निरंतर प्रयास करता है। उत्तरी बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और तेजी से उत्पाद पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, न्युवोको ने अपने हरियाणा सीमेंट प्लांट में न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट का उत्पादन शुरू किया है। इस प्लांट का रणनीतिक लोकेशन तेजी से डिलीवरी की अनुमति देता है, जो क्षेत्र में हाई क्वालिटी कंस्ट्रक्शन सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करता है।

### जी-शॉक ने देश में अपना सबसे बड़ा स्टोर खोला



**लखनऊ।** जापान स्थित कैसियो कंप्यूटर कॉरपोरेट लिमिटेड, जो कैसियो इंडिया की मूल कंपनी है, ने अपने प्रतिष्ठित ब्रांड जी-शॉक का लखनऊ में पहला एक्सक्लूसिव स्टोर खोला। यह उत्तर प्रदेश में दूसरा एक्सक्लूसिव जी-शॉक स्टोर है। स्टोर में जी-शॉक की प्रतिष्ठित शृंखलाएं, जैसे कि प्रसिद्ध 5600, 2100, 110 और 6900 शृंखलाएं, नवीनतम कलेक्शन, लिमिटेड-एडिशन घड़ियों और जी-स्टील रेंज की नई लॉन्च की गई घड़ियों का चयन उपलब्ध है। इसके अलावा, ग्राहक यहां कैसियो विंटेज टाइमपीस की नियो-रेट्रो शैली, कैसियो एडिफिस क्रोनोग्राफ की स्टाइलिश सादगी और कैसियो की क्लासिक घड़ियों की शाश्वत सुंदरता भी देख सकते हैं।यह जी-शॉक स्टोर फैशन और स्ट्रीटवियर के प्रेमियों और घड़ियों के पारखियों के लिए, एक अनोखा और रोमांचक अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। यह एफ-31, फीनिक्स पलासियो मॉल, सेक्टर-7, गोमती नगर एक्सटेंशन, अमर शहीद पथ, एकाना स्टेडियम के पास, लखनऊ, 226010,उत्तर प्रदेश में स्थित है।

# मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मौनी अमावस्या के मौके पर बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। भोर से ही पवित्र नदियों के तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जनपद के नारायणी नदी हो या फिर बांसी या शिवा घाट हर जगह भोर से ही बड़ी तादात में श्रद्धालुओं के पहुंचने और आस्था की डुबकी के साथ दान पुण्य करने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। स्नान-ध्यान के बाद श्रद्धालुओं ने गोदान किया तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि तथा खुशहाली की मंगलकामना की।

यूपी-बिहार सीमा पर पनियहवा रेल व सड़क पुल के नीचे नारायणी नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना की। ब्रह्म मुहूर्त से ही स्नान ध्यान, पूजा, गोदान आदि धार्मिक क्रिया-कलाप शुरू हो गया। धार्मिक मंत्रों व जयकारे से नारायणी क्षेत्र गुंजायमान रहा। बिहार, महराजगंज, देवरिया, गोरखपुर आदि जगहों से श्रद्धालु भोर में ही घाट पर पहुंचना शुरू हो गए। इस दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। मेला क्षेत्र से होकर गुजर रही ट्रेनों व स्नान करते समय नदी में कोई अनहोनी न हो, इसके लिए नाव व गोताखोरों को विशेष रूप से तैनात किया गया था। खड्डा व हनुमानगंज थाने की पुलिस टीम मुस्तैदी से मेले में तैनात रही। इसी तरह मौनी अमावस्या को लेकर सेवरही के शिवा घाट, पांडेय पट्टी घाट, गोला घाट, रुक्मिनी घाट, गौरी घाट, दमकल घाट, मलाही घाट, पिपराघाट समेत जंगली पट्टी, अहिरौलीदान, विरवट कोन्हवलिया, बॉकखॉस, बाघाचौर, जवही दयाल आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इन घाटों पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार की शाम से ही शुरू हो गया था। बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य की।

**सौ काशी, एक बांसी की मान्यता पर लोगों ने नदी में स्नान कर किया दान-पुण्य**

### पवित्र नदियों में देवताओं का होता है निवास : श्रीदास

अंर्तराष्ट्रीय कथावाचक व श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति के पीठाधीश्वर श्री दास महाराज बताते हैं कि माघ महीने की अमावस्या को मौनी अमावस्या भी कहते हैं। इस दिन मौन रखकर नदियों में डुबकी लगाने का विधान है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन पवित्र संगम में देवताओं का निवास होता है। इसलिए इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस मास को भी कार्तिक के समान पुण्य मास कहा गया है। मौनी अमावस्या के अवसर पर कुशीनगर जिले के श्रद्धालु बड़ी गंडक के पनियहवा, भैसहां घाट, पिपराघाट समेत अन्य स्थलों पर डुबकी लगाते हैं। इसी तरह छोटी गंडक और बांसी नदी में भी श्रद्धालु स्नान करने के बाद दान-दक्षिणा देते हैं तथा पूजा-अर्चना करते हैं। यही नहीं यहां से काफी संख्या में भक्त नेपाल के त्रिवेणी में भी स्नान के लिए जाते हैं। आस्था वानों ने छोटी गंडक के हेतिमपुर, रगड़गंज समेत अन्य घाटों पर तथा बांसी नदी में भी डुबकी लगाई।

**साधु-संतो ने किया शाही स्नान, व्यवस्था चौक-चौबंद-** मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को पनियहवा घाट पर आयोजित होने वाले मां नारायणी सामाजिक कुंभ में स्नान के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार को दिन भर चलता रहा। दूर-दराज के लोग दोपहर बाद से मेला स्थल पर पहुंचने लगे थे। सैकड़ों दुकानदार दुकानें व्यवस्थित करने में जुटे रहे। मेला व्यवस्थापक की ओर से श्रद्धालुओं के ठहरने व भंडारा की व्यवस्था की गई है। साधु-संतों की टोली भी मंगलवार से जुटने लगी थी। सर्वप्रथम साधु-संतो ने भोर मे शाही स्नान कर शुरुआत किया। उसके बाद श्रद्धालुओं ने नारायणी मे आस्था की डुबकी लगाई। पनियहवा के दुकानदार अरविंद साहनी ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले लोग मेला घूमते है और खरीदारी करते हैं। नदी में नौका विहार कराने वाले ध्रुप साहनी ने बताया कि श्रद्धालुओं के स्नान के बाद नदी में सुरक्षित भ्रमण के लिए लाइफ जैकेट व लाइफ रिग की व्यवस्था की गई है।

## प्रत्येक सोमवार दिव्यांग बच्चों का चिकित्सा प्रशिक्षण एम्स रायबरेली में किया जाएगा

**रायबरेली।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शीवेन्द्र प्रताप सिंह ने समे.शि. के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र/यू.डी.आई.डी. निर्गत कराये जाने हेतु कैम्प के आयोजन के सम्बन्ध में बताया है कि जनपद रायबरेली में ऐसे दिव्यांग बच्चे जो कि श्रवण बाधित / बौद्धिक दिव्यांगता से ग्रसित है उनकी चिकित्सीय परीक्षण हेतु मेडिकल कालेज लखनऊ जाना पड़ता था जिस कारण से उन्हें अत्यधिक असुविधा का सामना करना पडता था। उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की पहल से तथा मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चंद्रा एवं चिकित्सा अधीक्षक एम्स, रायबरेली के सहयोग से जनपद में स्थित एम्स में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी के समन्वय से प्रत्येक सोमवार को ऐसे 536 दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण एम्स रायबरेली में प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा। इस हेतु कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से खण्ड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल नोडल होगें।

## कायाकल्प की टीम ने सीएचसी कप्तानगंज का किया निरीक्षण


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच के बाद बाहर निकलती राज्य स्तरीय टीम

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में कायाकल्प राज्य स्तरीय तीन सदस्यीय टीम ने बृहद रूप से निरीक्षण एवं जांच किया। जिसमें सामने आए कर्मियों को सुधार का निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी डा सूर्यभान कुशवाहा एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दिया। बुधवार को दोपहर 12 बजे पहुंची राज्य स्तरीय तीन सदस्यीय स्वास्थ्य टीम मे शामिल डॉ अजय कुमार डॉ अबू बकर, डा फैजान ने प्रसव वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, सघन चिकित्सा कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जांच टीम द्वारा आल इज वेल की संस्तुति दिखाई दी। इसके बाद भी टीम द्वारा और सुधार के गुंजाइश को लेकर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। टीम के मुख्य सदस्य डॉक्टर अजय कुमार ने कहा कि शासन के मंशा के अनुसार यहां आने वाले हर मरीज को समुचित लाभ मिलना चाहिए। इस दौरान डॉ परवेज आलम डॉ उमेश चंद यादव डॉक्टर एस बी सिंह गोपाल मद्धेशिया नीरज गुप्ता दीपक चौहान दुर्गेश दिक्षित संदीप गोंड अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईजी व डीएम ने जनपद में श्रद्धालुओं के लिये बनाये गये होल्डिंग एरिया का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** मौनी अमावस्या में महाकुंभ में स्नान हेतु प्रयागराज जाने वाली भीड़ के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र प्रशान्त कुमार व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आंबेडकर महाविद्यालय ऊंचाहार होल्डिंग एरिया व श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए स्वागत कक्ष, महाकुंभ सहायता केंद्र एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के समय महाकुंभ के दृष्टिगत जनपद में बनाए गये होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं हेतु टेंट के पंडाल, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, जेनसेट, खान-पान, स्वच्छ पेयजल, बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था, विश्रामालय, चिकित्सा, कम्बल, अलाव, संगीत हेतु डीजे सेट, एलईडी टीवी, शौचालय व पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित पाई गई, तथा श्रद्धालुओं से वार्ता कर फीड बैंक लिया गया, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा अवगत कराया गया कि अवागमन व ठहरने में किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं है, रायबरेली जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित प्रबन्ध किए गए है। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा आगे भी उक्त व्यवस्थाओं को यथावत बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि होल्डिंग एरिया व सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रकाश, अलाव, पर्याप्त कम्बल, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखें, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन व ठहरने में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुचारू यातायात प्रबंधन व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी संबंधित स्थलों पर शिफ्टवार पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कराते हुए, पुलिस द्वारा निरंतर पेट्रोलिंग की जाए।

## एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित हुआ

**अमेठी।** बुधवार को संजय गांधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर में रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 220 लोगों ने प्रतिभाग किया। 144 लोगों का सेवायोजन हुआ। मेले में बैंको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं बुसान प्राइवेट लिमिटेड ने प्रतिभागियों को सेवायोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य रामरतन जी द्वारा की गई। संस्था के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन अधिकारी फैजान अहमद ने बताया कि अमेठी, रायबरेली और सुल्तानपुर के छात्रों ने इस मेले में प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों 24 छात्रों का चयन जिंदल स्टील में हुआ। जिला सेवायोजन अधिकारी अधिकारी अनुपमा रानी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी अजय सिंह व जगदीशपुर आई टी आई के प्रभारी देवेश द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से संबंधित पूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## संत निरंकारी मिशन के कार्यकर्ताओं ने स्वयं के खर्चे से कराया सड़क मरम्मत


मरम्मत कार्य कराते निरंकारी के लोग

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** संत निरंकारी मिशन सुम्हाटार, ब्रांच पकड़ी, कुशीनगर के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वयं के खर्चे से सड़क मरम्मत कार्य किया गया। सुम्हाटार से महुअवा खुर्द के बीच की सड़क काफी टूट गई है, जिस पर चलना बहुत मुश्किल हो गया है। जन प्रतिनिधियों द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता है। सुम्हाटार के निरंकारी मिशन के कार्यकर्ताओं द्वारा हर वर्ष वार्षिक संत समागम का आयोजन फरवरी माह में किया जाता है। गत वर्ष भी इन लोगों ने सड़क का मरम्मत किया था। इस वर्ष 18 फरवरी को वार्षिक संत समागम होना सुनिश्चित है। संत- महात्माओं के आने में दिक्कत न हो, इसलिए इन लोगों ने खुद के खर्च से इस वर्ष भी सड़क मरम्मत कार्य किया। इस नेक काम में गांव के सोहन लाल सिंह और लल्लू सिंह ने भी सहयोग किया। गांव के कुछ अन्य लोगों का भी सहयोग मिला। इस कार्य में संत निरंकारी मिशन के समर्पित कार्यकर्ता रामरूप विश्वकर्मा, रमेश कुमार, वीरेंद्र साहनी, रमेश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, झिनक, रामकृपाल, सूरज, सुनील, गुड्डू पहलवान, शिवम, शीतल यादव आदि ने काफी परिश्रम किया।

## एक ही रात में दो आभूषण की दुकान में हुई चोरी



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुजडीहा चौराहे पर स्थित दो आभुषण की दुकानों में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। प्राप्त सूचना के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मुजडीहा चौराहे पर अरविन्द वर्मा आभूषण की दुकान चलाते हैं। बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे तिजोरी से 150 ग्राम चांदी एक हजार रुपए नगदी की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं बगल में स्थित विनोद वर्मा के दुकान से 5 केवीए का स्टेपलाइजर, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और कुछ आर्टिफिशियल ज्वेलरी की चोरी कर मौके से फरार हो गए। दुकानदारों ने स्थानीय पुलिस को सामुहिक तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## महाकुंभ में गई महिला श्रद्धालु की इलाज के दौरान मौत

**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत कप्तानगंज के झझवा निवासी एक महिला श्रद्धालु का प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो गई। नगर के झझवा वार्ड नम्बर 6, एकलव्य नगर निवासी सुभागी देवी पत्नी श्याम बिहारी गत 27 जनवरी को प्रयागराज गई थी कि स्नान करने की तैयारी में थी कि अचानक उनकी तबियत खराब हो गई साथ में गए परिजनों एवं सहयोगियों के द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए 108 नंबर एम्बुलेंस को फोन किया गया एंबुलेंस एक घंटा लेट पहुंची त्रिवेणी घाट सेक्टर 2, में बने हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां डॉक्टर तो मिले परन्तु महिला की मौत जरूर मिल गई। अगर समय से एंबुलेंस पहुंचा होता और इलाज़ मिली होती तो महिला की जान बचाई जा सकती थी।

## सामूहिक विवाह में हुई 303 जोड़ों की शादी



**अमेठी/गौरीगंज अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बुधवार को पीयूष उत्सव मैरिज लान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 303 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक राकेश प्रताप सिंह और ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादव ने नव विवाहित जोड़ों को समाज कल्याण विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए उपहार प्रदान किए। 244 शादियां हिन्दू रीति रिवाज से हुई। 59 मुस्लिम जोड़ों को निकाह पढ़ाया गया। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष देव नारायण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## महाकुंभ में हुई दुर्घटना पर बसपा ने जताया दुःख

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** महाकुंभ -2025में भगदड़ और दुर्घटना से हुई श्रद्धालुओं की मौत पर बसपा ने गहरा दुःख जताया है और कुदरत से पीड़ितों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। बसपा सुप्रीमो मायावती की ओर से एक्स पर शोक संदेश जारी किया गया है। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम और प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कहा कि प्रयागराज की संगम स्थली पर, महाकुम्भ में हुई भगदड़ में, जिन भी श्रद्धालुओं ने अपनी जान गवाई है और घायल हुये हैं। यह घटना अति-दुःखद व चिन्तनीय है। ऐसे समय में कुदरत पीडितों को दुःख को सहन करने की शक्ति दें, पार्टी की यही कामना करती है।

## प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि मंडलायुक्त लखनऊ, मण्डल लखनऊ के आदेशानुसार लखनऊ मण्डल के जनपदों में नगर पालिका परिषद की सीमा क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले आम नागरिकों की दैनिक जीवन से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं जैसे-स्ट्रीट लाइट रोड/नाली निर्माण, जलापूर्ति, सीवरेज, ट्रैफिक, अतिक्रमण, नालियों में साफ-सफाई की समस्या आवासित स्थलों में जलभराव, हाउस टैक्स, म्यूटेशन, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र आदि विभिन्न समस्याओं से पालिका स्तर पर आम जनमानस को रूबरू होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु अनेक प्रबंध किये गये है. जिसके अनुक्रम में मूलभूत समस्याओं से सम्बन्धित विभाग समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयासरत भी रहते हैं, किन्तु पालिका स्तर पर मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य इस प्रकार के होते हैं कि जिनमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है, जिसकी जानकारी आम नागरिकों को सामान्यतः नहीं हो पाती है। एक से अधिक विभागों द्वारा कार्य किये जाने की स्थिति में कार्य के प्रति जवाबदेही भी स्पष्ट रूप से तय करने में समस्या होती है, ऐसी स्थिति में नगर पालिका क्षेत्र की मूलभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण बगैर अर्न्तविभागीय समन्वय से किया जाना संभव नहीं हो पाता है। परिणामस्वरूप पालिका क्षेत्रान्तर्गत आम जनमानस को दैनिक जीवन से जुड़ी हुई मूलभूत छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण हेतु विभागों के चक्कर लगाने के साथ ही उच्च स्तर तक जाना पड़ता है, जिससे सरकार के प्रति आम नागरिको में एक नकारात्मक भाव उत्पन्न होते हैं। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद रायबरेली स्तर पर आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय हेतु निर्देश दिये हैं कि जनपद की नगर पालिका परिषद स्थित सभागार में प्रत्येक माह के अन्तिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन पूर्वान्ह 10 से 1 बजे के मध्य किया जाये।

## बैंकर्स के खिलाफ किसी भी प्रकार की शिकायत मिली तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाए : डीएम

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु, श्रम बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यदि बैंकर्स के खिलाफ किसी भी प्रकार की शिकायत मिलेगी तो निश्चित रूप से एफआईआर दर्ज कराने का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उद्योग व व्यापार बंधु की जो भी समस्याएं है उसे तत्काल निस्तारण करा दें। बैठक में मेसर्स डॉ. केडी सिंह पैरामेडिकल कॉलेज, पकड़ी, कसया, कुशीनगर के लंबित धारा 80 को निस्तारित कराए जाने के प्रकरण में स्वीकृत मिल जाने एवं शुल्क जमा कर एनओसी प्राप्त करने की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। मेसर्स एनीड्रग्स फार्मा इण्डस्ट्रीज, भैंसहां, शाहजहांपुर, कसया, कुशीनगर के इकाई स्थल की भूमि का सीमांकन कराने विषयक प्रकरण समिति के समक्ष रखा गया। इस पर चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि भूमि सीमांकन हेतु स्थल पर जंगल/पेड़ आदि को हटवाए जाने उपरांत सीमांकन की कार्यवाही किए जाने हेतु उप जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है, जो शीघ्र ही करा लिया जाएगा मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड फाजिलनगर के संपर्क मार्ग पर अतिक्रमण के संबंध में जानकारी लेने उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि बंजर की भूमि होने के कारण रास्ता दिया जाना संभव नहीं है। उप्र ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के एमओयू क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त निवेश मित्र पोर्टल पर जिले के उद्यमियों/ निवेशकों के विभिन्न विभागों से समयबद्ध स्वीकृतियों के जारी किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई तथा इसमें लम्बित प्रकरणों के संबंध में सभी बैंकर्स प्रतिनिधियों से एक एक कर लंबित आवेदनों के निस्तारण हेतु पुछताछ की तथा शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिए।

उद्योग विभाग द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (युवा) योजना की समीक्षा दौरान अभी तक 341 आवेदन प्राप्त होने तथा 40 आवेदनों को स्वीकृति होने की जानकारी उपायुक्त उद्योग द्वारा दी गई। जिला श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा श्रमिकों के पंजीकरण की अद्यतन स्थित से अवगत कराया गया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जिलाधिकारी ने कन्या विवाह योजना, उप कर की वसूली, बाल श्रम, बंधुआ श्रमिकों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश श्रम प्रवर्तन अधिकारी को दिए। इसके अतिरिक्त व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारी गणों के समस्याओं के संबंध में पुछताछ करने पर पडरौना नगर में जाम की समस्या, रेलवे क्रासिंग पर खुदाई कर छोड़ दिए जाने, बाई पास सड़क के शीघ्र निर्माण कराने आदि मामलों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं से अपनी दुकान को दुकान के अंदर तक ही रखने की अपील की गई, तथा अन्य मामलों के संबंध में प्रभावी कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया।

## युवाओं के सर्वांगीण विकास के खेल भी है जरूरी : अनुपम मिश्रा

अवधनामा संवाददाता



**बरहज।** बरहज नगर के बीआर डीबीडी पीजी कॉलेज आश्रम बरहज के खेल मैदान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था नेहरू युवा केन्द्र (मेरा युवा भारत) देवरिया के तत्वावधान में प्रमोशन ऑफ फिट इंडिया फिटनेस क्लब के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस बालिका वर्ग में कबड्डी, स्लो साइकिल रेस व बैडमिंटन का आयोजन किया गया। जिसमे भागलपुर, बरहज, सलेमपुर, गौरी बाजार व लार ब्लॉक के विजेता प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी अनुपम मिश्र, अमर मिश्रा, अभिषेक मिश्र उर्फ बिट्टू, शिवम द्विवेदी मौजूद रहे। समाजसेवी अनुपम मिश्र ने कहा कि जहां एक तरफ शिक्षा की महत्तता हैं उसके साथ ही युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल भी जरूरी है। जहां खेलो से आपसी सदभावना और शारीरिक बल की प्राप्ति होती है वही विधा से मानसिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राहुल मल्ल के द्वारा माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। इसके पूर्व मंचासीन अतिथियों द्वारा कॉलेज प्रांगण में स्थापित बाबा राघवदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। बालिका वर्ग में कबड्डी का फाइनल मुकाबला लार बनाम सलेमपुर के बीच खेला गया। जिसमें सलेमपुर ने लार को 44/25 प्वाइंट से जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। बैडमिंटन में खुशी सिंह विजेता व कत्यानी जायसवाल उप विजेता रही एवं स्लो साइकिल रेस में सहानी चौहान विजेता व पूजा कुमारी उप विजेता रही।

## शाहगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण का हुआ समापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग की ओर से पोषण भी, पढ़ाई भी थीम के अन्तर्गत आंगनबाडियों को प्रशिक्षण प्रदान करने का अभियान जारी है। बुधवार को शाहगढ़ में दो विकास खंडों की सौ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के बाद प्रशिक्षण का समापन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने केन्द्रों पर प्रशिक्षण का फालोअप करने के निर्देश दिए। बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज शाहगढ़ के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र शुक्ला की ओर प्रमाण पत्र देकर समापन किया गया। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा पोषण एवं शालापूर्ण शिक्षा को आँगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से और मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा पोषण भी पढाई भी योजना के अंतर्गत पहले दिन पोषण दूसरे दिन पढ़ाई और तीसरे दिन पोषण और पढ़ाई पर जानकारी दी गई। पढाई भी के अंतर्गत नवचेतना, आधारशिला के राष्ट्रीय करिकुलम व प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के बारे में खेल आधारित बिभिन्न गतिविधियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले की रैंकिंग रहे सही

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय ) की बैठक मंगलवार की देर शाम जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में धन्वंतरि सभागार में हुई। जिलाधिकारी व मुख्यविकास अधिकारी ने सभी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों व अन्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया।

**डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की हुई बैठक**

जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराए, जिससे कि जनपद की रैंकिंग सही रहे। हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदन शीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखे और सभी अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। प्रभारी चिकित्साधिकरियों को निर्देशित किया कि अपनेङ्कअपने क्षेत्र के आशा एवं एएनएम की समय समय पर बैठक करते रहे एवं जिनकी कार्य की प्रगति ठीक नहीं है, कि रिपोर्ट से भी अवगत कराए। उन्होंने कहा जिन आशाओं का कार्य सही नही है, को नियमानुसार नोटिस देते हुए कार्यवाई की जाय। जो भी नई आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कराया जा रहा है उनके दस्तावेजों की जांच जरूर करें। गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराए, जिससे कि जनपद की रैंकिंग सही रहे। सीडीओ प्रत्युष पाण्डेय ने कहा 100 दिवसीय टीबी अभियान में अधिक से अधिक स्क्रीनिंग की जाए ताकि छुपे हुए टीबी के मरीजों की खोज की जा सके, टीबी मरीजों की अच्छी देखभाल करें। जिनमे लक्षण न हो उनका एक्स-रे कराया जाए। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर व्यापक प्रचार प्रसार कर निक्षय शिविर के माध्यम से मोबाईल एक्स रे मशीन से अधिक से अधिक लोगों का एक्स रे कराया जाए। अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाए जाएं और टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली दी जाए।

बहराइच/सुल्तानपुर/मैनपुरी/फिरोजाबाद

# बहराइच में आज से चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान : डॉक्टर संजय

- कुष्ठ रोग का इलाज संभव, समय पर उपचार से पूरी तरह ठीक हो सकती है बीमारी
- 13 फरवरी तक खोजे जायेंगे कुष्ठ रोग के संभावित मरीज
- जिलाधिकारी मोनिका रानी की जनपदवासियों से अपील





अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी से 13 फरवरी तक जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, शुरुआती लक्षणों की पहचान करना और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत संभावित रोगियों की पहचान कर निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेगी ताकि कोई भी रोगी इलाज से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा, कुष्ठ रोग पूरी तरह उपचार योग्य है, लेकिन इससे जुड़ी भ्रांतियों और कलंक के कारण कई लोग समय पर इलाज नहीं करा पाते। हमारा उद्देश्य सिर्फ इलाज देना ही नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपील की, स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जा रहा है। आइए, हम जागरूकता फैलाएं, भ्रांतियों को दूर करें और कुष्ठ मुक्त, भेदभाव मुक्त भारत बनाने में योगदान दें।

### इलाज में देरी से विकलांगता का खतरा: डॉ0 पी.के.वर्मा

जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. पी.के. वर्मा ने बताया कि कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं बल्कि माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रे नामक बैक्टीरिया से होने वाला एक संक्रामक रोग है, यदि त्वचा पर हल्के लाल या तांबे रंग के सुन्न दाग-चकत्ते, हाथ-पैर की नसों में मोटापन, झनझनाहट, कमजोरी या तलवों में सुन्नपन महसूस हो, तो तुरंत जांच कराएं। इलाज में देरी से विकलांगता हो सकती है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार का लक्ष्य 2027 तक विकलांगता दर को शून्य और प्रसार दर को 1 तक लाना है। वर्तमान में जिले में विकलांगता दर शून्य है और प्रसार दर 0.58 है।

### समय रहते पहचान जरूरी: डॉ. विनय

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनय श्रीवास्तव ने बताया कि यदि त्वचा पर लाल या फीके धब्बे, सुन्नपन, गांठें, आंखों से पानी आना या उंगलियों का मुड़ना जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत उपचार कराएं। कुष्ठ रोग की नि-शुल्क दवा जिले के सभी अस्पतालों में उपलब्ध है। उन्होंने बताया वर्तमान में जिले में 248 सक्रिय कुष्ठ रोगी हैं जिनका उपचार चल रहा है , जबकि 556 मरीजों को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण कुष्ठ रोगी योजना के तहत 83 मरीज लाभान्वित हो रहे हैं, जिन्हें आवास मुहैया कराया गया है। डीएचइआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 265, 2022-23 में 345, और 2023-24 में 412 नए कुष्ठ रोगी खोजे गए, जो उपचार के बाद रोगमुक्त हो चुके हैं। वर्ष 2024-25 में 265 नए रोगी पाए गए, जिनमें 42 पूरी तरह रोगमुक्त हो चुके हैं, और बाकी का इलाज चल रहा है।

## सुल्तानपुर के लाल आदित्य पाठक को मिला राष्ट्रपति वीरता पदक

**धम्मौर, सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र के धम्मौर ग्राम सभा के रसवादा ग्राम निवासी फायरमैन आदित्य पाठक पुत्र कृष्ण कुमार पाठक को गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया। वह कानपुर नगर के मीरपुर फायर स्टेशन में तैनात है। वहां स्थित एक अपार्टमेंट में भीषण आग से उन्होंने व अन्य जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को बाहर निकाला था । पुरस्कार मिलने पर परिवार व क्षेत्र में हर्ष की लहर है।बीते वर्ष 15.01.2024 को चमनगंज स्थित अपना पैलेस अपार्टमेंट के बेसमेंट में जूतों के गोदाम में आग लग गई थी।सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा अपनी टीम के साथ पहुंचे।उस दौरान अपार्टमेंट के तीसरी व चौथे मंजिल में फंसे 25 लोगों को लेडर की सहायता से सकुशल नीचे उतार लिया गया था।साथ ही आसपास की इमारत से भी 100 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था । इस सराहनीय कार्य के लिए कानपुर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी कमलेंद्र कुमार सिंह , चालक सुदेश बाबू , फायरमैन शैलेश व फायरमैन करवेंद्र सिंह को भी राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया।

# महोत्सव में बढ़-चढ़ कर सभी नागरिक करें भागीदारी: डीएम



- जनपद की प्रतिभाओं को मिलेगा एक नया मुकाम: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने 01 से 07 फ़रवरी 2025 तक होने वाले फिरोजाबाद महोत्सव की चल रही तैयारियों को लेकर पी0डी0 जैन इण्टर कॉलेज में महोत्सव क्षेत्र का भ्रमण किया। यहाँ पर उन्होंने लगने वाले स्टॉलो को देखा, साथ ही साथ पण्डाल मंच की व्यवस्था और आने वाले विशिष्ट अतिथि, मीडियाजनों के बैठने की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मीडियाजनों से मुखातिब होते हुये कहा कि अबकि बार स्टॉलो की संख्या तीन गुना बढ़ा दी गई है जिससे अलग-अलग प्लेटफार्म से आये लोगो को एक मंच मिल सके, जनपद के कलाकारो की प्रतिभा के साथ न्याय हो सके ऐसी हमने व्यवस्था की है। 01 फ़रवरी को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे, जिलाधिकारी ने जनपद के सभी निवासियो से अपील की है कि सभी नागरिक इस महोत्सव में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करें, जिलाधिकारी ने कहा कि हमनें ऐसी व्यवस्थायें की है कि दिन में विभिन्न विभागो द्वारा संगोष्ठियों या विभागीय परिचर्चा कराई जायेगी, जबकि शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कल शाम तक सभी व्यवस्थायें पूर्ण करा लें साथ ही साथ वाहनो को खड़ा करने की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

# शिकोहाबाद पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े दो शातिर, तमंचा-कारतूस बरामद

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन मे थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा शातिर लुटेरे अभियुक्तगणों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाने जा रहे अभियान के दौरान प्र0नि0 थाना शिकोहाबाद को मुखबिर खास ने सूचना दी कि स्पलेन्डर मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट पर 03 संदिग्ध लडके रात्रि के समय में सर्राफा बाजार में मुँह पर कपडा बाँधे घूम रहे है, सर्राफा बाजार से वो कई बार घूम कर निकल कर गये हैं, वो किसी घटना करने की फिराक में हैं और उनके पास अवैध असलाह भी हो सकते हैं। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद ने उ0नि0 विजय गोस्वामी के नेतृत्व में एक टीम को सर्राफा बाजार में चैकिंग हेतु भेजा गया तो उ0नि0 विजय गोस्वामी की पार्टी को देखकर मोटरसाईकिल सवार तीन लडके अभिषेक पुत्र रामफल सिंह यादव निवासी नगला वैध थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद, आकाश पुत्र चन्द्रप्रकाश यादव निवासी सारंगपुर थाना फतेहाबाद जनपद आगरा एवं एक अज्ञात जो कि सर्राफा मार्केट से नौशेरा की तरफ भागे और जिनका पीछा पुलिस पार्टी द्वारा किया गया। साथ ही प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद ने चैकिंग हेतु कन्ट्रोल रूम को बताया और स्वयं प्र0नि0 शिकोहाबाद ने भी बदमाशों की मोटर साईकिल का पीछा किया और असुआ मोड पर मोटर साईकिल सवारों ने पुलिस पार्टी के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्तगण आकाश व अभिषेक के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायलों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भेजा गया व एक युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया हैं, फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है। पकड़े गए लड़कों के पास से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस, 05 खोखा कारतूस, 01 मोबाइल फोन, 01 बिना नम्बर की मोटर साइकिल (स्पलेण्डर) बरामद हुयी है। गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 61/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना शिकोहाबाद, अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 प्रदीप कुमार, उ0नि0 विजय गोस्वामी, उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह, उ0नि0 निशान्त कुमार, उ0नि0 फैसल खान, उ0नि0 गुलफाम खान, हैड का0 838 अरविन्द सिंह, का0 1409 विजय कुमार, का0 985 राहुल कुमार थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

कुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 30.01.2025 (गुरुवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | | | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04223 | प्रयाग जं. | 11:55 | अयोध्या कैंट | 17:10 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट | 01:55 | |
| 04271 | फाफामऊ जं. | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपूर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई जं, मंड़ियाहूँ एवं ज़फराबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ जं. | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरा रोड़, लालगोपालगंज, भदरी, कुण्डाहरनामगंज, गढ़ी मानकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊँचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर जं., रायबरेली जं., श्री गंगानगर जं., हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराज नगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलाल गंज एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04231 | फाफामऊ जं. | 22:10 | अयोध्या कैंट | 02:45 | सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04273 | प्रयाग जं. | 21:40 | जौनपुर जं. | 01:30 | फाफामऊ जं., थरवई, सराय चण्डी, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई जं, मंड़ियाहूँ एवं ज़फराबाद जं. स्टेशन |
| 04291 | फाफामऊ जं. | 12:30 | लखनऊ जं. | 19:50 | अटरामपुर, रामचौरा रोड़, लालगोपालगंज, भदरी, कुण्डा हरनामगंज, गढ़ी मानकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊँचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर जं., रायबरेली जं., श्री गंगानगर जं., हरचन्दपुर, बछरावाँ, श्रीराज नगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलाल गंज एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04236 | अयोध्या धाम जं. | 12:30 | वाराणसी | 16:10 | गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं. एवं जलालगंज स्टेशन |
| 04238 | अयोध्या धाम जं. | 16:30 | वाराणसी | 20:10 | |
| 04240 | अयोध्या धाम जं. | 19:30 | वाराणसी | 23:10 | |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मानकपुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मानकपुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या धाम जं. | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या धाम जं. | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 05176 | प्रयागराज रामबाग | 11:45 | गोरखपुर जं. | 21:05 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05183 | गोरखपुर जं. | 06:00 | झूँसी | 14:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05184 | झूँसी | 17:30 | गोरखपुर जं. | 03:00 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05188 | झूँसी | 06:30 | गोरखपुर जं. | 16:00 | |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी | 20:40 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औंड़िहार जं., नन्दगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बड़ा गाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05127 | छपरा | 23:15 | झूँसी | 07:45 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औंड़िहार जं., नन्दगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बड़ा गाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी,नन्दगंज, औंड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, भुल्लनपुर, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं.,नन्दगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बड़ा गाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05119 | मऊ जं. | 10:30 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियाँ, हुरमुजपुर, सादात, माहपुर, औंड़िहार जं., सिधौनापुर रामपुर, रजवारी, कादीपुर, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, भुल्लनपुर, हरदत्तपुर, राजातालाब, बहेड़वाँ, निगतपुर, कछवा रोड, कटका, माधोसिंह, अहिमनपुर, अलमाव, ज्ञानपुर रोड, सराय जगदीश, जंगीगंज, अतरौरा, भीटी, हंडिया खास, सैदाबाद, रामनाथपुर एवं झूँसी स्टेशन |
| 05120 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | मऊ जं. | 03:45 | झूँसी, रामनाथपुर, सैदाबाद, हंडिया खास, भीटी, अतरौरा, जंगीगंज, सराय जगदीश, ज्ञानपुर रोड, अलमाव, अहिमनपुर, माधोसिंह, कटका, कछवा रोड, निगतपुर, बहेड़वाँ, राजातालाब, हरदत्तपुर, भुल्लनपुर, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, कादीपुर, रजवारी, सिधौनापुर रामपुर, औंड़िहार जं., माहपुर, सादात, हुरमुजपुर, जखनियाँ, दुल्लहपुर, नायक डीह, पिपरी डीह एवं पनियरा स्टेशन |
| 05160 | झूँसी | 23:25 | भटनी जं. | 07:45 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औंड़िहार जं., सादात, जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., चकरा रोड़, कीडिहरापुर, गोविन्दपुर दुगौली, बेलथरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर एवं पिवकोल स्टेशन |
| 05161 | भटनी जं. | 09:55 | झूँसी | 16:10 | पिवकोल, सलेमपुर, लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोविन्दपुर दुगौली, कीडिहरापुर, चकरा रोड़, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियाँ, सादात, औंड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औंड़िहार जं., सादात, जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., चकरा रोड़, कीडिहरापुर, गोविन्दपुर दुगौली, बेलथरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर एवं पिवकोल स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| **दिनांक 31.01.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | | | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 18:50 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट,भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहवल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद,सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गदमुक्तेश्वर, गजरौली जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., एवं राय बरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मानकपुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मानकपुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या धाम जं. | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या धाम जं. | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औंड़िहार जं., नन्दगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बड़ा गाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05161 | भटनी जं. | 09:55 | झूँसी | 16:10 | पिवकोल, सलेमपुर, लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोविन्दपुर दुगौली, कीडिहरापुर, चकरा रोड़, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियाँ, सादात, औंड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औंड़िहार जं., सादात, जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., चकरा रोड़, कीडिहरापुर, गोविन्दपुर दुगौली, बेलथरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर एवं पिवकोल स्टेशन |
| 05285 | जयनगर | 23:50 | झूँसी | 15:45 | मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुजफ़्फरनगर, हाजीपुर, सोनपुर, दिघवाड़ा, छपरा जं., बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिएरेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# पम्पलेटों के माध्यम से चला वृहद जन-जागरकता स्वच्छता अभियान

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में नगर पालिका परिषद इटावा के अध्यक्ष ज्योति सन्टू गुप्ता एवं विनय माणि त्रिपाठी अधिशाषी अधिकारी की देख रेख में तथा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय)के ब्राण्ड एम्बेसडर डॉ.हरीशंकर पटेल के नेतृत्व में इटावा नुमाइश में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रथम लाने के उद्देश्य से पम्पलेटो के माध्यम से वृहद जन जागरुकता स्वच्छता अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित डॉ. हरीशंकर पटेल ब्राण्ड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय)ने नुमाइश के दुकनदारो तथा आम जनमानस को जागरूक कर महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुए कूड़े को अलग करने के फायदे बताये। पर्यावरण संरक्षण-कूड़े को अलग करने से हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रख सकते हैं। स्वास्थ्य लाभ-कूड़े को अलग करने से हम बीमारियों को फैलने से रोक सकते हैं। ऊर्जा और संसाधनों की बचत-कूड़े को अलग करने से हम ऊर्जा और संसाधनों की बचत कर सकते हैं। आर्थिक लाभ-कूड़े को अलग करने से हम आर्थिक लाभ भी उठा सकते हैं, जैसे कि रिसाइकलिंग से बने उत्पादों की बिक्री से आय प्राप्त हो सकती है। नथ्थीलाल कुशवाहा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद ने कूड़े को अलग करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि घरों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदानों का उपयोग करें। कूड़े को वर्गीकृत करें, जैसे कि कागज़, प्लास्टिक, गिलास और अन्य। कूड़े को अलग-अलग बैगों में डालें-कूड़े को अलग-अलग बैगों में डालें, जैसे कि कागज़ के लिए एक बैग और प्लास्टिक के लिए एक बैग। कूड़े को नियमित रूप से साफ करें-कूड़े को नियमित रूप से साफ करें और उसे सही तरीके से निपटाएं। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अखिल भारतीय समाज उत्थान समिति/न्यास के कार्यकर्ताओं में मुख्यरूप से इन्जी.राजेश कुमार वर्मा सेवा निवृत अधिशाषी अभियन्ता, डॉ.रमेश चन्द्र प्रधानाध्यापक, रमेश चन्द्र राजपूत, अशोक यादवअनिल राजपूत, कुलदीप सक्सेना, राजेश सिंह स. अध्यापक, संजीव शाक्य सहायक अध्यापक, मंजू लता राजपूत स.अध्यापक, डॉ.अनिल शंकर एवं नगर पालिका परिषद इटावा के सफाई नायक रजनीश राठौर अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

# तनाव प्रबंधन और कार्य-जीवन संतुलन पर कार्यशाला



अवधनामा ब्यूरो

**सैफई, इटावा।** ईएनटी विभाग, यूपीयूएमएस सैफई में तनाव प्रबंधन और कार्य-जीवन संतुलन पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी निधि दीदी और ब्रह्मकुमारी तेजस्विनी दीदी ने प्रवचन दिया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ.पीके जैन, प्रो वाइस चांसलर डॉ.रामकांत यादव, डीन डॉ.आदर्श कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. चंद्रवीर और विभागाध्यक्ष डॉ.जेपीएस चैहान समेत प्रोफेसर सोमेंद्र पाल सिंह, डॉ.राजेश ठाकुर, डॉ.अजय और ईएनटी विभाग के सभी फैकल्टी सदस्य जैसे डॉ. रितु गुप्ता, डॉ.संजीव यादव, डॉ. राजीव सक्सेना, डॉ.ज्योति कुमार, जूनियर और सीनियर रेजिडेंट्स, ऑडियोलॉजी स्टाफ, और नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ.जेपीएस चैहान के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने आज के जीवन में तनाव के बढ़ते प्रभाव और इसे प्रबंधित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद, ब्रह्मकुमारी निधि दीदी ने भक्ति गीतों और प्रवचनों के माध्यम से शांति, सकारात्मकता और ध्यान के महत्व को समझाया। ब्रह्मकुमारी तेजस्विनी दीदी ने कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक तरीकों पर चर्चा की। सत्र का समापन एक गहन ध्यान अभ्यास के साथ हुआ, जिसने सभी प्रतिभागियों को आंतरिक शांति और सुकून का अनुभव कराया। ब्रह्मकुमारी मिशन आत्म-चेतना, ध्यान और सकारात्मक सोच के माध्यम से जीवन को संतुलित और तनावमुक्त बनाने की शिक्षा देता है। इस सत्र ने सभी उपस्थित लोगों को जीवन में शांति और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा दी। ईएनटी विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए, भविष्य में ऐसे और सत्रों की आशा की जाती है।

# ग्राम पंचायत पोखरा में बनकर तैयार राजकीय महाविद्यालय का डीएम ने किये निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



अवशेष बचे जरूरी व तकनीकी कार्यों को पूरा करते हुए सम्बन्धित को संचालन हेतु किया जाये हैण्डओवरः डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज बभनी ब्लाक के ग्राम पंचायत पोखरा में बनकर तैयार राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किये।

जिलाधिकारी ने महाविद्यालय को देखा और उसका संचालन शुरू करने के लिए सम्बन्धित को पूरी तैयारी करने के लिए निर्देशित किये, उन्होंने कहा कि जो भी जरूरी व तकनीकी कार्य शेष बचे हैं, उसे तत्काल पूरा करते हुए सम्बन्धित को संचालन के लिए हैण्डओवर किया जाये, जिससे पठन-पाठन का कार्य शुरू कराया जा सकें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महाविद्यालय का नाम अंकित कराया जाये, जिससे लोगों को जानकारी हो सकें। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय पोखरा में तैनात प्राचार्य डा रामसेवक सिंह यादव से स्थिति का जायजा लिया, तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि मेन रोड से डिग्री कालेज तक आने वाले सड़क का निर्माण कराया जाना है, जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सम्बन्धित विभाग से कार्ययोजना तैयार करते हुए जल्द जल्द से रोड निर्माण कराया जायेगा। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय उपस्थित रहें।

## भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया का नाम शामिल

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड को भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। नामचीन संस्था 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' द्वारा 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की 347 संस्थाओं की कार्यपद्धि के व्यापक सर्वे के पश्चात कोल इंडिया लिमिटेड को इस सम्मान से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता अपने कर्मियों के लिए एक सहायक और सशक्त वातावरण प्रदान करते हुए विश्वास, गर्व और सौहार्द की संस्कृति को विकसित करने की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। गौरतलब है कि एक समावेशी और टिकाऊ संगठन बनाने की प्रतिबद्धता के लिए कोल इंडिया को पहले ही 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' की मान्यता मिल चुकी है। एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न कंपनी है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में कोल इंडिया भारत की 80 प्रतिशत से अधिक घरेलू कोयला मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुराग वर्मा बने जिला संगठन मंत्री



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने जिला इकाई का विस्तार करते हुए अनुराग वर्मा को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कनौजिया उमेश चंद्र वर्मा जिला महामंत्री रमेश यादव युवा नगर अध्यक्ष मुकेश दुबे शहर उपाध्यक्ष आशीष दत्त तिवारी विनोद कुमार जैन देवेंद्र कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### हरी झंडी दिखाकर रवाना किया वाहन

**मौदहा हमीरपुर।** मिशन परिवार नियोजन अभियान के तहत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे मिशन परिवार नियोजन अभियान के तहत प्रचार वाहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीएचसी का सारा स्टाफ मौजूद रहा।बताते चले कि मिशन परिवार नियोजन अभियान 18 जनवरी से 31 जनवरी तक चलाया जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक ने किया हाईवे और जनपद सीमा का दौरा



**मौदहा हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने जनपद के मौदहा कोतवाली क्षेत्र से लगे महोबा बार्डर के साथ ही नेशनल हाईवे पर संवेदनशील और सार्वजनिक स्थलों का गहनता से निरीक्षण किया साथ ही वाहनों के साथ ही संदिग्ध लोगों की भी जांच कर आमजन को सुरक्षा दिलाया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी विनीता पहल,कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ विशाल भंडारा



**भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम जलाला के चंद्र देव बाबा आश्रम में संपन्न हुई श्रीमद् भागवत कथा के बाद हवन पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारे में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी रही। ग्राम जलाला में ग्रामीणों के सहयोग से चंद्र देव बाबा आश्रम में संपन्न हुई श्रीमद् भागवत कथा के बाद हुए हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में जलाला के अलावा भमौरा, गहतौली, आदि आसपास के गांवों से ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह, खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार, शुभम विश्वकर्मा, संजय शर्मा, अवधेश सिंह, बसपा नेता रामफूल निषाद, कुंज बिहारी सिंह, साहब लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जनपद के बॉर्डर क्षेत्र में लगाए गए सुरक्षा बल



- पुलिस अधीक्षक ने बॉर्डर क्षेत्र का लिया जाएजा
- समस्त बार्डर अंतर्राज्यीय सीमा तथा अंतर्जनपदीय सीमा के थानों की फोर्स तैनात
- थाना क्षेत्र की सीमा पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा/सहायता हेतु तैनात यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित
- एसपी ने मौनी अमावस्या पर्व के दृष्टिगत हिंदुआरी मिर्जापुर-प्रयागराज व वाराणसी) जंक्शन प्वाइंट पर जाना हाल
- स्नान हेतु आने-जाने वाले श्रद्धालुओ की सहायता तथा वाहनों को सुचारु रुप से संचालित किये जाने हेतु ड्यूटी प्वाइंट की चेकिंग की गयी

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा मौनी अमावस्या पर्व के दृष्टिगत थाना रॉबर्ट्सगंज हिंदुआरी (सोनभद्र, मिर्जापुर-प्रयागराज व वाराणसी) जंक्शन प्वाइंट पर ड्यूटी मे तैनात पुलिस बल की चेकिंग की गयी तथा निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी मे तैनात समस्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यातायात व्यवस्था को सूचारू रुप से बनाये रखने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। निर्देश दिया गया कि अन्तर्राज्यीय सीमा पर किसी भी प्रकार की कोई अवैध गतिविधियां न होने पायें। सोनभद्र पुलिस द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ में जाने वाले स्नानार्थियों को मौनी अमावस्या के दिन अधिक भीड़ के दृष्टिगत श्रद्धालुओं को 24 घण्टे बाद जाने हेतु सुझाव/सलाह दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं को भीड़ व ट्रैफिक की समस्या का सामना न करना पड़े तथा वे बिना किसी भीड़ के सुगमता एवं सुरक्षित पूर्वक स्नान कर सकें। सीओ सिटी डॉ चारू द्विवेदी, सीओ सदर संजीव कटियार व थाना प्रभारी सत्येंद्र राय सहित अन्य लोक मौजूद रहे।

## हादसे के बाद कम नहीं हुआ आस्था का ज्वार

**भरुआ सुमेरपुर।** बुधवार को भी प्रयागराज एवं चित्रकूट धाम जाने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ रेलवे स्टेशन पर उमड़ी रही। प्रयागराज में हादसा होने के बाद लोगों में आस्था कम नहीं हुई है। लोग भारी उत्साह के साथ अभी भी संगम स्नान के लिए रवाना हो रहे हैं। वहीं खबर के प्रकाशित होने के बाद बुधवार को सुरक्षा में तैनात जीआरपी जवान पूरी तरह से मुस्तैद नजर आये और किसी भी यात्री को प्लेटफार्म बदलने के दौरान रेलवे ट्रैक को पार नहीं करने दिया। वहीं बुधवार को दुर्ग से चलकर कानपुर जा रही बेतवा एक्सप्रेस 3 घंटे की देरी से आई। इससे यात्री परेशान रहे।

बुधवार को 1 बजे कस्बे के रेलवे स्टेशन में की गई पड़ताल के बाद पता चला कि प्रयागराज में हादसा होने के बाद लोगों के अंदर उठा आस्था का ज्वार तनिक भी ठंडा नहीं हुआ है। बुधवार को भी प्रयागराज एवं चित्रकूट धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ स्टेशन पर मौजूद थी। कानपुर से चलकर चित्रकूट धाम होकर प्रयागराज तक जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस पिछले स्टेशनों से खचाखच भरी आई थी। दोपहर में 1.36 बजे यह जैसे ही स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर आकर रुकी। लोगों में चढ़ने के लिए मारामारी मची रही। प्रयागराज जा रहे सीताराम, जागेश्वर, राम सिंह, राजेंद्र कुमार, घसीटा प्रसाद, विनोद कुमार, रानी, रामवती, कौशल्या, अनुसुइया, उर्मिला आदि से जब कहा कि वहां हादसा हो गया है इसके बाद भी आप जा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि हादसे होते रहते हैं।

## पीडिता खा रही दर-दर की ठोकर विपक्षियों ने दर्ज करा दिया मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर।** मंगलवार को सुबह इंगोहटा गांव में दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर दूसरे पक्ष के पति पत्नी व भाई के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है जबकि दूसरा पक्ष मुकदमा दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहा है।

# नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशन में फाइनेन्स लिटरेसी जागरूकता सेमीनार का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के टैगोर ऑडिटोरियम में फाइनेन्स लिटरेसी जागरूकता पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अजय द्विवेदी शाखा प्रबन्धक आईसीआईसीआई बैंक अजय यादव पब्लिक रिलेशन ऑफीसर आईसीआईसीआई बैंक इटावा, आलोक कुमार सेबी रजिस्टर्ड ट्रेनर, वाइस चेयरमैन इं.अंकित तिवारी, एन.जी.आई.ग्रुप एवं प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स द्वारा दीप प्रज्जवलन कर मॉ सरस्वती को माल्यार्पण किया गया। सेमीनार के मुख्य वक्ता आलोक कुमार द्वारा बी.बी.ए., बी.सी.ए.छात्र-छात्राओं को दीर्घ कालीन वित्त विनयोग के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि धन जीवन में सभी कमा लेते हैं, लेकिन जो जीवन में प्लानिंग से इनवेस्ट करते हैं वही अपने लक्ष्य को पाते हैं और अपने सपनों को सच कर पाते हैं। बैंक शाखा प्रबन्धक अजय द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें सायवर क्राइम डिजिटल अरेस्ट और म्यूल बैंकिंग से सावधान रहने की सलाह एक उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट की। कॉलेज प्राचार्य योगेश कुमार ने बताया कि हम इस प्रकार के सेमीनार छात्र-छात्राओं को नई-नई जानकारियॉ प्रदान कराते हैं और हम भविष्य में भी विभिन्न बिन्दुओं पर सदैव सेमीनारों का आयोजन कराते रहने के लिये प्रतिबद्ध हैं। सेमीनार को सफल वनाने में डॉ. सुमन लता, अनुरूद्ध यादव बी.बी.ए.विभागाध्यक्ष, राहुल पाल बी.सी.ए.विभागध्यक्ष, योगीराज पुरवार डीएलएड विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता योगेश वर्मा श्रुति अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, चन्द्र कुमार एवं शिवम तिवारी अकाउंटेंट का विशेष योगदान रहा।

## जनपद सोनभद्र सीमा छत्तीसगढ़ बार्डर डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज छत्तीसगढ़ प्रान्त से बभनी उत्तर प्रदेश की सीमा बभनी सोनभद्र का स्थलीय निरीक्षण किये। इस दौरान कुंभ मेले में जा रहे यात्रियों के सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जायजा लिये। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों से कुंभ मेले में जाने वाले यात्रियों के सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले में जा रहे वाहनों को परेशानी न उठाना पड़ें। इसके लिए जाम की स्थिति को देखते हुए इन्हें रवाना किया जाये, ताकि जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पायें। महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं को समस्या न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ सीमा से आ रहे वाहनों को आसनडीह में रोक गया गया है। छत्तीसगढ़ के वाड्रफनगर, अम्बिकापुर,विलासपुर, रायपुर, कोरबा , सहित उड़ीसा राज्य से कुम्भ स्नान के श्रद्धालु लगातार आ रहे हैं, इन्हें किसी प्रकार की समस्या न होने पायें, इसको देखते हुए बड़े व भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गयी है,जिससे श्रद्धालुओं को सहुलियत मिल सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय, तैनात पुलिस कर्मी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# अपर जिला जज नें किया जेल का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** गीतांजलि गर्ग अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर, के0पी0 चण्डीला, डिप्टी जेलर, देवेन्द्र कुमार दुबे, लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम से आनंद सक्सेना, चीफ व फिरोज आलम, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउसिंल उपस्थित रहें। इसी क्रम में महिला बैरिक व बच्चा बैरिक का भी निरीक्षण किया गया और उनकी समस्यओं को भी सुन कर जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। जेल में अस्पताल का निरीक्षण कर बंदियों से उनकी दवा व समुचित इलाज उपलब्ध होने की जानकारी ली। सचिव द्वारा जेल में निरूद्ध बंदी नसीमुद्दीन की चित्रकला की सराहना की गई ओर लेबर नेट लाइवलीहुड संस्था द्वारा बंदीयों को दिये जा रहे बेल्डिंग प्रशिक्षण के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये महिला बंदियों ने संगीत की प्रस्तुति दी तथा बच्चों से प्रारम्भिक शिक्षा के संबंध में प्रश्न किये गये। सचिव द्वारा बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास उनकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है, वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र निःशुल्क अधिवक्ता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दे सकता है। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार का निरीक्षण समय-समय पर किया जायेगा।

# अतर्रा रोडवेज बस स्टैण्ड में शिविर का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** अर्तरा मे आज जगत पिता ब्रह्मदेव धर्मार्थ न्यास एवं अपोलो टेलीक्लिनिक एवं अतर्रा पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट ने एक शिविर लगाकर महाकुम्भ व मौनी अमावस्या पर निन्शुल्क आवश्यक दवा, फल, शुद्ध पेय जल एवं मिष्ठान वितरण किया गया जिसमें सैकडों आदमियों ने सहभाग किया।

जहां करोडो सनातनी महाकुम्भ मे स्नान के लिये जा रहे है ऐसे मे सागर से कलकत्ता जाने वाले मार्ग मे प्रयागराज भी पडता है और लाखों श्रद्धालु इस रास्ते से प्रयागराज पहुंच रहै है , ऐसे मे किसी श्रद्धालु को यदि चिकित्सा की आवश्यकता पडेगी तो उसके लिये जगतपिता ब्रह्देव एवं अपोलो टेलीक्लीनिक ने स्थानीय अर्तरा पैरामेडिकल वोकेशनल के साथ मिलकर एक शिविर का आयोजन किया था जिसमे आये हुये महाकुम्भ जाने वाले भक्तों को शिविर का चिकित्सकीय लाभ मिल सका।

भगवान धनवंतरी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्ण माल्यार्ण न्यास प्रभारी डा. स्मिता त्रिपाठी डा. अनुराग द्विवेदी डा. शिवाशीष पाण्डेय डा. पदम चौरिहा डा. मनोज अग्रवाल एवं महिला रोग विशेषज्ञ डा. अनुजा अग्रवाल द्वारा किया गया स्वास्थ्य शिविर में मेला श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया शिविर में नगर के तमाम प्रतिष्ठित वरिष्ठजनो यथा श्री शिवमोहन गुप्त लोक तंत्र सेनानी एवं आत्माराम शुक्ला अर्जुन मिश्रा सहित कई लोगोने भाग ले कर शिविर को सफल बनाया शिविर में लगभग एक सैकड़ा से अधिक राहगीरो श्रृद्धालुओं मारीजो को निन्शुल्क दवा वितरण समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अतर्रा के सहयोग से किया गया।

# सुरक्षा फ्रेमवर्क कोचिंग प्रोग्राम का किया गया समापन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ करने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला सुरक्षा फ्रेमवर्क कोचिंग प्रोग्राम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 28 जनवरी 2025 को समाप्त हुआ और इसमें 450 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कोचिंग प्रोग्राम का उद्देश्य कर्मचारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल, नियमों और अनुपालन के बारे में जागरूक करना था।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रसिद्ध सुरक्षा विशेषज्ञ श्री वेंकट रवि राम ने किया। उन्होंने पेशेवर साहस, सुरक्षा नियमों का पालन, ठेका नवीनीकरण और अनुबंध शर्तों में रणनीतिक सुधार पर जोर दिया। वेंकट रवि राम ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कार्यस्थल पर सुरक्षित और कुशल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने बताया कि इस पहल से कर्मचारियों के बीच सुरक्षा को लेकर जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव विकसित होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कार्यस्थल पर एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति स्थापित करने में मदद करेगा, जिससे कर्मचारी और ठेका श्रमिक दोनों मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाने में योगदान देंगे। कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की और माना कि इससे सुरक्षा नियमों के पालन में सुधार होगा और कार्यस्थल पर दक्षता बढ़ेगी। इस कोचिंग प्रोग्राम के परिणामस्वरूप एनटीपीसी विंध्याचल में एक मजबूत और सुरक्षित कार्य वातावरण का निर्माण होगा।

# बीमार जिला चिकित्सालय को जरूरत है एक कुशल सीएमएस की

- मरीजों को मिलने वाली सरकारी योजनायें पूरी तरह से फेल

अवधनामा संवाददाता




**बाँदा।** पिछले कई वर्षो से जिला चिकित्सालय मे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर कोई भी कडक चिकित्सा अधीक्षक के ना होने का ही परिणाम है कि यहां कुछ भी व्यवस्थित नही है , जो डाक्टर यहां पर कार्यरत रहे और वो स्वयं ही पूर्व मे प्राइवेट प्रैक्टिस करते रहे है उन्ही को यहां का सीएमएस बना दिया जाता है जिससे ना तो वो डाक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगा पाते और नाही अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस बंद कर जिला चिकित्सालय पर ध्यान देते हैं , बस सबकुछ भगवान भरोसे से चल रहा है।

अब जब जिला चिकित्सालय पुरूष ही बीमार होगा तो फिर मरीजो का इलाज कैसे हो सकता है ?

जिला चिकित्सालय मे मिलने वाली सुविधाओं मे फ्री अल्ट्रासाउंड , फ्री सीटी स्कैन सहित एक्सरे और खून की जांचे भी निःशुल्क हैं परंतु कितने मरीज लाभान्वित हो रहै है यह भी बडा प्रश्न है क्योकि सीटी स्कैन मशीन महिनों से नही कार्य कर रही है और अल्ट्रासाउंड मे इतनी लम्बी लाइन लगती है कि एक दिन मे मरीज का नं. आना नामुमकिन है यही हाल एक्सरे और खून जांच का भी है जहां मरीज तडपता रहता है और उसका नं, ही नही आ पाता है और लाचारी मे उसे प्राइवेट जांच केंद्रों मे जाकर अपनी जांच करवानी पडती है।

इन लम्बी लम्बी लाइनों का एकमात्र कारण है कि जांच करने वाले कर्मचारी समय पर नही आते है और बीच बीच मे उठकर टहलने निकल जाते है जिससे मरीजों की लम्बी लम्बी कतारे लग जाती है वहीं अगर जिला चिकित्सालय मे जांच कार्य करने वाले कर्मचारियों के मोबाइलों की जांच की जाये तो इनके प्राइवेट जांच केंद्रों से घनिष्ठता साबित हो जायेगी उसी के परिणाम स्वरूप और कमीशन बाजी के चक्कर मे जिला चिकित्सालय मे मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रखा जाता है जिससे मजबूरन उनको प्राइवैट मे जाकर अपनी जांचे करवानी पडती है।



सभी जनपदवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बागीश मिश्र
उप निबंधक अधिकारी
तहसील सहजनवा - गोरखपुर




सभी जनपदवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक सिंह
प्रधान प्रतिनिधि - ग्राम सभा, बड़गो
ब्लॉक - पाली, सहजनवा, गोरखपुर




सभी जनपदवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक सिंह
ग्राम पंचायत - चड़राव
ब्लॉक - पाली, सहजनवा, गोरखपुर




सभी जनपदवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक कुमार श्रीवास्तव
एडवोकेट संयुक्त मंत्री
प्रशासन तहसील सहजनवा
गोरखपुर




सभी जनपदवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मान सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम - लखनापार ब्लॉक - पाली, सहजनवा, गोरखपुर




MOB- 9415889891
बी. आर. सिंह
मत्स्य विकास हैचरी
ग्राम :- (देईपार) पिपरौली
हर प्रकार की मछली के बच्चे के लिए सम्पर्क करें
आप सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ




नगर पंचायत सहजनवां की समस्त जनता को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संजू सिंह
अध्यक्ष
देव नरायन उर्फ
जी.एम.सिंह




76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आर.के. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
प्रकाश नगर एवं पी.पी.एस.ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
भटौरा, सठियांव, आजमगढ़
आर.के. ग्रुप के उत्कृष्ट संस्थान
• आर.के. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल (बी.ए.एम.एस.) 60सीट एन.सी.आइ., एस.एम. आयुष मंत्रालय नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
• आर.के. फार्मेसी कालेज (डी.फार्मा, बी.फार्मा, एम फार्मा, (फार्माक्लोजी ) पी.सी.आई. नई दिल्ली एंव AKTU लखनऊ से मान्यता प्राप्त (तीन विषय 1. प्रस्ताविक फार्मास्युटिकल कमेस्टी । 2. फार्माकोग्नोसी । 3. फार्मसुटिक्स
• आर.के. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल (जी.एन.एम., ए.एन.एम.) आई.एन.सी.नई दिल्ली स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ से मान्यता प्राप्त
• आर.के. आयुर्वेदिक नर्सिंग एवं फार्मेसी इंस्टीट्यूट आयुर्वेदिक एवं युनानी, तिब्बी चिकित्सा पद्धिति बोर्ड आयुर्वेद भवन 32 सरोजनी नायडू मार्ग लखनऊ
• आर.के. होम्योपैथी फार्मेसी कालेज बोर्ड ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन, नवीउल्लाह मार्ग, लखनऊ
• आर.के. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) एन.सी.वी.टी. मंत्रालय नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
• आर.के. पी.जी. कालेज
• आर.एम.पी.जी.कालेज
• पी.पी.एस. फार्मेसी कालेज (डी.फार्मा, 60सीट, बी.फार्मा 60 सीट प्रस्तावित)
• समता बालिका इण्टर कालेज
• आर.के. ग्लोबल स्कूल सी.बी.एस.ई. पैटर्न, कक्षा 9 के प्रवेश 25 मार्च से शुरू
प्रबंधक
डा. प्रेमप्रकाश यादव
Mob.: 6391000751,9794356262




सिंह Y-Max हास्पिटल
हाटा ब्लाक और हिरो एजेन्सी के बीच मे N.H. 28 हाटा - कुशीनगर
Director
Dr. Bipin Kumar Singh
B.Sc.,B.H.M.S., M.D. (Medicine)
S.F.A.T. (New Delhi)
1. 24 घण्टे इमरजेन्सी सेवा उपलब्ध।
2. 24 घण्टे नार्मल डिलेवरी एवं आपरेशन की सुविधा।
3. दुरविन विधि से गुर्दे ( किडनी ) की पथरी (PCNL ) मूत्र नली की पथरी (URS),पेशाब की थैली की पथरी Tumer का आपरेशन।
4. प्रोस्टेट ( BOH) का ( TURP ) पेशाब की नली रूकावत (Stricture Urethra) पित्त की थैली की पथरी का दुरबीन विधि (Lapchole) से आपरेशन।
5. बच्चेदानी,स्तन गॉठ एवं शरीर के अन्य गॉठ (गिलट),ओवरी का ट्युमर,पेट का ट्युमर अपेन्डिक्स,आतों का फैलना,फसना एवं फटपने, हाइड्रोशिल, हर्निया, इनसिजनल हार्निया, भगन्दर,बवासीरका ऑपरेशन की सुविधा।
6. N.I.C.U की सुविधा
24 घण्टे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध।
Mob.9628516066,9455239033




76 वें
यौमे जमहुरियत पर मुबारकबाद
अलजामेतुल अशरफिया
मुबारकपुर-आजमगढ़
हाजी सरफराज अहमद
नाजिमेआला / प्रबन्धक





26 january
india
Republic Day
समस्त क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
युधिष्ठिर सिंह
जिलाध्यक्ष गोरखपुर-भाजपा
शशी प्रताप सिंह
ब्लाक प्रमुख पाली-गोरखपुर





नगर पंचायत घघसरा बाजार की समस्त जनता को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभाकर दूबे
अध्यक्ष नगर पंचायत घघसरा बाजार गोरखपुर




सभी देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
आशीष सिंह आशु
भाजपा विधायक
बिलग्राम, मल्लावां

सभी देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
अफसर अली
प्रदेश सचिव
समाजवादी पार्टी

कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद-सोनभद्र
स्वच्छ सर्वेक्षण
2024
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
आज़ादी का अमृत महोत्सव
आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र की तरफ से समस्त नगरवासियों को 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र नगरवासियों से निम्न अपेक्षायें करता है –
1. यह नगर आपका है, इसे साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
2. प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न ही किसी को करने दें। दैनिक प्रयोग से पॉलिथीन को दूर हटायें।
3. सफाई मित्र कर्मियों द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त अपने मकान/दुकान/ प्रतिष्ठान से निकला कूड़ा बाहर न फेकें।
4. घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन में ही दें।
5. खुले में पेशाब व शौच कदापि न करें।
6. सार्वजनिक भूमि. सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
7. अपने पालतू जानवरों (गाय व अन्य) को सड़क पर खुला न छोड़े।
8. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचाये।
9. नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करें।
10. जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर निःशुल्क करायें।
11. नगरवासी अपना गृहकर/जलमूल्य बकाया का भुगतान करके नगर के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।
12. स्वच्छ सर्वेक्षण में अपना सक्रिय योगदान स्वच्छता एप का प्रयोग करके इस निकाय को प्रथम स्थान दिलाने में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें।
13. दिनांक 25 जनवरी, 2025 राष्ट्रीय मतदाता दिवस 'लोकतन्त्र का पर्व महान-पहले चलो करें मतदान' वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे, खुद जागरूक बने और दूसरों को भी जागरूक करे।
14. प्रयागराज में दिनांक 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी 2025 तक चलने वाले दिव्य महाकुम्भ में अपनी सहभागिता कर पुण्य के भागी बने।
15. सीवर सेप्टिंग टैंक की सफाई हेतु हेल्प लाइन नम्बर-14420 (टोल फ्री) पर कॉल करे।
16. नगर पालिका परिषद सोनभद्र से सम्बन्धित शिकायतों हेतु हेल्प लाइन नम्बर-1533 (टोल फ्री) पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करायें।
यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र
समस्त सभासदगण, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र
रूबी प्रसाद
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सोनभद्र